# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 13 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-26 | पृष्ठ -13 | मूल्य : 01 | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## हर जिले में भू-माफिया की लिस्ट होगी तैयार : विजय



**पटना (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग के 100 दिनों के कार्यकाल को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने अवैध खनन, भूमाफिया और बालू माफिया के खिलाफ सरकार की सख्त कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि नई सरकार नई पहल के साथ काम कर रही है। खनन विभाग को पारदर्शी और सख्त व्यवस्था की ओर ले जाया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य के हर जिले में भूमाफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कई माफिया अवैध कमाई को जमीन में निवेश करते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके पास भूमि राजस्व विभाग की भी जिम्मेदारी है, इसलिए भूमाफिया और जमीन माफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## समृद्धि यात्राः सीएम ने पूर्णिया-कटिहार जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की

# राज्य के प्रति व्यक्ति औसत आय दोगुना किया जायेगा : मुख्यमंत्री

**पूर्णिया/कटिहार/पटना (एनएसबी):** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गुरुवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्णिया और कटिहार जिला पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया और कटिहार जिले में विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। वहीं, जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 वर्षों के लिए सात निश्चय-3 का गठन किया गया है जिसमें दोगुना रोजगार दोगुनी आय के तहत राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना किया जायेगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर महिला को 10 हजार रुपये दिये गये हैं। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें 2 लाख रुपये तक की सहायता दी जायेगी। अगले 5 वर्षों में युवाओं को 1 करोड़ नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराये जाएंगे। इसके लिए नये युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन किया गया है। समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार के तहत अगले 5 वर्षों में उद्योग लगाने पर पूरा जोर दिया जायेगा।



**ये लोग रहे मौजूद :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, ग्रामीण विकास, परिवहन एवं पूर्णिया जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, विधायक कलाधर प्रसाद मंडल, विधायक विजय कुमार खेमका, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) सुनील कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. निलेश रामचंद्र देवरे, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. कुमार आशीष, जिलाधिकारी अंशुल कुमार, पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पूर्णिया और कटिहार जिले को दी 895 करोड़ की सौगात

विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी, 13082 जीविका स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय समावेशन के तहत 261 करोड़ 65 लाख 97 हजार रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिला अंतर्गत 485 करोड़ रुपये की लागत से 92 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 164 करोड़ रुपये की लागत से 84 योजनाओं का उद्घाटन तथा 321 करोड़ रुपये की लागत से 8 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कटिहार जिले में भी विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 7058.49 लाख रुपये की लागत से कृषि उत्पादन प्रांगण, कटिहार (फेज-2) के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही यहां आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के से शिलापट्ट अनावरण कर कटिहार जिले के लिए 229 करोड़ रुपये की लागत से 257 योजनाओं का उद्घाटन एवं 181 करोड़ रुपये की लागत से 186 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभकिया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 2 अफसरों की हत्या

**बदायूं।** यूपी के बदायूं में ठेकेदार ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डीजीएम यानी उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता (55 साल) और असिस्टेंट मैनेजर सेल्स हर्षित मिश्रा (35 साल) की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू प्लांट में पराली वेंडर था। तीन महीने पहले उसकी फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। इससे वह खुन्नस मान रहा था। उसने जान से मारने की धमकी दी थी। खौफ में डीजीएम ने वीआरएस ले लिया था, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की हर्षित मिश्रा ने 4 फरवरी को अजय के खिलाफ मूसाझाग थाने में केस दर्ज कराया था। सिक्योरिटी मांगी थी।

### मणिपुर में लापता दो लोगों की मिलीं लाशें

**इंफाल।** मणिपुर के कामजोंग जिले में लापता हुए कुकी समुदाय के दो लोगों के शव गुरुवार को बरामद किए गए, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया। मृतकों की पहचान उखरुल जिले के शांगकाई गांव निवासी 35 वर्षीय थांगबोइमांग खोंगसाई और कामजोंग जिले के पास स्थित धवई कुकी गांव के 40 वर्षीय थेंगिन बाइट के रूप में हुई है।

# एसवीयू का स्वास्थ्य विभाग के अफसर पंकज कुमार के तीन ठिकानों पर छापा

## घर से 32 लाख कैश और 1.31 करोड़ के जेवरात जब्त बरामद

**पटना (एनएसबी)।** विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की टीम ने गुरूवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पंकज कुमार के 3 ठिकानों पर छापामारी की। टीम जैसे ही पंकज कुमार के घर में दाखिल हुई वो खिड़की से नोटों के बंडल फेंकने लगे। टीम ने कचरे के ढेर से 5 लाख रुपए जब्त किए हैं। समाचार लिखे जाने तक 32 लाख कैश और 1.32 के जेवरात जब्त किए गए हैं। बता दें पंकज कुमार मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिले के कांटी इलाके के रहने वाले हैं। वो बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमएस आईसीएल) के डीजीएम (प्रोजेक्ट) हैं।

**अवैध संपत्ति बनाने का आरोप :** एसवीयू ने पंकज कुमार के खिलाफ कांड संख्या-10/2026 दर्ज किया है। इस मामले में विशेष न्यायाधीश, निगरानी, पटना द्वारा तलाशी वारंट जारी किया गया था। इसी के आधार पर गुरुवार को छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, पंकज कुमार ने अपनी लगभग 11 सालों की सर्विस के दौरान अलग-अलग पदों पर रहते हुए अवैध रूप से भारी संपत्ति अर्जित की। निगरानी इकाई का आरोप है कि एक लोक सेवक होने के बावजूद उन्होंने भ्रष्टाचार से लगभग 96 लाख 46 हजार 666 रुपए की ऐसी संपत्ति बनाई, जो उनके ज्ञात और वैध आय के स्रोतों से कहीं अधिक है।



### कैश, गहने व जमीन संबंधित दस्तावेज बरामद

एसवीयू टीम ने अहले सुबह लगभग 8 बजे कदमकुंआ इलाके स्थित कनिका मैहर अपार्टमेंट में छापेमारी की। उस वक्त डीजीएम पंकज कुमार अपने पूरे परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। इस दौरान लगभग 96 लाख से अधिक अवैध संपत्ति, जिसमें कैश, गहने, जमीन से संबंधित दस्तावेज व अन्य सामान बरामद किया गया है। फिलहाल, जांच जारी है।

**सहायक अभियंता के पद पर मिली थी नियुक्ति :** पंकज कुमार को सहायक अभियंता के रूप में नियुक्ति मिली थी। लगभग 11 वर्षों तक वह विभिन्न पदों पर रहकर कार्य किया है। विश्वसनीय जानकारी के अनुसार, पटना तथा अन्य स्थानों पर पंकज कुमार और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर कई भूमि-फ्लैट तथा अन्य संपत्तियां हैं।

### बीएमएसआईसीएल कार्यालय में छानबीन

एसवीयू की 5 सदस्यीय टीम बीएमएसआईसीएल कार्यालय पहुंच जांच की है। टीम को डीएसपी राजकुमार लीड कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में छापेमारी के दौरान कागजातों को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा पटना के पीएमसीएच के बीएमएसआईसीएल कार्यालय में भी विशेष निगरानी की एक टीम छानबीन कर रही है।



## LPG को लेकर कुछ लोग डर फैला रहे : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छढक्ष् को लेकर कुछ लोग जानबूझकर डर फैला रहे हैं और इससे फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं, लेकिन संकट के समय इस तरह का माहौल देश के लिए नुकसानदायक होता है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि LPG की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। प्रधानमंत्री गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित ठळ समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण हैं और युद्ध की वजह से दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि जब पूरा देश एकजुट होकर काम करता है तो बड़ी से बड़ी मुश्किल भी आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने एक और चुनौती है और इसे भी हमें मिलकर ही पार करना होगा।

> "सरकार हर प्रयास कर रही ताकि वैश्विक संकट का असर आम नागरिकों पर कम से कम पड़े और देश की ऊजा जरूरतें पूरी होती रहे
>
> -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**वो इससे फायदा उठाना चाहते हैं, कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी**

# नए राज्यपाल सैयद अता पहुंचे पटना, 14 को संभालेंगे पदभार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के नए राज्यपाल और भारतीय सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी सैयद अता हसनैन गुरुवार को पटना पहुंचे। वे राज्यपाल पद की शपथ 14 मार्च को लोक भवन में आयोजित समारोह में लेंगे। समारोह में पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और रणनीतिक नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। सेना में लंबे अनुभव के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। सुरक्षा से जुड़े मामलों में उनकी विशेषज्ञता मानी जाती है। बिहार के राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति को प्रशासनिक और रणनीतिक नजरिए से अहम है। बताते चलें सैयद अता हसनैन करीब 40 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। अपने सैन्य करियर के दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वर्ष 2012 से 2014 के बीच वे श्रीनगर स्थित सेना की 15 कोर (चिनार कोर) के कमांडर रहे, जहां उन्होंने आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। अपने कार्यकाल में उन्होंने हार्ट्स एंड माइंड्स यानी स्थानीय लोगों का भरोसा जीतने की नीति पर भी विशेष जोर दिया।



### नंद किशोर यादव 13 मार्च को नागालैंड के राज्यपाल पद की लेंगे शपथ

**कोहिमा (एजेंसी)।** वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव शुक्रवार सुबह नागालैंड के 23वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। यह शपथ ग्रहण समारोह कोहिमा स्थित लोक भवन में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल पद के लिए नामित यादव गुरुवार को कोहिमा पहुंचे। उनके पहुंचने पर नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो, उनके कैबिनेट सहयोगियों, मुख्य सचिव सेंटियेंगर इमचेन और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### नेपाल में नई सरकार के लिए विशेषज्ञ मंत्रियों की टीम बनाने में जुटे बालेन्द्र

**काठमांडू (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने नई सरकार गठन को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पद के दावेदार बालेन्द्र शाह अपनी टीम में मंत्री बनाने को लेकर लगातार विचार विमर्श कर रहे हैं। आरएसपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में ही संघीय मंत्रालयों की संख्या कम करने और 'विशेषज्ञ मंत्रियों' की नियुक्ति करने का वादा किया था। अब संसदीय चुनाव में लगभग दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद सवाल उठने लगा है कि पार्टी अपने घोषणापत्र में किए गए इस वादे को कैसे लागू करेगी। हालांकि, घोषणापत्र में यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा गया है कि मंत्रियों की नियुक्ति संघीय संसद के बाहर से की जाएगी, लेकिन इस समय बालेन्द्र शाह की कोर टीम बैठ कर विशेषज्ञों की सूची तैयार कर रही है।



## लोकसभा स्पीकर ने संभाला आसन

# मैंने सदन की गरिमा और मयार्दा बढ़ाने का किया प्रयास : बिरला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खारिज होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को अपना आसन संभाला। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि सदन की गरिमा, मयार्दा और प्रतिष्ठा में वृद्धि होती रही। लोकसभा स्पीकर ने कहा, "मैंने हमेशा प्रयास किया कि सदन के अंदर हर सदस्य नियमों और प्रक्रिया के तहत विषय व मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करे। सभी सदस्यों को पर्याप्त अवसर देने का प्रयास किया गया।

ये सदन समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बने, ऐसा मैंने प्रयास किया। मैंने हमेशा प्रयास किया कि सदस्यों को सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करूं, जो संकोच करते हैं या बिल्कुल नहीं बोलते हैं। मैंने अपने दोनों कार्यकाल में समय-समय पर, जिस पर सदस्य ने विचार नहीं किया, मैंने चैंबर में बुलाकर आग्रह किया कि वे सदन में अपनी बात रखें। क्योंकि सदन में बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है और सरकार की जवाबदेही भी तय होती है।" उन्होंने कहा, "यह सदन विचारों व चर्चा का जीवंत मंच रहा है। हमारे संसदीय लोकतंत्र में सहमति और असहमति की महान परंपरा हमेशा से रही है। जब संविधान निमार्ताओं ने स्वतंत्र भारत के लिए संविधान का निर्माण किया, तब गहन विमर्श और अनुभव के आधार पर संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था को अपनाया। आज दुनिया के अंदर संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था ही शासन चलाने की सर्वश्रेष्ठ पद्धति है। इस व्यवस्था में संसद सिर्फ कानून बनाने का मंच न होकर, राष्ट्र की लोकतांत्रिक चेतना का केंद्र बिंदु भी है।" स्पीकर ओम बिरला ने आगे कहा कि संविधान के आर्टिकल 93 में अध्यक्ष के निर्वाचन का प्रावधान है। मुझे इस सदन ने दूसरी बार अध्यक्ष पद का दायित्व और अवसर दिया। मैंने हमेशा प्रयास किया कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के साथ संचालित हो। सभी को साथ लेकर सामंजस्य व्यवस्था और कार्यकुशलता बनाए रखने के लिए मैंने दायित्व को निभाया।



## खबरें : एक नजर में

### प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर कसा तंज



प्रशांत किशोर की मीडिया ब्रीफिंग।

**गया जी (एनएसबी)।** पीके ने नीतीश कुमार पर कसा तंज, बोले-नीतीश कुमार के राज में भ्रष्टाचार करके बिहार के नेता-अफसर हुए समृद्ध, विदेशों में खरीद रहे प्रापर्टी। प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा पर साधा निशाना, बोले - बिहार सबसे ज्यादा बेरोजगारी-पलायन में है समृद्ध, 60 प्रतिशत लोग दिन का 100 रुपया भी नहीं कमा पाते हैं।

### राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण-2026' के संचालन के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**पटना (एनएसबी)।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय (भारत सरकार) के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्रीय संकार्य प्रभाग), पटना द्वारा 'राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण-2026' के सफल संचालन हेतु दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 11 और 12 मार्च 2026 को पटना के बेली रोड स्थित एवी़आऱ होटल में संपन्न हुआ। विदित हो कि इस राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण की अवधि अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक निर्धारित है। शिविर का उद्घाटन करते हुए उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, श्री रोशन लाल साहू ने सर्वेक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि



सटीक और समयबद्ध आँकड़े नीति निर्माण की धुरी होते हैं। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों में आय के वितरण को समझना, घरेलू आय का सटीक अनुमान लगाना और आय की असमानता का मापन करना है। उन्होंने आगे कहा कि ये आँकड़े सरकार को कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी मूल्यांकन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की पहचान करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निदेशक श्री परिमल ने प्रतिभागियों को सर्वेक्षण के तकनीकी पहलुओं और डेटा की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती प्रियंका कुमारी के स्वागत भाषण से हुई। तकनीकी सत्रों का संचालन वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री जीतेंद्र राय, श्री रौशन कुमार और श्री सुबोध कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रगणकों को सर्वेक्षण की बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर भागलपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी श्री रश्मि रंजन (व़सां़अ़) और गया कार्यालय से श्री गौरव कुमार (सहायक निदेशक) सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में श्री सुधीर कुमार झा, श्री देवेंद्र कुमार, श्री कमलेश प्रधान, श्री एक़े़ पाठक, श्री सुशील कुमार सिंह और कार्यालय के अन्य कर्मियों के साथ चयनित सर्वेक्षण प्रगणकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री सोमेंद्र कुमार , श्री अमित कुमार एवं श्री रवि कुमार ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सहायक निदेशक श्री राजीव कुमार झा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

### सोनपुर मंडल में अलार्म चेन पुलिंग के विरुद्ध सशक्त कार्रवाई' 'निरन्तर जारी है'

**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से अलार्म चेन पुलिंग की अनधित घटनाओं के विरुद्ध सघन एवं सशक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 01-03-2026 से 11-03-2026 के बीच मंडल के विभिन्न रेलखंडों एवं स्टेशनों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुल 47 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 45 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दोषियों से 8600- की राशि जुमनि के रूप में रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेन परिचालन की निरंतरता तथा अनावश्यक विलंब को रोकने के उद्देश्य से की गई है। अनधित चेन पुलिंग से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित जांच, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग एवं परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा।

### अब बुनियादी केंद्रों पर मिलेगी कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधा, सचिव ने किया शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में संचालित समेकित सेवा प्रदाता केंद्र-सह-बुनियाद केंद्र पर गुरुवार को कमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विभागीय सचिव बन्दना प्रेयसी ने कहा इन बुनियादी केंद्रों पर कि कमन सर्विस सेंटर की स्थापना से लाभार्थियों को कई सुविधा मिलेगी। मुख्य रूप से पेंशन, जीवन प्रमाणीकरण, ट्राई साइकिल आवेदन, दिव्यांगजन उद्यमी योजना, यूडीआईडी कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में अनलाइन आवेदन आदि के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। श्रीमती बंदना ने कहा कि राज्य के सभी अनुमंडलों में वृद्धजन और विधवाओं की सामाजिक सुरक्षा, देखभाल के लिए बुनियादी केंद्र का संचालन किया जा रहा है।



बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल जनाब सैयद अता हसनैन का पटना एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार और बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह व अन्य।

### पटना में मेगा एक्सपोर्ट कन्क्लेव, एफटीए पर चर्चा और बिहार के शीर्ष निर्यातकों को किया गया सम्मानित

## बिहार ने वैश्विक बाजारों की ओर बढ़ाया कदम

**पटना (एनएसबी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा उद्योग विभाग, बिहार सरकार तथा फेडरेशन अफ इंडियन एक्सपोर्ट अर्गनाइजेशन्स के सहयोग से मुक्त व्यापार समझौतों एवं निर्यात संवर्धन मिशन पर केंद्रित मेगा निर्यात संवर्धन कार्यक्रम एवं निर्यातक सम्मेलन का आयोजन 12 मार्च 2026 को ताज सिटी सेंटर, पटना में किया गया।



उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल अपनी बात रखते।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर नए निर्यातकों को प्रोत्साहित करने हेतु इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कोड जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री बिपिन मेनन, अपर महानिदेशक, विदेश व्यापार, श्री कुंदन कुमार, सचिव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार, श्री संपत कुमार, अपर महानिदेशक, विदेश व्यापार, तथा श्री अंशुल गुप्ता, अपर आयुक्त , निदेशक श्री अमन समीर, उद्योग निदेशक श्री मुकुल कुमार गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं निर्यातक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान बिहार के 28 स्टेटस होल्डर निर्यातकों को राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने सम्मानित निर्यातकों को बधाई देते हुए राज्य के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने डीजीएफटी से बिहार में कार्यालय स्थापित करने का आग्रह किया तथा राज्य के लिए निर्यातक हितैषी और प्रभावी निर्यात संवर्धन नीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री कुंदन कुमार, सचिव, उद्योग विभाग ने बिहार में निर्यात की संभावनाओं तथा राज्य सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रस्तुति दी। उन्होंने राज्य के प्रत्येक जिले में एक्सपोर्ट हब विकसित करने की परिकल्पना साझा की, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिले और राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में निर्यात का योगदान बढ़ सके। उन्होंने बिहार के निर्यातकों से बिहार एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के गठन का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम में निर्यातकों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। यह कार्यक्रम निर्यातकों को सरकार की योजनाओं, वैश्विक व्यापार अवसरों तथा निर्यात संवर्धन उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ नीति-निर्माताओं से संवाद का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

## बालू घाटों को बीच में छोड़ने वालों को दोबारा टेंडर में नहीं किया जाएगा शामिल : उप मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में बालू घाटों का ठेका लेने के बाद इसे बीच में छोड़कर भागने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस वर्ष बालू घाटों की बोली पिछले वर्ष के मुकाबले तीन से चार गुणा अधिक लगाकर घाटों को ले लिया गया, लेकिन इन्हें बीच में यह कहते हुए सरेंडर कर दिया कि मुनाफा नहीं हो रहा है। कुछ स्थानों पर बालू माफियाओं ने मिली भगत करके ऐसा किया है। अब बालू घाटों को सरेंडर करने वाली कंपनी या इसके निदेशकों या मालिकों को अब किसी भी नई टेंडर प्रक्रिया में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह जानकारी खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री सह उप-मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को दी है। वह विकास भवन सचिवालय में मौजूद उद्योग विभाग के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी करीब 78 कंपनियों को ब्लैक लिस्टेड करने की कवायद शुरू हो गई है।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने 71 बिहारी योद्धा को पुरस्कार वितरित किया। ये वैसे योद्धा हैं, जिन्होंने अवैध खनन और ओवरलोडिंग खनिज वाहनों के बारे में विभाग को जानकारी देकर पकड़वाया है। सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए इनके नाम और पते गुप्ता रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे करीब 78 घाट हैं, जिनकी बोली अधिक राशि में लगाकर पहले इसे ले लिया गया, फिर बीच में छोड़ दिया गया है। लेते समय इन लोगों को लगा था कि अवैध खनन करके

**खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में दी पूरे मामले की जानकारी**

**चालू वित्तीय वर्ष में 3800 करोड़ रुपये के राजस्व संग्रह का लक्ष्य प्राप्त होना तय**

**8 जिलों के जिला खनन पदाधिकारियों से किया गया शोकज, 71 बिहारी योद्धा हुए सम्मानित**

बालू घाटों से मुनाफा कमा लेंगे, लेकिन विभाग की सख्ती के कारण इनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए। जिन घाटों को सरेंडर किया गया है, उन्हें जिलों में डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला टास्क फोर्स को समुचित समीक्षा कर फिर से टेंडर करने के लिए कहा गया है। सरकार जल्द ही बंद पड़े घाटों का रेट रिवाइज करके इनकी निविदा फिर से निकालेगी।

मंत्री ने कहा कि बाहर के राज्यों से आने वाले खनिज लदे वाहनों के लिए ट्रांजिट चालान लेना अनिवार्य होगा। ट्रांजिट चालान की प्रक्रिया को कैबिनेट की भी अनुमति मिल चुकी है। इससे सीमावर्ती जिलों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। बाहर से प्रवेश करने वाले वाहनों को टीपी (ट्रांजिट पास) लेना अनिवार्य होगा। इन वाहनों को 85 रुपये प्रति घन फीट की दर से टीपी चार्ज देना होगा। सीसीटीवी के जरिए सीमावर्ती जिलों के प्रवेश मार्ग की सशक्त मनीटरिंग की जाएगी।

खान एवं भूतत्व मंत्री ने कहा कि तमाम मुश्किलों के बाद भी राजस्व संग्रह में लगातार बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1600 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी तरह 2024-25 में 3500 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3800 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 3 हजार करोड़ रुपये अब तक प्राप्त हो चुके हैं। मार्च अंत तक विभाग से 200-300 करोड़ रुपये और कार्य विभागों से 500-600 करोड़ रुपये प्राप्त होने की संभावना है। इस तरह लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार वृहद खनिज पदार्थो के खनन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसमें तीन खनिज ब्लक की नीलामी हो चुकी है। गया में दो निकेल और क्रोमियम खनिज ब्लक का टेंडर हो चुका है। रोहतास में ग्लूकोनाईट के एक ब्लक का कंपोजिट लाइसेंस जारी किया गया है। अन्य स्थानों पर भी मौजूद वृहद खनिजों के खनन को लेकर लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है।

### बढ़ती महंगाई से आम जनता बेहाल, केंद्र सरकार पूरी तरह विफल : सरबत जहां फातिमा

**पटना (एनएसबी) ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरबत जहां फातिमा ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज आम जनता की सबसे बड़ी समस्या महंगाई है, लेकिन सरकार इस पर गंभीर और प्रभावी कदम उठाने में पूरी तरह विफल रही है। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता असित नाथ तिवारी मौजूद थे।

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश का आम नागरिक किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और गृहिणियाँ महंगाई की मार से सबसे अधिक प्रभावित हैं। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि ने करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है।

सरबत जहां फातिमा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, खाद्य तेल, दाल, सब्जियों और अन्य रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं की महंगाई ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियाँ महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह असफल साबित हुई हैं।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर अत्यधिक कर वसूली तथा आवश्यक वस्तुओं के दामों को नियंत्रित करने में सरकार की निष्क्रियता के कारण जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। जब देश की जनता महंगाई से परेशान है, तब सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

प्रदेश महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार के सामने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं- पेट्रोल और डीजल पर लगाए गए अत्यधिक करों में तत्काल कटौती की जाए। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी कर आम परिवारों को राहत दी जाए। खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और प्रभावी नीति लागू की जाए। महंगाई से प्रभावित गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए।

### पटना में 'माटी के लाल सुपरस्टार' सिंगिंग रियलिटी शो का अडिशन 14 मार्च को, उभरते गायकों को मिलेगा बड़ा मंच

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से सिंगिंग रियलिटी शो 'माटी के लाल सुपरस्टार' सिंगिंग रियलिटी शो का भव्य अडिशन 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस शो का लक्ष्य क्षेत्र की बेहतरीन गायकी प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना है। आयोजकों के अनुसार, अगर किसी के पास मधुर आवाज और संगीत के प्रति जुनून है, तो यह मंच उनके सपनों को साकार करने का सुनहरा अवसर साबित हो सकता है।

ऑडिशन का आयोजन पटना के सगुना मोड़ में किया जाएगा, जो दानापुर और आसपास के क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी कवर करेगा। आयोजकों का कहना है कि इस कार्यक्रम में युवा और उभरते कलाकारों को अपनी गायकी का हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। चयनित प्रतिभागियों को आगे के चरणों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां से अगले माटी के लाल सुपरस्टार की तलाश पूरी की जाएगी।

इस शो के ऑडिशन में दो प्रतिष्ठित कलाकार निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। इनमें प्रसिद्ध भोजपुरी गायक मोहन राठौर और प्रतिभाशाली गायिका अनुपमा शामिल हैं। दोनों जज प्रतिभागियों की आवाज, प्रस्तुति और संगीत की समझ को परखेंगे और उसी आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन करेंगे। आयोजकों का मानना है कि यह मंच नए कलाकारों को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

आयोजकों ने बताया कि जिन युवाओं को लगता है कि उनकी आवाज में जादू है और वे अपने गीतों से लोगों के दिलों को छू सकते हैं, उन्हें इस अडिशन में जरूर भाग लेना चाहिए। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए ईमेल कर सकते हैं या मोबाइल नंबर 9022026051 और 7677112345 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम से जुड़े लोगों का कहना है कि माटी के लाल सुपरस्टार केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बिहार की मिट्टी से निकलने वाली प्रतिभाओं को पहचान दिलाने की एक पहल है, जो आने वाले समय में कई नए सितारों को जन्म दे सकती है।

## 13 से 15 मार्च तक समालखा में होगी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक

### शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम, सामाजिक चुनौतियों और संगठन विस्तार पर होगा प्रतिनिधि सभा में मंथन

**समालखा (हरियाणा) (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी बैठक - अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 13 से 15 मार्च तक समालखा स्थित माधव सृष्टि परिसर में आयोजित होगी। तीन दिन चलने वाली बैठक में देशभर से संघ और संघ प्रेरित संगठनों के कुल 1487 प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने माधव सृष्टि परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को दी। पत्रकार वार्ता में उनके साथ उत्तर क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल भी उपस्थित थे।

सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक का शुभारंभ 13 मार्च की सुबह 9 बजे सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति में होगा। बैठक में संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी, क्षेत्र-प्रांत संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक तथा संघ प्रेरित 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम चल रहे हैं। बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी योजनाओं पर चर्चा होगी। संघ के स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में अब तक देशभर में 10 करोड़ से अधिक घरों तक गृह संपर्क अभियान के माध्यम से पहुंचे हैं। हालांकि यह अभियान अभी चल रहा है।



जानकारी देते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर व उत्तर क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैठक में संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। यह कार्यक्रम 1 फरवरी से अगले वर्ष 20 फरवरी तक पूरे देश में चलेगा। यह कार्यक्रम समाज में समरसता के संदेश के साथ आयोजित किया जाएगा।

एक साल में 5500 से ज्यादा नई शाखाएं शुरू : बैठक में संगठन विस्तार पर भी चर्चा होगी। पिछले एक वर्ष में देशभर में 5500 से अधिक नई शाखाएं शुरू होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसके अलावा संघ से जुड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफर्म पर भी लगातार रुचि बढ़ रही है। हर साल लगभग 1.25 लाख लोग ज्वाइन आरएसएस के माध्यम से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रहे हैं।शताब्दी वर्ष के दौरान संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी बड़े पैमाने पर होंगे। इस वर्ष देशभर में 97 प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में देशभर से आए कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों के सामाजिक और सांस्तिक अनुभव साझा करेंगे। इन अनुभवों के आधार पर वर्तमान सामाजिक चुनौतियों और परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में संघ प्रेरित संगठनों के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल होंगे। इनमें प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद से अधिवक्ता आलोक कुमार व मिलिंद परांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से ड़ रघुराज किशोर एवं आशीष चौहान, राष्ट्र सेविका समिति से शांता अक्का तथा ए सीता, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ आदि के राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल रहेंगे। माधव सृष्टि परिसर में प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

बैठक के अंतिम दिन 15 मार्च को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी प्रेसवार्ता में बैठक में लिए गए निर्णयों और प्रस्तावों की जानकारी देंगे तथा पत्रकारों के सवालों का जवाब भी देंगे। पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र ठाकुर, प्रदीप जोशी उपस्थित रहे।

## मध्यमा परीक्षा : 16 से 19 मार्च तक दो पालियों में होगी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षा2026 के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर बोर्ड कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने की। बैठक में परीक्षा की तैयारी, परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था तथा पारदर्शी संचालन को लेकर विस्तृत विमर्श किया गया।



मध्यमा परीक्षा 2026 के सुचारू संचालन को लेकर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की बैठक।

बैठक में बताया गया कि मध्यमा परीक्षा 2026 का आयोजन 16 मार्च से 19 मार्च 2026 तक किया जाएगा। परीक्षा का संचालन प्रतिदिन दो पालियों में किया जाएगा, ताकि सभी परीक्षार्थियों को सुव्यवस्थित वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

बोर्ड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि परीक्षा को नकलमुक्त, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराना बोर्ड की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि परीक्षा की विशेष निगरानी के लिए बोर्ड द्वारा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। ये पर्यवेक्षक विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की स्थिति में तत्काल बोर्ड को सूचित करेंगे।

इसके साथ ही परीक्षा केंद्राधीक्षकों एवं कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें निर्देश दिया गया है कि परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन में पूर्ण सतर्कता बरती जाए। बोर्ड ने सभी केंद्रों पर समयबद्ध और अनुशासित ढंग से परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने पर बल दिया है।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।

अंत में बोर्ड अध्यक्ष ने सभी केंद्राधीक्षकों, शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से मध्यमा परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

इस वर्ष मध्यमा परीक्षा-2026 में कुल 23,612 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहें है। मध्यमा परीक्षा का आयोजन हेतु पूरे बिहार में कुल 59 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

मध्यमा परीक्षा 2026 के उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन पटना स्थित दो मूल्यांकन केन्द्र पर दिनांक 28-03-2026 से निर्धारित किया गया है। परीक्षाफल का प्रकाशन माह-अप्रैल-2026 के द्वितीय सप्ताह में संभावित है।

गुरुवार को बोर्ड की बैठक में श्रीमती निवेदिता सिंह, विधान पार्षद, श्री विनय कुमार चौधरी, विधायक, श्री दुर्गेश कुमार राय, श्री चन्द्र किशोर कुमार, श्री धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा, श्री अनुरंजन झा, श्री अरूण कुमार झा, कुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि ड.शिवलोचन झा, बोर्ड के सचिव, श्री नीरज कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक, श्री उपेन्द्र कुमार उपस्थित हुए।

### स्वास्थ्य विभाग का बड़ा फैसला : सीएचसी में नियुक्त होंगे 1080 नेत्र और कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ

**पटना (एनएसबी)।** स्वास्थ्य सुविधा में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार अब प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर नेत्र और नाक-कान-गला (ईएनटी) रोग विशेषज्ञों की तैनाती होगी। इसके लिए सरकार की ओर से सभी सीएचसी पर दो-दो के हिसाब से कुल 1080 अतिरिक्त पद सृजित किए गए हैं। इन पदों पर जल्द ही उपरोक्तविशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। यह महत्वपूर्ण पहल सात निश्चय-3 के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में सरकार की ओर से की गई है। सरकार के विशेष सचिव की ओर से महालेखाकार को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भारतीय लोक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) के अनुसार सभी सीएचसी पर जनरल सर्जन, फिजिशियन, स्त्री, शिशु रोग विशेषज्ञ के साथ मूर्छक (एनेस्थेटिस्ट) जैसे महत्वपूर्ण पद पहले से सृजित हैं।

राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र (स्पेशियलिटी हस्पिटल) बनाने की दिशा में ईएनटी और नेत्र रोग विशेषज्ञ के लिए 2-2 अतिरिक्तपद सृजित किए गए हैं। यह सभी पद राज्य के 534 सीएचसी के साथ छह अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए सृजित हैं। इसके आलोक में प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर एक नेत्र रोग विशेषज्ञ और एक ईएनटी विशेषज्ञ की तैनाती होगी। इस तरीके से पूरे राज्य भर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिलाकर कुल 540 नेत्र रोग और 540 ईएनटी के विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तालाब में डूबने से एक की मौत

**दरभंगा।** बुधवार की रात्रि में गंगासागर तालाब में अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। उनकी पहचान रामगंज मोहल्ले के मुजीबुर रहमान के पुत्र अकिलुर रहमान के रूप में की गई है। गश्ती पुलिस को पता चला कि तालाब में शव पड़ा है। गश्ती पुलिस ने उसे बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को लाश सौंप दी गयी। मृतक की 6 पुत्री एवं एक पुत्र है। सभी शादीशुदा हैं।

### सीओ और कर्मचारी की हड़ताल से राजस्व का कामकाज प्रभावित

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी।** सीओ और कर्मचारी के हड़ताल पर जाने से राजस्व का कामकाज प्रभावित हो रह है जिससे अंचल कार्यालय से मायूस लौट रहे हैं किसान। किसी किसान को परिमार्जन, दाखिल -खारिज से संबंधित कई तरह कि समस्या को लेकर भूमि विवाद लगातार फिर इकट्ठा होने लगा है जिससे किसानों में असमंजस कि स्थिति पैदा हो चुकी है। जिस तरह सरकार के सामने सीओ व कर्मचारी दोनों एक साथ हड़ताल पर डटे हुए हैं उस हिसाब से किसानों कि समस्या बढ़ गयी है।

### निर्माणाधीन भवन की प्रगति का डीएम ने लिया जायजा



**केवटी।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने वृहस्पतिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित 13.41 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि इस भवन में प्रखंड, अंचल, मनरेगा, बाल विकास परियोजना सहित अन्य प्रखंड स्तरीय विभागों के कार्यालय संचालित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने युवा कौशल विकास केंद्र और मौसम विभाग के यंत्र को इस भवन से अलग दूसरे भवन में स्थानांतरित करने के लिए संभावित स्थल का भी मुआयना किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर सीओ भास्कर कुमार मंडल, बीपीआरओ कुणाल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद डीएम बाढ़ पोखर पहुंचे, जहां उन्होंने अतिपिछड़ा बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, शौचालय और जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण कर वैकल्पिक व्यवस्था करने को लेकर संबंधित अभियंता और विद्यालय के प्राचार्य सुधीर कुमार को आवश्यक निर्देश दिए।

### नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन, लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे गुणों का विकास खेल के माध्यम से ही संभव : राहुल



**दरभंगा।** संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल सकरी, राघोपुर में पूरे उत्साह व जोश के साथ चार-दिवसीय वार्षिकोत्सव खेल-कूद मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव डॉ. बीके मिश्रा एवं निदेशक राहुल मिश्रा उपस्थित थे। अपने संबोधन में खेल के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि शारीरिक चपलता, बौद्धिक व मानसिक एकरूपता, अनुशासन एवं सामाजिक एकजुटता किसी एक विधा में परिलक्षित होती है तो वह है खेल। छात्र जीवन में नेतृत्व क्षमता का विकास, समय प्रबंधन, लक्ष्य के प्रति समर्पण आदि गुणों का विकास खेल के माध्यम से ही संभव है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने खेल को बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रथम कारक बताया। बच्चों में खेल भावना का विकास एवं पाठ्य- पुस्तकों से लगाव एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। वर्तमान समय में खेलों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा एवं उससे होने वाले सकारात्मक पहलू को भी उन्होंने उजागर किया। इस अवसर पर वर्ग नर्सरी से नवम् तक के छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के खेलों का समायोजन किया गया। चार अलग-अलग समूहों में बँटे बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर, बिस्किट दौड़, कबड्डी, फुटबल, क्रिकेट, सामूहिक दौड़ इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया । चार दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी उत्साह व धैर्य के साथ अपनी सहभागिता दिखाई। इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया । अपने बीच शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को पा कर बच्चे पूरे उत्साह व जोश के साथ अपनी खेल भावना को दिखाया। सहभागी प्रत्येक छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक सिद्धार्थ झा, समन्वयक रवि शंकर प्रसाद, शरीरिक- शिक्षक एवं शिक्षक- शिक्षिकायें उपस्थित थे।

### देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : डॉ. संतोष सुमन

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने देश में ऊर्जा संकट को लेकर फैल रही अफवाहों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कुछ लोग जानबूझकर अफवाह फैलाकर आम जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं, जो पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों और युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कठिन से कठिन समय में भी स्थिरता और मजबूती का परिचय दिया है। डॉ. सुमन ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारत ने जिस तरह से संकट का सामना किया और दुनिया को रास्ता दिखाया, वह पूरे विश्व के सामने मिसाल है। आज भारत वैश्विक मंच पर तेजी से उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर या अन्य संसाधनों का भंडारण न करें। ऐसी प्रवृत्ति से ही कृत्रिम कमी की स्थिति बनती है और आम जनता को परेशानी होती है। डॉ. सुमन ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह सुरक्षित है।

# रसोई गैस के लिए ओटीपी की अनिवार्यता खत्म

## दरभंगा जिला प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती करने के दिए निर्देश

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में गैस एजेंसियों के कार्यो पर नियंत्रण रखने के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि एलपीजी की आपूर्ति में हो रही कठिनाइयों की सूचना देने के लिए जिला स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन शाखा, दरभंगा में जिला नियंत्रण कक्ष को कार्यरत कर दिया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06272-245055 है। उन्होंने कहा कि जिले के आम नागरिक एलपीजी गैस की आपूर्ति में किसी भी तरह की कठिनाईयों के संबंध में जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यालय अवधि में सुबह 10 बजे पूर्वाहन से 6 बजे अपराह्न तक इस नंबर पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इसके साथ ही गैस प्राप्त करने के लिए ओटीपी की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी गयी। गैस की किल्लत के संबंध में अफवाह फैलाने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। लोग पैनिक नहीं हो, आवश्यकता के अनुसार गैस मिलेगी। जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में सभी गैस गोदामों पर दंडाधिकारी के साथ काफी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**आम नागरिकों को एलपीजी की आपूर्ति से जुड़ी कठिनाइयों को दूर करने के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर जारी**

### सांसद आवास पर एलपीजी वितरण की झूठी अफवाह फैलाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज

**फेसबुक से प्रसारित की गयी झूठी सूचना, अब होगी कार्रवाई**

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय थानाध्यक्ष को आवेदक कुमार कृष्ण उर्फ कृष्ण पासवान पिता श्रीराम पासवान सा चूनाभट्ठी वार्ड नं0-14 थाना विश्वविद्यालय जिला दरभंगा का लिखित आवेदन प्राप्त हुआ कि 11-03-2026 को नीरज क्रांतिकारी के फेसबुक एकाउंट एवं बोलता भारत के फेसबुक लिंक से एक झूठी खबर प्रासारित की गयी कि दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर के बलभद्रपुर स्थित आवास पर एलपीजी गैस का वितरण किया जा रहा है। इस प्रकार के झूठे अफवाह से अनावश्यक भीड़ जुटा कर किसी अनहोनी घटना को अंजाम देने की साजिश रची गई है। आवेदक के लिखित आवेदन के आधार पर लहेरियासरायथाना काण्ड संख्या-142/26 दिनांक-12-03-26 दर्ज कर झूठी भ्रामक खबर प्रसारित करने वाले फेसबुक आईडी तथा इससे संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### बेनीपुर में दंडाधिकारी के नेतृत्व में गैस वितरित करने का निर्देश

**सभी गैस एजेंसियों के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल नियुक्त**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** ईरान इजरायल युद्ध को लेकर चल रही अनियमित रसोई गैस आपूर्ति को लेकर आम उपभोक्ताओं में मची अफरातफरी को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी गैस वितरक एजेंसी को दंडाधिकारी के नेतृत्व में गैस वितरण का निर्देश दिया है। सभी गैस वितरक एजेंसी के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त कर दी गई है।

जी वी एम इंडियन गैस एजेंसी बहेड़ा बेनीपुर में सुश्री मोनिका प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं गौरव कुमार कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ बहेरा थाना पुलिस बल का प्रतिनियुक्त किया गया है साथ ही सर्वेश्वरी एचपी गैस एजेंसी मौजमपुर में राजेश कुमार पंचायत सचिव, इंडियन ग्रामीण वितरक हावीभौआर बेनीपुर में नव चंद्र प्रकाश श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, महिनावां इंडियन ग्रामीण वितरक में पंकज कुमार एवं अनिकेत कुमार तकनीकी सहायक, नव भारत एचपी गैस वितरक त्रिमुहानी मैं अजय कुमार यादव प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, राजेश भारत गैस एजेंसी में दीपक चौधरी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, आजाद इंडेन ग्रामीण वितरक अलीनगर में अलीनगर गोपाल ष्ण मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, अलीनगर सूरज भारत गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी अलीनगर में श्रीमती दीपिका झा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं सुमन प्रसाद का प्रतिनियुक्ति किया गया है। जिससे गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को ससमय एवं नियमानुकुल गैस वितरण का निर्देश दिया गया है।

# बड़े राजस्व बकायादारों से होगी वसूली

**दर्जन भर बकाएदारों पर एक करोड़ से पांच करोड़ तक बकाया**

**प्रमंडलीय आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को दिए निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने बड़े राजस्व बकायादारों की सूची जारी कर राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि लंबित राजस्व की वसूली प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जारी सूची के अनुसार दरभंगा जिले के प्रमुख राजस्व बकायादारों में दिवेश कुमार जगदंबा फूड प्रोसेसिंग, सुरहा चट्टी, दरभंगा पर 13 करोड़ 17 लाख 96 हजार रुपये, अंशुमन राय सहायक टीपीडीएस पर 6 करोड़ 79 लाख 57 हजार रुपये तथा शैलेंद्र कुमार सत्यम राइस मिल, खैरा, दरभंगा पर 6 करोड़ 75 लाख 35 हजार 544 रुपये की मांग राशि निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त योगेंदु शेखर राय अशोक पेपर मिल, दरभंगा पर 5 करोड़ 93 लाख 76 हजार रुपये, पंकज कुमार सिंह हाजीपुर, वैशाली पर 5 करोड़ 59 लाख 38 हजार रुपये, दिवेश कुमार चौधरी हायाघाट, दरभंगा पर 4 करोड़ 26 लाख 80 हजार रुपये, सुनील कुमार सिंह सदर प्रखंड, दरभंगा पर 2 करोड़ 85 लाख 56 हजार रुपये, राम सोराव सिंह ग्राम रतन मार्केट, मौलागंज, पोस्ट लालबाग, दरभंगा पर 2 करोड़ 67 लाख 41 हजार रुपये तथा सागर कुमार राय बेनीपुर, दरभंगा पर 2 करोड़ 05 लाख 62 हजार रुपये की मांग राशि निर्धारित की गई है। वहीं शैलेश कुमार सत्यम राइस मिल, खैरा, दरभंगा पर 1 करोड़ 53 लाख रुपये, सुनील कुमार सिंह लहेरियासराय दरभंगा पर 01 करोड़ 46 लाख 75 हजार रुपए, गणेश प्रसाद राय माधोपुर दरभंगा पर 01 करोड़ 43 लाख 95 हजार रुपए की मांग राशि भी दर्ज है।

आयुक्त ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया कि सूचीबद्ध बकायादारों के अतिरिक्त अन्य सभी बकायादारों से भी राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बकाया राजस्व की वसूली में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

# पेड़ से टकराकर 15 फीट गड्ढे में गिरी बाइक, युवक की मौत

**कलिगांव-बिरौल पथ पर जंगली सुअर के कारण हुआ हादसा**

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** कलिगांव बिरौल पथ पर गुरुवार को दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सड़क किनारे पेड़ से टकराकर बाइक सहित युवक लगभग पंद्रह फीट गड्ढे में गिर गया। मृतक कलिगांव पंचायत के वार्ड संख्या आठ का निवासी आशीष पासवान था। बताया गया है कि युवक बाइक से बिरौल की तरफ गया था। बिरौल कलिगांव के बीच सुनसान जगह पर बने पुल के पास हादसा हो गया। बाइक के पीछे आ रहे राहगीर ने ग्रामीणों को बताया कि जंगली सुअर तेज रफ्तार से सड़क पार कर रहा था। युवक की बाइक उसी से टकरा गई। तेज रफ्तार में चल रही बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरायी। इसके बाद बाइक सहित युवक लगभग पंद्रह फीट गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरने के बाद बाइक जंप कर बगल के गेहूं के खेत में चली गई। सड़क पर आ रहे अन्य लोग युवक को बचाने खेत तक पहुंचे। जहां वह बेहोश पड़ा था। मौके पर भी पहुंचे परिजन एवं अन्य लोगों ने उसे अविलंब सिंहवाड़ा सीएचसी पहुंचाया। जहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा प्रेमचंद ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पशुपतिनाथ-बैद्यनाथधाम हाई स्पीड कॉरिडोर को कुशेश्वरस्थान से जोड़ें

**इससे नेपाल से झारखंड तक सीधा जुड़ जाएगा कुशेश्वर स्थान**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय से संचालित परियोजनाओं में तेजी लाने की पहल की जा रही है। आमस-दरभंगा एक्सप्रेस वे को समय से पूरा किए जाने के साथ साथ ही पटना-पूर्णिया तथा गोरखपुर सिल्लीगुड़ी प्रस्तावित एक्सप्रेस वे का शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के लिए केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सांसद गोपालजी झा ने मुलाकात की।

इसके सात ही नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ से बैद्यनाथधाम तक प्रस्तावित हाईस्पीड करिडोर को कुशेश्वरस्थान से जोड़ने के लिए केंद्रीय मंत्री से पहल करने का आग्रह किया गया। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने गुरुवार को केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दिल्ली स्थित उनके मंत्रालय कक्ष में भेंट करने के बाद उपरोक्त जानकारी दी। सांसद डॉ. ठाकुर ने बताया कि नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के वैद्यनाथधाम तक बिहार सरकार ने हाई स्पीड सड़क कॉरिडोर बनाने के लिए बिहार सरकार के द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया है जिसे दरभंगा के कुशेश्वरस्थान से जोड़ने तथा इसके दूरगामी संदेशों के संबंध में गडकरी को अवगत कराया गया है। इस प्रस्तावित कॉरिडोर को दरभंगा के कुशेश्वरनाथ से जोड़ने से दरभंगा जिले का नेपाल तथा झारखंड से सड़क कनेक्टिविटी का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। तथा इस प्रस्तावित हाई स्पीड करिडोर के माध्यम से दरभंगा तथा मिथिला की सांसतिक विरासत का नेपाल तथा झारखंड तक विस्तार होगा जो आने वाले समय में पर्यटन के माध्यम से रोजगार सृजन के लिए लिए वरदान साबित होगा। इस प्रस्तावित हाई स्पीड करिडोर के साथ साथ दरभंगा जिले की पथ निर्माण विभाग से जुड़ी टू लेन सड़कों का फोर लेन में उन्नयन करने, निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाकर शीघ्रता से पूरा किए जाने की आवश्यकता है तथा जिले से गुजरने वाली सभी एनएचएआई, एनएच तथा राज्य उच्च पथ की निर्माणाधीन परियोजनाओं को दरभंगा जिला मुख्यालय से लिंक पथ से जोड़ने के लिए शीघ्र पहल किया जाना जनहित के लिए जरूरी है। एक सप्ताह पूर्व उन्हानें पटना में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ड दिलीप जायसवाल से मुलाकात एवं चर्चा की थी तीन सौ एक करोड़ की लागत से 25 किलोमीटर में निर्माणाधीन पश्चिमी कोशी तटबंध की सड़क के माध्यम से इसे कुशेश्वरस्थान से जोड़ने का सुझाव दिया था।



केंद्रीय मंत्री से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

## राज्यसभा में उठा दक्षिण बिहार के जल संकट का मुद्दा, विशेष पैकेज की मांग



डॉ. धर्मशाला गुप्ता।

**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने राज्यसभा में दक्षिण बिहार के जिलों में संभावित जल संकट और भीषण गर्मी की स्थिति को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में भीषण गर्मी और लू की आशंका है, जिसका असर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका और जहानाबाद जैसे जिलों पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इन जिलों में हर वर्ष गर्मियों में जल संकट और सूखे जैसी स्थिति बन जाती है। हाल के वर्षो में वर्षा के असंतुलन से समस्या और गंभीर हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बिहार में सामान्य वार्षिक वर्षा करीब 1137 मिमी मानी जाती है, जबकि कई वर्षो में इससे काफी कम वर्षा दर्ज की गई है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि दक्षिण बिहार के गया और औरंगाबाद जिलों में औसत वार्षिक वर्षा करीब 950 से 1000 मिमी के आसपास रहती है। कई बार मानसून के दौरान इन क्षेत्रों में 12 से 40 प्रतिशत तक वर्षा की कमी दर्ज की गई है। अत्यधिक गर्मी और कम वर्षा के कारण भूजल स्तर में भी 10 से 20 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है।

## प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज



खुशी मनाते प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख।

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सभा भवन में गुरुवार को पंचायत समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई।

बैठक प्रमुख अंजनी भारती एवं उपप्रमुख कुमारी अन्नू के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए बुलाई गई थी। निर्धारित समय के अनुसार बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। पूर्व प्रमुख बिजल पासवान के नेतृत्व में छह पंचायत समिति सदस्य तय समय पर सभा कक्ष में पहुंचे। कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभा शंकर मिश्रा अन्य सदस्यों के सदन में आने का इंतजार करने लगे। काफी देर तक इंतजार के बावजूद प्रमुख अंजनी भारती गुट के पांच सदस्य दोपहर एक बजे तक सदन में उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद बीडीओ श्री मिश्रा ने नियमानुसार कुल सदस्यों के दो तिहाई सदस्यों की उपस्थिति नहीं होने के कारण विपक्ष की ओर से प्रमुख एवं उपप्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही पिछले दो सप्ताह से प्रखंड में चल रही राजनीतिक सरगर्मी पर विराम लग गया। मालूम हो कि पंचायत समिति में कुल 11 सदस्य हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए बुलाई गई विशेष बैठक में कम से कम आठ सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक थी। लेकिन प्रमुख गुट के पांच सदस्य सदन से अनुपस्थित रहे। इसके कारण विपक्ष का प्रस्ताव स्वतः खारिज हो गया। अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने की सूचना मिलते ही प्रमुख गुट के पंचायत समिति सदस्य प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बैठक में पूर्व प्रमुख बिजल पासवान सहित समिति सदस्य उमेश प्रसाद मतवाला,राम वचन हजारी शोभा देवी,इसरत जहां तथा उषा देवी शामिल हैं।

# 2047 के विकसित भारत निर्माण में महिलाओं का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण : प्रो. संजय

**विवि गृह विज्ञान विभाग तथा जीविका के संयुक्त तवावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह आयोजित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** हमारी सनातन संस्कृति में पत्नी के साथ ही पति पूर्ण होता है। महिलाओं को यथोचित शिक्षा के साथ सम्मान एवं महत्व दिया जाता था। परिवार को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि वे परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय गृह विज्ञान विभाग तथा जीविका, पटना के संयुक्त तवावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहीं।

कुलपति ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी आदि सभी क्षेत्रों में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। यद्यपि मध्यकाल में बाह्य आक्रमणकारियों एवं मुगल आदि शासनकाल में कुछ कारणों से नारियों पर प्रतिबंध लगाए गए। फिर बंगाल से हुए कई सामाजिक सुधार आंदोलनों के फलस्वरूप उनके अधिकार मिलने शुरू हुए। आज वे अपनी शिक्षा, संघर्ष एवं काबिलियत की बदौलत मजबूत स्थिति में हैं। उन्हें अपने कदम आगे बढ़ाते रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2047 के विकसित भारत निर्माण में महिलाओं का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा।

मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएम, जीविका, दरभंगा डॉ. रिचा गार्गी ने जीविका का विस्तार से परिचय एवं महत्व बताते हुए कहा कि जीविका दीदी ने 10 रुपए से 1 लाख तक का सफर किया है। आज इनकी बदौलत गांव में न केवल पढ़ाई, खान-पान, शौचालयों का उपयोग आदि में सामाजिक परिवर्तन दिख रहा है, बल्कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा आदि में भी काफी कमी हुई है। जीविका के माध्यम से गांव की महिला भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि जीविका पूरी तरह महिलाओं का संगठन है, जिसका सफर 14 वर्षों का है। पिछले तीन वर्षों में जीविका दीदी पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन बना रही हैं, नर्सरी चलकर पौधे उपलब्ध करा रही हैं। इससे जुड़कर महिलाएं उद्यमी भी बन रही हैं।

सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो शाहिद हसन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में छात्राएं अधिक संख्या में नामांकन ले रही हैं जो महिला सशक्तीकरण का प्रमाण है। इस अवसर पर प्रो पुनीता झा, प्रो लवण्य कीर्ति सिंह काव्या, प्रो मनसा सुल्तानिया, डॉ. आरती साह, डॉ. कृष्णकांत झा, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, डॉ. आरएन चौरसिया, डॉ. ज्योति प्रभा, डॉ. शीला यादव, डॉ. निशात शाहीन, डॉ. नसरीन सुरैया, डॉ. नेहा वर्मा, डॉ. निर्मला कुशवाहा, प्रीति पीटर, नन्हीं दुनिया प्ले स्कूल की नम्रता झा तथा उषा झा सहित 150 से अधिक शोधार्थी एवं छात्राएं उपस्थित थीं। समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। संचालन विभागीय प्राध्यापिका डॉ. प्रगति ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्राची मारवाह ने किया।



कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### गेहूं के खेत से युवक का शव बरामद, क्षेत्र में सनसनी

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र स्थित डरसूर पंचायत के बड़ी मानोपुर बांध के किनारे गेहूं के खेत में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान लखनपट्टी पंचायत के शादीपुर बथनाहा निवासी स्व. रामचंद्र सहनी के 32 वर्षीय पुत्र जीतू सहनी उर्फ भगत के रूप में की गई है। मृतक के भाई प्रमोद सहनी ने बताया कि जीतू की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी। उनका आरोप है कि पत्नी अक्सर झगड़ा करती थी और जान से मारने की धमकी भी देती थी। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को जीतू अपनी साली की शादी में शामिल होने ससुराल गया था। शादी के बाद वह घर लौट आया, लेकिन बीती रात फिर से ससुराल मानोपुर गया था। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव खेत में फेंकने का आरोप लगाया है। शव की सूचना मिलते ही वारिसनगर थाना अध्यक्ष सर्वेश कुमार झा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अब तक परिजनों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलवक्त पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुटी है।

### खानपुर एवं वारिसनगर प्रखंड में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के खानपुर एवं वारिसनगर प्रखंड के विद्यालयों में गुरुवार से वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हो गई। इस वर्ष करीब 55 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त बनाने के लिए कई विद्यालयों में दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसी क्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय पचगछिया में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पासवान की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई। प्रथम पाली में पर्यावरण विषय की परीक्षा ली गई। इस दौरान वरीय शिक्षिका लता कुमारी, सीमा कुमारी, भारती कुमारी, सोनम कुमारी, सरिता कुमारी एवं कुमार सानू सहित अन्य शिक्षक वीक्षक के रूप में ड्यूटी निभाते नजर आए। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पासवान ने बताया कि परीक्षा के संचालन में विभागीय गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय के एचएम सह सीआरसी संचालक संतोष कुमार एवं समन्वयक मृत्युंजय कुमार ठाकुर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इधर वारिसनगर प्रखंड के 20 संकुलों के 51 मध्य विद्यालय एवं 65 प्राथमिक विद्यालयों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दुर्गेश कुमार झा ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। लेखापाल अनीश कुमार एवं मास्टर ट्रेनर संजय रजक ने बताया कि कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली है।

### कक्षा एक से आठ तक के बच्चों केलिए वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा आरम्भ, 19 तक चलेगी परीक्षा।



**समस्तीपुर(एनएसबी)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद बिहार पटना के आदेशानुसार राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं केलिए वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2025 झ 26 का आयोजन किया गया।जिसके तहत गुरुवार को प्रथम पाली में पर्यावरण अध्ययन / सामाजिक विज्ञान (कक्षा 3 से 8) की लिखित एवं द्वितीय पाली में कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों की मौखिक परीक्षा ली गई। इस बाबत जानकारी देते हुए मध्य विद्यालय बेला पचरुखी में केंद्राधीक्षक सह समन्वयक का मुकेश कुमार ने बताया कि, वार्षिक मूल्यांकन हेतु उत्तर पुस्तिका बी.आर.सी. के माध्यम से समन्वयक द्वारा उपलब्ध कराया गया। जबकि प्रश्न पत्र ई शिक्षा कोष से डाउनलोड कर उसे श्याम पट पर लिख दिया गया और उन प्रश्नों को श्याम पट से अपनी कॉपी पर उतार कर बच्चों ने हल किया। कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयक के द्वारा विभागीय आदेशानुसार वीक्षक कार्य हेतु शिक्षकों को मूल विद्यालय से दूसरे विद्यालय में मूल्यांकन कार्य हेतु भेजा गया। समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पचरुखी में केंद्राधीक्षक सह समन्वयक मुकेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने वर्ग एक से आठ तक के छात्र छात्राओं ने वार्षिक मूल्यांकन में भाग लिया। मूल्यांकन परीक्षा 19 मार्च तक और उत्तर पुस्तिका की जांच 25 मार्च तक किया जाना है। फिर 30 मार्च को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी आयोजित कर प्रगति पत्रक साझा किया जाना है।

### श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से मिलता है मोक्ष : आचार्य

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से मात्र से ही मनुष्य को सुख, शांति और आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति होती है। वह जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त हो कर मोक्ष प्राप्त कर लेता है। बातें महायज्ञ के आयोजक आचार्य ऋषिकांत जी महाराज ने जिले के मोरवा प्रखण्ड स्थित यती स्थान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस दौरान वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित दिग्विजय झा ने महात्मा गोकर्ण द्वारा अपने दुराचारी भाई धुंधकारी को श्रीमद भागवत कथा सुनाकर प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने की कथा विस्तार से कही। साथ ही माता पार्वती की तपस्या, भगवान शिव के प्रसन्न होने तथा शिव-पार्वती विवाह की कथा भी कही। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की आकर्षक झांकी देखकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और शिव विवाह गीतों पर देर रात तक झूमते-नाचते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। मौके पर मुख्य यजमान सह लोजपा नेता अभय कुमार सिंह व प्रियंका कुमारी, के अलावा अमित कुमार, जयंती कुमारी, फूलबाबू झा, धर्मेन्द्र कुमार झा, सुबोध कुमार झा, राम मोहन झा, हर्षवर्धन झा, धीरज कुमार झा, प्रशांत कुमार झा, श्यामलाल राय, आदित्य कुमार, मनोज कुमार, आलोक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### मैजिक व ट्रक की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग पर ध्रुवगामा पेट्रोल पंप के समीप बुधवार देर रात ट्रक और पैसेंजर मैजिक वाहन की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिसमें से एक घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के कोठिया निवासी कामेश्वर राय के 35 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। घायल युवकों की पहचान दरभंगा जिले के विशनपुर थाना क्षेत्र के डगहरोल गांव निवासी मनीष कुमार तथा हरि कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार तीनों युवक डुगहरोल गांव से समस्तीपुर दरियाबाद जा रहे थे। इसी दौरान ध्रुवगामा पेट्रोल पंप के पास ट्रक के पीछे करने के दौरान मैजिक वाहन उसकी चपेट में आ गया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चंदन के मौत की खबर मिलते ही परिवार और गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले गई है। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि, परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हसनपुर चीनी मिल के पेराई सत्र 2025-26 संपन्न, कुल 46.82 लाख क्विंटल गन्ने की हुई पेराई

**हसनपुर (एनएसबी)।** हसनपुर चीनी मिल का पेराई सत्र 2025-26 गुरुवार को संपन्न हो गया। इस पेराई सत्र में हसनपुर चीनी मिल द्वारा कुल 46.82 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई। आज सुबह अंतिम गाड़ी का गन्ना डोंगा में गिरने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यपालक अध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल द्वारा डोंगा पूजा कर विधिवत पेराई सत्र 2025-26 का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक अध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने किसानों एवं सभी मिल कर्मियों को चीनी मिल के कुशल संचालन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने किसानों से निवेदन किया कि किसान भाई इस बसंतकालीन बुआई के दौरान अधिक-से-अधिक क्षेत्रफल में गन्ना की खेती करें और हसनपुर चीनी मिल प्रबंधन द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुआई हेतु चलाई विभिन्न आकर्षक योजनाओं का अधिक-से-अधिक लाभ उठाएं। मौके पर महाप्रबंधक गन्ना अरुण कुमार श्रीवास्तव, मनोज प्रसाद, टीकम सिंह, शंभू प्रसाद राय, परमवीर सिंह, रामाशंकर प्रसाद, उदय राज सिंह, दीपेंद्र सिंह, अभयनाथ मिश्रा, अखिलेश धर द्विवेदी, एम ए खान, अमित कुमार, प्रमोद मणि त्रिपाठी, राम कृष्ण प्रसाद, अतुल कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह सहित सभी खंड के सभी वरीय प्रबंधक, अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवि के छात्रों की मांग बढ़ी : वीसी

**प्लेसमेंट सीजन के शुरू होते ही एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट और रूरल मैनेजमेंट के 16 छात्र चयनित झ नया कीर्तिमान गढ़ने की ओर बढ़ रहा विश्वविद्यालय।**



एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट और रूरल मैनेजमेंट के चयनित छात्र।

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा छात्रों के प्लेसमेंट को लेकर एक बार फिर से नया कीर्तिमान बनाता नजर आ रहा है। विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सीजन की शुरूआत में ही एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट और रूरल मैनेजमेंट के 16 छात्रों का चयन बिहार स्टेट मिल्क कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के द्वारा किया गया है। आपको बता दें कि बिहार सरकार से संबद्ध सुधा इसी फेडरेशन का ब्रांड है इसके अतिरिक्त टाटा रैलिस और प्रदान कंपनी में भी कुछ छात्रों का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त आने वाले समय में विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए अन्य राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियां के भी आने की संभावना है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को पढ़ाई और रोजगार के अतिरिक्त देश का एक सशक्त और समर्पित नागरिक बनाने को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब छात्रों का अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट होता है तो उन्हें अतिरेक खुशी होती है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि यहां के छात्रों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग है। उन्होंने बेहतर प्लेसमेंट के लिए प्लेसमेंट कोआर्डिनेटर एवं सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में सभी लोगों एकनिष्ठ होकर समर्पित भाव से काम कर रहे हैं इसी का परिणाम है कि नित नये उत्साह जनक परिणाम आ रहे हैं । स्कूल आफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट के निदेशक डॉ रामदत्त ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से संस्थान के छात्रों का सौ प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हो रहा है। इस वर्ष भी उम्मीद है कि सभी छात्रों का प्लेसमेंट हो जायेगा। लगातार चार वर्षों तक सौ प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हासिल करना एक रिकॉर्ड होगा जो जल्द ही हासिल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि कुलपति छात्रों के हित में लगातार निर्णय ले रहे हैं और विश्वविद्यालय में शिक्षा अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है जिसका परिणाम है कि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की मांग है। छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट को लेकर कुलसचिव डॉ पी के प्रणव, निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह समेत विभिन्न शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने भी छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## 12 साल बाद भी नहीं हो सका पूल का निर्माण

**वाया नदी पर 2013 में मंत्री ने किया था पुल का शिलान्यास**
**पुल नहीं बनने से दो जिला के करीब पचास हजार लोग प्रभावित**



वाया नदी अखाड़ा घाट पर अधूरा पड़ा पुल।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत के अखाड़ा घाट पर वाया नदी में बारह साल बाद भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। जिससे लोगो में भारी क्षोभ बना है। बताते चलें कि, दो जिला बेगूसराय के बछवाड़ा प्रखंड के दियारा भाग और समस्तीपुर के विद्यापतिनगर प्रखंड के कई पंचायत के लोगो के आवागमन की सुविधा और माँग को देखते हुए मंत्री विजय कुमार चौधरी ने 2013 में अखाड़ा घाट पर पुल की आधारशिला रखी थी। आज बारह साल बीत जाने के बाद भी पुल अधूरा पड़ा है। जिसके कारण दियारा और आसपास के करीब पचास हजार लोगो को भारी परेशानी ही रही है। वाया नदी में पानी घटने पर चचरी का पुलिया बना दिया जाता है और पानी बढ़ने पर नाव ही एक मात्र सहारा बना रहता है। जिसमे कई बार नाव दुर्घटना में कई लोगो की जान भी जा चुकी है। बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। बताते है कि, पुल के निर्माण शुरू होने के बाद अधिग्रहित जमीन के मालिकों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल सका है जिसके कारण निर्माण कार्य ठप पड़ा है। जबकि कई बार जिला से भी जमीन की मापी कराकर मुआवजा देने की बात हुई लेकिन स्थिति जस की तस बनी है। मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह ने बताया कि जमीन वाले को मुआवजा देने की कारवाई जिला से तैयार कर प्रधान सचिव को भेजा गया है। राशि आवंटित होते ही जमीन मालिक को सूचना देकर कारवाई करते पुल का निर्माण चालू हो जाएगा। बहरहाल स्थिति यह है कि पुल का निर्माण जल्द चालू नहीं हुआ तो बरसात आते ही फिर लोगो को नाव का ही सहारा लेना पड़ेगा।

## प्रखंड के वर्ग एक से आठ के 89 विद्यालय में वार्षिक परीक्षा शुरू

**ई शिक्षा पोर्टल से मिले प्रश्न से परीक्षा दे रहे छात्र**



परीक्षा दे रहे बच्चे।

**विद्यापतिनगर(एनएसबी)।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रखंड के वर्ग एक से आठ तक के छात्रों का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। जिसमे ई शिक्षा पोर्टल के माध्यम से विद्यालय को 45 मिनट पहले प्रश्न दिया जा रहा है। जिसे शिक्षकों द्वारा बोर्ड पर लिखा जा रहा है और छात्र उसे देख परीक्षा दे रहे है। मध्य विद्यालय मऊ धनेशपुर के एचएम सह प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव जयराज पासवान ने बताया की प्रखंड के 89 विद्यालय के वर्ग एक से आठवीं तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा शुरू हुआ है। जिसमे बच्चों की अधिक उपस्थिति से कई स्कूलों में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई है। बावजूद परीक्षा लिया जा रहा है जो 19 मार्च तक चलेगा। जिसकी तैयारी सभी स्कूलों में पहले ही कर ली गई थी। पहले दिन प्रथम पाली में वर्ग 3 से 8 तक के छात्रों की पर्यावरण विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि दूसरी पाली में वर्ग 1 एवं 2 के बच्चों की भाषा की मौखिक परीक्षा ली गई। इस बार विभाग द्वारा प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल से प्रश्न देखकर ब्लैकबोर्ड पर लिखकर परीक्षा संचालित करनी पड़ी। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि विभाग द्वारा प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। संबंधित विद्यालयों के शिक्षक इसे डाउनलोड कर ब्लैकबोर्ड पर लिखते हैं और उसी आधार पर छात्रों की परीक्षा ली जाती है। हालांकि कई विद्यालयों में इस प्रक्रिया के कारण समय अधिक लगने की बात सामने आई है, क्योंकि बार-बार प्रश्न लिखकर बोर्ड से मिटाना पड़ रहा है।

प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा के दौरान जगह की कमी भी साफ दिखाई दी। कई जगह छात्रों को एक ही बेंच पर तीन से चार की संख्या में बैठाकर परीक्षा दिलाई गई, जिससे छात्रों और शिक्षकों दोनों को असुविधा का सामना करना पड़ा। प्राथमिक विद्यालय अति पिछड़ा टोला हरपुर बोचहा में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया, जहां प्रथम पाली में कक्षा 3 से 5 के छात्रों की पर्यावरण विषय की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी पाली में कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों की हिंदी की मौखिक परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान शिक्षिका मीतू शर्मा, कृतिका सिंह, दिव्या प्रिया तथा प्राथमिक विद्यालय ग्वाल टोल की शिक्षिका ललिता कुमारी ने वीक्षण कार्य किया। वहीं प्रधान शिक्षक अंजनी कुमार और वरीय शिक्षक राम बाबू चौरसिया ने परीक्षा संचालन को सफल बनाने में सहयोग किया। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय साहिट बड़ई टोल में कुल 121 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। प्रधान शिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय में जगह की कमी के कारण छात्रों को बैठाने में परेशानी हुई। यहां वीक्षण कार्य में सौम्या कुमारी, अनुज अग्निहोत्री, खुशबू कुमारी और भावना कुमारी सक्रिय रहीं। उधर प्राथमिक विद्यालय मड़वा पंचायत भवन के निकट स्थित विद्यालय में भी स्थान की कमी के कारण बच्चों को बरामदे में बैठाकर परीक्षा दिलाई गई। यहां कुल 120 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। प्रधान शिक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है। परीक्षा संचालन में रविशंकर कुमार, सत्येंद्र कुमार और जय किशोर महतो सहित अन्य शिक्षक जुटे रहे। इधर प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने कई विद्यालयों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए विभाग पूरी तरह सतर्क है।

## भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्स वादी का जन संघर्ष जत्था का विद्यापति प्रखंड में हुआ स्वागत




**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्स वादी का जन संघर्ष जत्था गुरुवार को विद्यापतिनगर पहुंचा। जन संघर्ष जत्था में चल रहे नेताओ का, विद्यापति लोकल कमिटी सदस्य कामरेड रंजीत कुमार राय, अर्जुन राय, रणधीर कुमार, राम गोविंद राय रामनरायण महतो व अन्य कार्यकताओं ने, माला पहनाकर कर स्वागत किया। जन संघर्ष जत्था में चल रहे नेताओं की मांगों में मनरेगा पर फिर से बहस करो, 200 दिन काम सुनिश्चित करो, न्यूनतम मजदूरी ₹600 तय करो तथा बीवी जी राम जी वापस लो शामिल हैं। बताते चलें कि, मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज नया श्रम कानून वापस लो, बिजली विधेयक एवं बीज विधेयक को वापस लो, मीट मछली विक्रेताओं पर थोपी गई लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म करो, बुलडोजर से गरीबों के घर उजारना बंद करो। प्रत्येक भूमिहीन को 5 डिसमिल जमीन दो सभी बेघर लोगों का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में जोड़ो। खाद बीज कीटनाशक के मूल्य को नियंत्रित करके उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करो, केरल की तर्ज पर ग्रेजुएशन तक की शिक्षा मुक्त करो, 10 सालों से बंद पर समस्तीपुर चीनी मिल को पुन चालू करो सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी समस्तीपुर के तमाम गांव से गुजरते हुए 19 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट के सामने एक विशाल प्रदर्शन करने जा रही है।

## डीपीओ पहुंचे राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उर्दू, विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** डीपीओ एसएसए मो. जमालुद्दीन ने गुरुवार को वारिसनगर प्रखंड के आदर्श राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उर्दू का निरीक्षण किया। जहां सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीत भारती ने उनका मैथिल परंपरानुसार पाग, चादर और पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक विभाष कुमार, सोनी कुमारी, सुरैया परवीन, फहीम नाज, मो. एजाज, सूफिया गुलनाज अंजुम, मो. वलीउल्लाह, एजाज अख्तर, सुमन कुमारी, मीरा कुमारी तथा शिक्षा सेवक मो. एकराम हुसैन ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि, विगत 10 मार्च को जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने ओएनजीसी और आरोही विकास संस्थान देहरादून के सहयोग से विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब, डिजिटल बोर्ड एवं के-यान डिवाइस का उद्घाटन किया था। निरीक्षण के दौरान डीपीओ ने विद्यालय की विधि व्यवस्था, सुसज्जित कक्षाओं, पूर्ण पोशाक में उपस्थित बच्चों, पेयजल, शौचालय तथा दीवारों पर की गई पेंटिंग की सराहना की।

# जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास, सरकारी जमीन पर बसे पर्चा दे प्रशासन : भाकपा माले

## उजाड़े गये 907 परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर माले ने शुरू किया अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन




प्रदर्शन करते माले नेता व कार्यकर्ता।




धरना पर बैठे माले नेता व कार्यकर्ता।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हसनपुर के मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) से उजाड़े गये 907 दलित परिवारों को पर्चा देकर बसाने व, समस्तीपुर जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास, सरकारी जमीन पर बसे को पर्चा एवं पचाधारी को कब्जा दिलाने की मांग को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शहर के मालगोदाम चौक से विशाल जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के समक्ष समाहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बुलडोजर एक्शन से आक्रोशित कार्यकर्ता घंटे भर मांगों से संबंधित नारेबाजी करते रहे। तत्पश्चात उपस्थित मजिस्ट्रेट के आग्रह पर कार्यकर्ताओं का जत्था समाहरणालय के समक्ष सरकारी बस स्टैंड में अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन पर बैठ गये। इस अवसर पर भाकपा माले जिला सचिव प्रो० उमेश कुमार की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन खेग्रामस के जिला अध्यक्ष उपेंद्र राय ने किया। सभा को भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य ललन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अमित कुमार, दिनेश कुमार, महावीर पोद्दार, फूलबाबू सिंह, जिला कमिटी सदस्य महेश कुमार, जयंत कुमार, खेग्रामस जिला सचिव जीवछ पासवान, कमली देवी, शांति देवी, आशा देवी, सुदामा देवी, मो० आले, आदि ने संबोधित किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में माले जिला सचिव प्रो० उमेश कुमार एवं खेग्रामस जिला सचिव जीवछ पासवान ने कहा कि, हसनपुर के मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) में 1992 से करीब एक हजार परिवार केशरी ए हिंद सरकारी जमीन पर बसे हुए थे। इन परिवारों का नाम वोटरलिस्ट में था। इन्हें राशनकार्ड, बिजली, पानी आदि तमाम सरकारी सुविधा भी प्राप्त था। मगर एक साज़िश के तहत इन्हें पुलिस एवं सामंती गुंडा गठजोड़ ने उजाड़ दिया। जिले के अन्य प्रखंडों में भी सरकारी जमीन पर बसे दलितों-गरीबों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। भूमिहीनों को वास भूमि एवं आवास देने के सरकारी प्रावधान के बाबजूद उन्हें न वास भूमि दिया जा रहा है और न ही आवास दिया जा रहा है। यहां तक कि, सरकारी जमीन पर पुस्तैनी बसे परिवारों को पर्चा तक नहीं दिया जा रहा है। इससे उनके आवास योजना का राशि लौट रही है। उन्होंने कहा कि सुंदरैयानगर के उजाड़े गये 907 परिवारों को पर्चा देकर बसाने, जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास एवं सरकारी जमीन पर बसे परिवारों को पर्चा देने का प्रशासन द्वारा आश्वासन दिए जाने तक अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस की किल्लत नहीं सामान्य स्थिति में गैस वितरण : एसडीएम

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पाण्डेय ने जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर बेनीपट्टी थाना के समीप स्थित अवंतिका और बनकट्टा में स्थित श्याम इंडेन गैस एजेंसी पाली का निरीक्षण किये। अनुमंडल पदाधिकारी ने दोनों स्थानों पर स्टॉक और वितरण की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर प्रबंधन से जानकारी ली और निर्देश दिए! अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि स्थिति सामान्य है। कहीं भी किल्लत नहीं है। अनुमंडल के सभी पदाधिकारी चारों प्रखंड और मुख्यालय में एजेंसियों और गोदाम की जांच कर रहे हैं। बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गैस के कालाबाजारी करने वाले पर प्रशासन नजर रख रही है अगर पकड़े गए तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी! लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि गैस का भंडारण न करें समान स्थिति में गैस उपभोक्ताओं को गैस मिलता रहेगा!



### एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के लिए ऑनलाइन लिंक जारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए एलपीजी उपभोक्ताओं को एक गूगल फॉर्म लिंक उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से वे अपनी शिकायत सीधे जिला प्रशासन तक पहुँचा सकते हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की आपूर्ति, वितरण में अनियमितता, अधिक मूल्य वसूली अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या हो, तो वे निम्नलिखित लिंक पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं !प्रशासन ने जिले के सभी एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या की जानकारी इस लिंक के माध्यम से साझा करें, ताकि शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### 6 परीक्षा केंद्रों पर होगी मध्यमा परीक्षा,मध्यमा परीक्षा-2026 में कुल 2478 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने अपने संयुक्त आदेश के तहत कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण मध्यमा परीक्षा-2026 के आयोजन को लेकर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए है। मध्यमा परीक्षा 16. मार्च से प्रारंभ होकर19. मार्च तक दो पालीयों में कुल 06 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय एवं परीक्षा प्रारंभ के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति कदापि नही दी जायेगी। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को पूरी परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने हेतु निदेश दिया गया है।जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों से ससमय परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपील की है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी या स्मार्ट वॉच एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी एवं वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

### बच्चों को सुपौल स्थित बिष्णु चंद मंदिर एवं मधेपुरा स्थित सिंहेश्वर स्थान का भ्रमण कराया

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कुमरखत पश्चिमी पंचायत के अंतर्गत कुमरखत कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय के द्वारा लगभग 50 बच्चों का परिभ्रमण के लिए विधालय प्रधानाध्यापक लेख नारायण यादव एवं भूमि दानकर्ता महंथ सुखदेव दास शास्त्री के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विधालय प्रधानाध्यापक लेख नारायण यादव के अनुसार बच्चों को सुपौल स्थित बिष्णु चंद मंदिर एवं मधेपुरा स्थित सिंहेश्वर स्थान का भ्रमण कराया गया। सभी बच्चों को खाना एवं निःशुल्क परिभ्रमण कराया गया चुकी यह कार्यक्रम सरकारी स्तर पर आयोजित था। विधालय प्रभारी निलम कुमारी,वरीय शिक्षक लेख नारायण यादव , विद्यालय के शिक्षा समिति अध्यक्ष उपेंद्र कामत, सचिव राज कुमारी देवी, अर्चना कुमारी , उमेश कुमार, पप्पू कुमार एवं बिहारी यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### तारामंडल, म्यूजियम, मिथिला विवि सहित कई स्थलो का किया परिभ्रमण

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय दुर्जोलिया, उर्दू मध्य विद्यालय बसबरिया बिस्फी, उर्दू मध्य विद्यालय परसौनी बालक, मध्य विद्यालय चहुटा, मध्य विद्यालय मुरलियाचक, मध्य विद्यालय जफरा मध्य विद्यालय नाहस कन्या हरिजन सहित कई विद्यालयों के छात्राओं ने दरभंगा के प्रमुख शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण किया.वही तारामंडल, खगोल विज्ञान, म्यूजियम मिथिला विश्वविद्यालय सहित कई स्थलों का भ्रमण कर संबंधित जानकारियां हासिल की. भ्रमण के क्रम में छात्रों ने दरभंगा राज किला का अवलोकन किया इसके बाद छात्रों ने श्यामा माई मंदिर एवं मनोकामना मंदिर का दर्शन की. इस दौरान प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार मिश्र, कलीम अहमद, मनोज कुमार, राम कुमार शाह, लोकमान्य तुलसी ने मार्गदर्शन करते हुए दरभंगा राज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सौरमंडल, ग्रह-नक्षत्र, अंतरिक्ष की संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इस मौके पर मो शाहिद अख्तर उर्फ पिंटू, राजकुमार महतो, सुरेंद्र प्रकाश, अस्थाना खातून, मोहम्मद खालिद तनवीर, मनोज कुमार ठाकुर, अरुण कुमार ,आशुतोष ठाकुर, किरण कुमारी, रितु कुमारी, नजमुल आरफीन,दीपक कुमार, विकास कुमार झा, लक्ष्मी नारायण मंडल सहित कई लोग शामिल हुए।



### बनते ही टूटने लगी सड़के : अभियंता एवं संवेदक के सांठगांठ से की जा रही करोड़ों की सरकारी राशि का बंदरबांट : विष्णुदेव सिंह यादव

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में आरईओ बेनीपट्टी के द्वारा अधिकांश सड़क निर्माण में घटिया निर्माण कार्य कर घोर अनियमितता बरती जा रही हैं। संवेदक के द्वारा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं करवा कर घटिया स्तर का कार्य करवा रहें है जिस कारण सड़क छः महीना भी नहीं टिक सकता है। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने इस संबंध में जिला पदाधिकारी को पत्र लिख कर कहा है कि बिस्फी प्रखंड क्षेत्र में आरईओ बेनीपट्टी के द्वारा बनाए गए अधिकांश सड़क में घटिया स्तर का सामग्री लगाया हैं। ऐसे में इस निर्माण कार्य की जांच कराना बेहद जरूरी हैं। आरईओ बेनीपट्टी के द्वारा वर्तमान में भैरवा से नरसाम तक जारी प्राक्कलन के अनुसार सड़क निर्माण नहीं कर घटिया स्तर का कार्य करवाया जा रहा है। एक भी जगह प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगा है। वहीं कठेला कब्रिस्तान के समीप मात्र एक इंच मेटल से ही ढलाई किए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा किए गए विरोध के बाद संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य एक दिन बंद रखा। लेकिन संवेदक ने ग्रामीणों को डरा धमका कर अपने दबंगई से फिर प्राक्कलन की अनदेखी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है जिससे स्थानीय ग्रामीणों के बीच रोष व्याप्त है । इसी प्रकार परसौनी से इटहर गांव तक निर्माण कराए गए सड़क परसौनी हाई स्कूल के उतर एक महीना के अंतराल में ही सड़क जर्जर हो गया है जिससे सड़क के गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठ रहा है । पतौना से नूरचक गांव तक आरईओ के द्वारा घटिया स्तर का सड़क बनाया गया है। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने आरोप लगाया है कि विभागीय अभियंता एवं संवेदक के सांठगांठ से प्रखंड क्षेत्र में घटिया सड़क निर्माण करवा कर सरकारी राशि का लूटखसोट किया गया है जिसकी जांच भी कराने की मांग डीएम से की गई है ।

# बी. एम. कॉलेज, रहिका में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का सफल आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

**मधुबनी (एनएसबी)।** माय भारत (मेरा युवा भारत) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग तथा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेर्शानुसार जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2026' कार्यक्रम का आयोजन 12 मार्च 2026 को बी. एम. कॉलेज, रहिका, मधुबनी में सफलतापूर्वक किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आरती प्रसाद, कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार तथा निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. जगदीश प्रसाद गुप्ता, डॉ. रवीन्द्र कुमार ठाकुर, प्रो. मोहित ठाकुर, श्री नागेंद्र यादव एवं मो. उमर अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आरती प्रसाद ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में युवाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सह वरीय शिक्षक डॉ. कुमार वैभव ने कहा कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तर्कशीलता और लोकतांत्रिक समझ को विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं तथा समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूक होने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जाए, तो वही शक्ति राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला बन सकती है। युवा संसद जैसे मंच युवाओं को अपने विचार अभिव्यक्त करने तथा लोकतांत्रिक विमर्श को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न भागों से आए युवाओं एवं विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ह्लआपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए सबकह्व विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ पाँच प्रतिभागियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय ह्लविकसित भारत युवा संसद 2026ह्व कार्यक्रम के लिए किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मो. शाहनवाज, द्वितीय स्थान लाडली मिश्रा, तृतीय स्थान सचिन सिंह, चतुर्थ स्थान गुंजन कुमारी एवं पंचम स्थान मो. अलतमश को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राज किशोर पासवान ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने दिया।

## महापुरुषों के स्थल का विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास : घनश्याम ठाकुर


उद्घाटन करते ।

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी नगर के अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर स्मारक पर करीब 3 लाख रुपए की लागत से अपने ऐच्छिक कोष से हुए जीर्णोद्वार कार्य का उद्घाटन बिहार भाजपा के एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने मंगलवार को किया। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए एमएलसी ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि राष्ट्र की पहचान थे। इस ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण कार्य होना आवश्यक था। इस स्थल को भव्य व दिव्य रूप देने के लिए सौंदर्यीकरण कराया गया है। बेनीपट्टी में महापुरुषों के स्थल का विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास जारी है। ताकि, बेनीपट्टी प्रवेश करने पर लोगों को लगे कि उन्हें भव्यता व दिव्यता महसूस हो रहा है। बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र की समस्याओं की निदान के लिए विधान परिषद में ज्वलंत मुद्दों को उठाया जा रहा है। ताकि, आमजनता को इसका फायदा हो। एनडीए सरकार में बिहार में तेजी से विकास हो रहा है। ऐतिहासिक व पौराणिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पौराणिक व धार्मिक स्थलों का विकास होने पर रोजगार का साधन बढ़ेगा। डबल इंजन की सरकार रोजगार व नौकरी के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय, भाजपा जिला प्रवक्ता गिरिधारी झा, सुधीर पासवान, संतोष भगत, डॉ. बागीशकांत झा, अनिल राय, मोहन मिश्र, संजय चौधरी, विवेक यादव, संतोष झा, अखिलेश्वर प्रसाद शरण उर्फ सुधीर पासवान आदि उपस्थित थे। एमएलसी सहित आगंतुक अतिथियों को भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय ने मिथिला परंपरा के अनुसार पाग-डोप्टा से सम्मानित किया।

## लूट की योजना बना रहे अपराधी हथियार व चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के जयनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट की योजना बना रहे एक अपराधी को हथियार, जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसका एक अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मधुबनी जेल भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र के बेतौन्हा रोड स्थित एक सुनसान स्थान पर दो अपराधी एकत्रित होकर किसी बड़े व्यापारी के यहां लूट की योजना बना रहे थे। इस संबंध में जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया।

गठित पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर बेतौन्हा रोड स्थित सुनसान इलाके में छापेमारी की। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, वहां मौजूद दोनों अपराधियों ने पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों का पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पैंथर पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए एक अपराधी को खदेड़कर धर दबोचा। हालांकि दूसरा अपराधी अंधेरे और मौके की स्थिति का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।पुलिस द्वारा पकड़े गए अपराधी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम धीरज कुमार यादव, उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता शिवनारायण यादव, ग्राम पिपराटोल वार्ड नंबर 5, थाना जयनगर बताया। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस ने बरामद हथियार, कारतूस और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि दोनों अपराधी किसी बड़े व्यापारी को निशाना बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। हालांकि पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और फरार अपराधी की पहचान करने के साथ उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सतर्क है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधी के पास से बरामद हथियार और कारतूस के संबंध में भी जांच की जा रही है कि यह कहां से लाया गया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध जयनगर थाना में कांड संख्या 120/26 दर्ज कर लिया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मधुबनी जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में एसआई मुकेश कुमार, एएसआई मोनिका कुमारी, पैंथर सिपाही राहुल कुमार, पैंथर सिपाही विकास कुमार, चौकीदार संतोष कुमार समेत कई अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी शहर के नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पथ निर्माण विभाग, बिहार* सरकार के अंतर्गत पथ प्रमंडल, मधुबनी द्वारा शहर के एक महत्वपूर्ण मार्ग पर पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आर.के. कॉलेज मुख्य द्वार से किशोरी लाल चौक झ लोहरसारी चौक झ संतु नगर चौक होते हुए भुवना उद्यान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस परियोजना के तहत सड़क के साथ-साथ समुचित जल निकासी की व्यवस्था के लिए नाली निर्माण भी किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से भी राहत मिलेगी।इस सड़क की कुल लंबाई 2.10 किलोमीटर होगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए ₹1270.72 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यवसायियों तथा आम यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और शहर के विकास को भी नई गति मिलेगी। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृति के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा कर जनता को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## अंचल अधिकारियों की हड़ताल से कामकाज कार्यालय में बंद

**जयनगर (एनएसबी)।** जिले के जयनगर अनुमंडल क्षेत्र के तीनों अंचलों में तैनात अंचल अधिकारी (सीओ) अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार 9 मार्च से सामूहिक हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल का सीधा असर अंचल कार्यालयों के कामकाज पर पड़ा है और अधिकांश कार्य प्रभावित हो गए हैं। कई जगहों पर स्थिति ऐसी बन गई है कि कामकाज लगभग पूरी तरह ठप पड़ गया है। पहले से ही राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहने के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है, जिससे आम लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।जानकारी के अनुसार बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर राज्यभर के अंचल अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर सामूहिक हड़ताल पर हैं। इसी के तहत जयनगर अनुमंडल क्षेत्र के जयनगर, बासोपट्टी और लदनियां अंचलों में तैनात सीओ भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। अंचल अधिकारियों के हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली लगभग ठप हो गई है और प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

अंचल कार्यालय से जुड़े अधिकांश राजस्व एवं प्रशासनिक कार्य फिलहाल प्रभावित हो रहे हैं। हड़ताल के कारण दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन, म्यूटेशन, भू-अभिलेख सुधार, जमीन से जुड़े विवादों की सुनवाई, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इन सेवाओं के ठप हो जाने से आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के सिलसिले में अंचल कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन हड़ताल के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। कई लोग सुबह से ही कार्यालय पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं, लेकिन अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के कारण उनके कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इससे लोगों में निराशा और असंतोष का माहौल भी देखने को मिल रहा है।सबसे अधिक परेशानी छात्रों और आम नागरिकों को हो रही है। वर्तमान समय में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन, छात्रवृत्ति आवेदन तथा अन्य सरकारी योजनाओं के लिए जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है। प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने के कारण कई छात्रों के महत्वपूर्ण कार्य अटक गए हैं। इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी दस्तावेजों के अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## 18 परीक्षा केंद्रों पर होगी परिचारी, सामान्य, आदेशपाल की लिखित परीक्षा


बैठक करते अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** अपर समाहर्ता मुकेश रंजन,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रमोद कुमार महथा एवं पुलिस उपाधीक्षक रश्मि ने डीआरडीए स्थित सभाकक्ष में परिचारी, सामान्य+आदेशपाल की नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा को कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने को लेकर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से ब्रीफिंग किया। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को कई आवश्यक निदेश भी दिए गए। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुचने का निदेश दिया गया।

विदित हो कि परिचारी, चपरासी (सामान्य+आदेशपाल) की लिखित परीक्षा 15. मार्च को प्रथम पाली प्रातः 10: बजे से दोपहर 12: बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02: बजे से शाम 04 बजे तक दो पाली में आयोजित होगी परीक्षा। परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश भी दिया गया है।परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय मुख्य द्वार पर फ्रिस्किंग हेतु पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षीय कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुरुष अथवा महिला सभी अभ्यर्थियों की अनिवार्य रूप से बॉडी फ्रिस्किंग की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से जैमर लगाया जायेगा। किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी कर्मी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं है। सभी परीक्षा केंद्रों पर 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी।बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नितेश पाठक सहित सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी आदिउपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला जदयू के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कांटी विधायक से लिया मार्गदर्शन, विधायक ने कहा : मजबूत संगठन से बनाएंगे इतिहास



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिला जदयू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने संगठन की कमान संभालते ही अपनी सांगठनिक कार्यकुशलता और बेहतरीन समन्वय का परिचय दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने कांटी के जदयू विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार से उनके शहरी आवास बीबीगंज पहुँचकर न केवल उनका मार्गदर्शन लिया, बल्कि जिले में पार्टी को जमीनी स्तर पर 'अजेय' बनाने की रणनीति भी साझा की। अनुपम कुमार के जदयू जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली औपचारिक मुलाकात थी, जिसमें कांटी विधायक अजीत कुमार ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने भी विधायक अजीत कुमार को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अजीत कुमार ने कहा की मजबूत संगठन से नया इतिहास रचेंगे।

### मीनापुर में धूमधाम से मनाया गया शहीद जुब्बा सहनी का शहादत दिवस



**कांटी/एनएसबी।** मीनापुर प्रखंड अंतर्गत चैनपुर में गुरुवार को अमर शहीद जुब्बा सहनी शहादत दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। पूर्व मुखिया अजय सहनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हरि सहनी और भाजपा के वरिष्ठ नेता सह निषाद संघर्ष मोर्चा के संरक्षक रंजीत सहनी अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में अतिथियों ने वीर शहीद जुब्बा सहनी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि अंग्रेजों से लड़ते हुए उन्होंने अपने प्राण की आहुति दे दी। आज के दिन हम सभी उनके पद चिन्हों पर हमेशा चलने का संकल्प लें, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं पूर्व मुखिया अजय सहनी ने कहा कि हमें गर्व है कि हम जुब्बा सहनी जी के गांव में जन्म लिए हैं। हम हर साल उनकी शहादत दिवस बड़े धूमधाम से मनाते हैं और मनाते रहेंगे। क्योंकि उन्होंने अपने गांव के लोगों को फांसी से बचाने के लिए खुद फांसी पर चढ़ गए। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री हरि सहनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं निषाद संघर्ष मोर्चा के संरक्षक रंजीत सहनी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सहनी, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी गोपी किशन, निषाद संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी केदार सहनी, उपेंद्र निषाद लालबाबू सहनी, टुन्ना, समेत कई दलों के नेता, कार्यकर्ता और बडी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### नगर निगम बोर्ड की बैठक में कांटी विधायक ने उठाया कई जनहित के मुद्दे

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर निगम मुजफ्फरपुर बोर्ड की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस बैठक में नगर विधायक रंजन कुमार के साथ साथ कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार भी शामिल हुए। जहां उन्होंने नगर निगम



के वार्ड 01 एवं 12 जो कांटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है के विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान नगर आयुक्त से उक्त दोनों वार्ड में लंबित विकास कार्यों को गति देने एवं निश्चित समय सीमा के अंदर योजनाओं को पूरा करने को कहा। बैठक में नगर निगम के कार्यपालक अभियंता के द्वारा श्री कुमार को बताया गया कि अनुशंसित सड़क एवं कई नाला का प्राक्कलन तैयार किया गया है। इसमें लगभग तीन करोड रुपए की लागत आएगी। इन योजनाओं के संबंध में शीघ्र आगे की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। मौके पर उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के नल जल, गैस पाइपलाइन सहित कई प्रमुख योजनाओं पर भी अपना सुझाव दिया। बैठक में नगर निगम के मेयर, उपमेयर, नगर आयुक्त एवं सभी वार्ड के वार्ड पार्षद मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी वार्ड के पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को बैठक में प्रमुखता से उठाया।

### चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 14 को

चित्रगुप्त एसोसिएशन प्रांगन में उपाध्यक्ष राकेश सम्राट की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में महामंत्री प्रो अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया की आगामी 14 मार्च को संध्या 4 बजे से चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में मेगा



निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज के सभी जाति वर्गों के लोगो के लिए किया जायेगा। जिसमे शहर के प्रख्यात चिकित्सक डायेबेटोलोजिस्ट डॉ ब्रजेश श्रीवास्तव द्वारा शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य जांच व इलाज किया जाएगा। साथ ही निशुल्क यूरिक एसिड, आरबीएस, फाईब्रो स्कैन, इसीजी आदि जाँच भी की जाएगी। मौके पर संगठन मंत्री सत्येन्द्र कुमार पिंकू, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, कार्यालय मंत्री बिशम्भर प्रसाद सिन्हा, सह संयोजक सर्वजीत प्रियेदर्शी मन्ना आदि उपस्थित थे।

### अनुपम कुमार को मुजफ्फरपुर जदयू जिलाध्यक्ष बनाने पर औराई के पार्टी कार्यकताओं में हर्ष

**औराई(एनएस बी)।** मुजफ्फरपुर महानगर जदयू के पूर्व अध्यक्ष रहे अनुपम कुमार को जदयू जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर औराई प्रखंड जदयू कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। उनके चयन को लेकर कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया है। औराई प्रखंड जदयू अध्यक्ष बेचन महतो ने कहा कि अनुपम कुमार एक कुशल, परिपक्व और मिलनसार नेता हैं। उनकी कार्यशैली सभी वर्गों और कार्यकताओं को साथ लेकर चलने की रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत व धारदार बनेगी। साथ ही पार्टी कार्यकताओं को भी नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अनुपम कुमार सिंह इससे पहले जदयू के महानगर अध्यक्ष के पद को भी सुशोभित कर चुके हैं और संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता के कारण ही पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई देने वालों में प्रखंड जदयू अध्यक्ष बेचन महतो के अलावा अशोक राम, गजनफर हुसैन, बाबर अली राइन, मो वसीम, अभिषेक कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, अरुण पासवान, हरिश्चंद्र राय, बबन कुमार झा, शालिनी देवी, अभेष पाण्डेय सहित कई कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल हैं। सभी ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई है।

# कटरा अंचल के इंस्पेक्टर के साथ अभद्र व अपमानजनक व्यवहार करना दारोगा को भारी पड़ा

**एसएसपी ने अनुशासनहीनता व अभद्र व्यवहार करने के आरोपी हथौड़ी थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित**



मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अपने ही क्षेत्र के सर्किल इंस्पेक्टर के साथ अभद्र व अपमानजनक व्यवहार करना हथौड़ी थानाध्यक्ष को भारी पड़ गया। कटरा के सर्किल इंस्पेक्टर द्वारा आला पुलिस अधिकारियों को इस मामले में की गई लिखित शिकायत के आलोक में डीआईजी चंदन कुशवाहा के निर्देश पर मामले के जांचोपरांत एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने अनुशासनहीन हथौड़ी थानाध्यक्ष के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित दारोग को एसएसपी ने तत्काल पुलिस लाइन हाजिर होने का निर्देश जारी किया है। अनुशासन के मामले को लेकर एसएसपी द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दिया है। मुजफ्फरपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई इस जानकारी के बाद अनुशासन के मुद्दे पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले दिनों कटरा के सर्किल इंस्पेक्टर ने एक लिखित शिकायत दी थी, जिसमें सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया था कि हथौड़ी थानाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने उनके साथ अभद्र और अपमानजनक तरीके से पेश आए तथा बदतमीजी की। जैसे ही यह लिखित शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंचा, वहीं तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा को दिया। एसएसपी ने मामले की जांच में हथौड़ी थानाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी पर सर्किल इंस्पेक्टर द्वारा लगाए गए सभी आरोप सत्य पाते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर देवेंद्र चौधरी को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर पुलिस लाइन हाजिर होने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही एसएसपी ने सत्य नारायण शर्मा को हथौड़ी थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी। इस मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कटरा अंचल के इंस्पेक्टर द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की जांच की गई थी। जांच के बाद अनुशासनहीनता और बदतमीजी के आरोपों को गंभीर मानते हुए दारोग देवेंद्र चौधरी के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग में अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। चाहे कोई भी अधिकारी क्यों न हो, अगर वह अपने वरीय अधिकारी के साथ बदतमीजी करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई तय है।

## आपूर्तिकर्ता कंपनी का ऑनलाइन गैस बुकिंग सिस्टम बंद होने से नम्बर लगाने में दिक्कत और गैस नहीं मिलने से परेशानी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे उपभोक्ता

**खाली सिलेंडर व मोबाइल लेकर पहुंचे उपभोक्ताओं ने प्रशासनिक दावे के अनुसार व्यवस्था में सुधार की उठाई मांग**



खाली सिलेंडर के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे गैस उपभोक्ता।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण कई हिस्सों में एलपीजी घरेलू गैस आपूर्ति की किल्लत को लेकर गैस उपभोक्ता परेशान हैं। मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन का दावा है कि जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता गैस आपूर्ति करने वाली कंपनियों द्वारा उतपन्न की गई तकनीकी समस्या से परेशान है। एक तरफ जहां लोग गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर की अधिकांश गैस एजेंसी के संचालक ऑनलाइन नम्बर लगाने के बाद ही उपलब्ध रहने पर सिलेंडर की आपूर्ति करने की बात कहकर उपभोक्ताओं को लौटा दे रहे हैं। इस कड़ी में उपभोक्ताओं के सामने सबसे बड़ी समस्या गैस का नम्बर लगाने में हो रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इंडियन ऑयल के जिस नम्बर पर कॉल करके या मिसकॉल करने से गैस का नम्बर लगता था, उन दोनों नम्बरों पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। गैस के लिए कोई पांच दिन तो कोई तीन दिनों से ऑनलाइन नम्बर लगाने के लिए प्रयासरत है। लेकिन नम्बर हीं नहीं लग रहा। इस स्थिति में उपभोक्ता एक तरफ घर में गैस की किल्लत और दूसरी तरफ सिलेंडर के लिए नम्बर लगाने की कठिनाई झेलने को मजबूर हैं। इस मामले में इंडेन गैस आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के लोगों का तर्क है कि कंपनी का ऑनलाइन सर्बर डिस्टर्ब चल रहा है, जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। इस बीच गुरुवार को गैस नहीं मिलने व गैस का ऑनलाइन नम्बर नहीं लगने को लेकर नाराज दर्जनों उपभोक्ता खाली गैस सिलेंडर व मोबाइल लेकर समाहरणालय पहुंच गए तथा डीएम से मिलकर अपनी समस्या बताने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का कहना था कि जिला प्रशासन गैस की कमी नहीं होने की बात कह रहा है, वही गैस एजेंसी वाले कंपनी का सर्बर डिस्टर्ब होने के बाद भी ऑनलाइन बुकिंग कराने पर ही गैस की उपलब्धता की शर्त रख रहे हैं। वहीं बुकिंग कोड आने के बाद भी एजेंसी द्वारा गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। प्रदर्शनकारी गैस उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि जो लोग दो हजार रुपए अतिरिक्त भुगतान दे रहे हैं, गैस एजेंसी वाले उन्हें सिलेंडर दे रहे हैं। इस क्रम में उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही गड़बड़ी को रोकने तथा कंपनी का ऑनलाइन बुकिंग सर्बर डिस्टर्ब रहने तक एजेंसियों द्वारा गैस बुकिंग की वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की।



ऑनलाइन गैस बुकिंग के कंपनी का सर्बर डिस्टर्ब होने के संबंध में शिकायत करते उपभोक्ता।

## कांटी बीडीओ सह प्रभारी बीईओ ने कई विद्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान



क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण करते प्रभारी बीईओ।

## अनुपस्थित मिले 2 शिक्षकों का वेतन किया स्थगित

**कांटी/एनएसबी।** कांटी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति ने गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय छीतरपट्टी, हाई स्कूल पानापुर एवं मध्य विद्यालय हरिदासपुर का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ सह बीईओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय हरिदासपुर में दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए जिनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है एवं शोकॉज किया गया है। वही,बीडीओ सह बीईओ आनंद कुमार विभूति ने बताया कि क्षेत्र के विद्यालयों की निरीक्षण व औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगा।बीडीओ सह बीईओ आनंद कुमार विभूति ने बताया कि क्षेत्र के कई विद्यालयों में एनजीओ द्वारा मध्याहन भोजन में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी जिसके आलोक में एनजीओ संचालक को सुधार करने की कड़े निर्देश दी गई थी आगे निरीक्षण के दौरान किसी विद्यालय में मध्याहन भोजन में गड़बड़ी मिलती है तो जांचों उपरांत एनजीओ संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा वरीय अधिकारियों से तत्काल की जाएगी।

## कर्मचारियों की हड़ताल के कारण विश्वविद्यालय मुख्यालय के सभी कॉलेजों में कामकाज रहा ठप



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर दो दिवसीय धरना के दूसरे दिन गुरुवार को भी विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में पठन-पाठन एवं कामकाज ठप रहा। रामदयालु सिंह महाविद्यालय समेत सभी कॉलेजों में अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में कर्मचारी सुबह से ही कॉलेज कैंपस में धरना दिया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। प्रक्षेत्रीय नेताओं ने सभी कॉलेज का भ्रमण कर आंदोलन को गति प्रदान किया और कहा कि 15 मार्च तक मांगों पर सुनवाई न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर राम दयालु सिंह महाविद्यालय के डॉ पूनम कुमारी, पूर्णेन्दु कार्तिक, रामनाथ सिंह, निर्मल कुमार शर्मा, राहुल कुमार, मनीष कुमार, सोनी वर्मा, सोनेलाल राय, कुमारी निधि, मनीष, उज्जवल, प्रभा कुमारी, ललिता देवी समेत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। धरना कार्यक्रम को कॉलेज शिक्षकों का भी नैतिक समर्थन मिला।

### गूगल मीट पर आयोजित बैठक में मना मिथिला विद्यार्थी परिषद का 21वाँ स्थापना दिवस



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की छात्र इकाई मिथिला विद्यार्थी परिषद द्वारा गूगल मीट पर आयोजित एक बैठक के माध्यम से परिषद का 21वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मिथिला विद्यार्थी परिषद की अध्यक्ष डॉ. ममता झा, भागलपुर ने कहा कि, छात्रों को चरित्र निर्माण तथा कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जिससे वे मिथिला की वर्तमान निराशाजनक आर्थिक व राजनीतिक स्थिति को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। परिषद के संस्थापक डॉ. धनाकर ठाकुर ने कहा कि नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में परिवर्तन छात्रों के माध्यम से ही आए हैं। हर दौर में समाज और राष्ट्र में व्यापक परिवर्तन लाने में छात्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के अध्यक्ष डॉ. अशोक अविचल ने कहा कि मिथिला राज्य के लिए बीजारोपण हो चुका है। अब आवश्यकता है कि हम अपने प्रयासों को और बढ़ाएँ तथा मिथिला राज्य की प्राप्ति के लिए संगठित रूप से कार्य करें।

# वार्ड 20 के लोकप्रिय पार्षद संजय केजरीवाल ने निगम बोर्ड की बैठक में पद से दिया इस्तीफा

**नगर निगम प्रशासन की दोषपूर्ण कार्य प्रणाली, जनहित मामले की उपेक्षा और प्रशासन के उदासीन रवैये पर जताया क्षोभ**



नगर क्षेत्र के वार्ड 20 के पार्षद संजय केजरीवाल।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर नगर के वार्ड संख्या 20 के निगम पार्षद संजय केजरीवाल ने गुरुवार को नगर निगम बोर्ड की बैठक में नगर निगम प्रशासन के दोषपूर्ण कार्यकलापों, जनहित मामले की उपेक्षा व बोर्ड में लिए गए निर्णय का गंभीरता से पालन नहीं होने आदि मामले से क्षुब्ध होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भारी मन से बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा महापौर को भेज दिया है। इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। लेकिन जब एक जनप्रतिनिधि के रूप में बार-बार यह महसूस हो कि बोर्ड में लिए गए निर्णयों का पालन नहीं हो रहा है, जनहित के मुद्दों की अनदेखी हो रही है और भ्रष्टाचार के मामलों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही हैं। तब उस पद पर बने रहना उनके लिए नैतिक रूप से उचित नहीं था। उन्होंने अपना इस्तीफा देने के पीछे के कुछ गंभीर कारणो को सार्वजनिक रूप में रखते हुए कहा कि ट्रेड लाइसेंस पर अवैध तरीके से विलंब शुल्क लागू किया जाना, बोर्ड की स्वीकृति के बावजूद सफाई कर्मियों के मानदेय में 50 रुपये की बढ़ोतरी लागू नही होना, वर्ष 2010 के बाद से सड़कों का नियमानुसार पुनर्वर्गीकरण नही होना, लैपटॉप और साइन बोर्ड जैसे चर्चित मामलों की जांच रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नही किया जाना, गुदरी, अघोरिया बाजार और बहलखाना के जर्जर भवनों की समस्या का समाधान नही होना, नगर प्रशासन द्वारा कई संवेदनशील विषयों पर उदासीन रवैया अपनाया जाना आदि मुद्दे उन्हें अंदर से परेशान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी हमेशा कोशिश रही कि नगर निगम में रहते हुए जनता की आवाज मजबूती से उठाऊं। लेकिन जब बार बार मुझे यह महसूस होने लगा कि व्यवस्था जनहित के अनुरूप काम नहीं कर रही है। तब उन्होंने इस माहौल से अलग होने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि मैं जिस बोर्ड का सदस्य था, इसके बावजूद यदि मैं जनता के लिए कुछ बदल नहीं पा रहा था। ऐसे में मुझे यह आभास हुआ कि नाकाम सदस्य कहलाने से बेहतर है कि मैं पद छोड़ दूं और जनता हित के लिए मैंने अपना पद त्याग दिया। उन्होंने कहा कि

पद मेरे लिए कभी लक्ष्य नहीं रहा। जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है। आगे भी मुजफ्फरपुर के विकास और जनहित के मुद्दों पर मैं अपनी आवाज पहले की तरह उठाता रहूंगा। उधर, वार्ड पार्षद पद से संजय केजरीवाल द्वारा इस्तीफा दे दिए जाने के बाद अब आने वाले समय मे नगर निगम की राजनीति क्या मोड़ लेती है, यह देखना रोमांचकारी होगा।

13 MAR DNS PAGES_page dummy final.qxd 13-03-2026 03:43 Page 3



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां अंतिम चरण में

# 12 न्यायिक पीठों का हुआ गठन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सीतामढ़ी में सरगर्मी तेज हो गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सीतामढ़ी, दिनेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इस मेगा इवेंट की तैयारियाँ जोरों पर हैं।

इस बार की लोक अदालत में बैंक ऋण (बीआईएनएफ) मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला जज दिनेश शर्मा ने बताया कि लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुकदमों के त्वरित और सुगम निपटारे के लिए कुल 12 न्यायिक पीठों का गठन किया गया है। गठित बेंचों में विभिन्न श्रेणियों के सुलहनीय वादों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा, जिनमें आपराधिक सुलहनीय मामले,बैंक ऋण एवं 138 एनआई एक्ट (चेक बाउंस) मोटर दुर्घटना बीमा दावा एवं पारिवारिक विवाद श्रम विवाद, भू-अधिग्रहण और राजस्व मामले विद्युत, वन अधिनियम और माप-तौल विभाग से जुड़े मामले। जानकारी के अनुसार प्राधिकार कार्यालय द्वारा अब तक लगभग चार हजार पक्षकारों को नोटिस जारी किया जा चुका है। इन नोटिसों का तामिला संबंधित थानों और पारा विधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से कराया जा रहा है। विभागीय मामलों (विद्युत, माप-तौल, श्रम, वन विभाग) के वैसे पक्षकार जिन्हें अब तक औपचारिक नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन वे समझौता राशि जमा कर मामले को खत्म करना चाहते हैं, उन्हें नोटिस का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। वे सीधे 14 मार्च को संबंधित बेंच के समक्ष उपस्थित होकर अपने वाद का निष्पादन करा सकते हैं। लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर होर्डिंग लगाए गए हैं। साथ ही, पैनल अधिवक्ताओं और पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को "सुलह से समाधान" की जानकारी दी जा रही है।

सीतामढ़ी नगर निगम का बड़ा फैसला

# जिले में 46 वार्डों में लगेंगी 2500 नई स्ट्रीट लाइटें, अंधेरे से मिलेगी मुक्ति

भरत चौबे

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर निगम प्रशासन ने शहर की सूरत बदलने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसके तहत सभी 46 वार्डों में 2500 नई एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। विडंबना यह है कि आजादी के आठ दशक बीत जाने के बाद भी शहर के कई हिस्से बुनियादी रोशनी के लिए तरस रहे हैं। रात 9:00 बजे के बाद जब दुकानों के शटर गिरते हैं, तो मुख्य मार्गों पर भी सन्नाटा और अंधेरा पसर जाता है। विशेष रूप से नगर निगम के विस्तारित क्षेत्रों में स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां आज भी लोग बांस-बल्ले के सहारे बिजली के तार खींचने को मजबूर हैं। इस नई परियोजना से न केवल शहर का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा भी पुख्ता होगी।

**पुराने अनुभवों से सीखः पांच करोड़ की पुरानी योजना का मेंटेनेंस फेल :** शहर में स्ट्रीट लाइट का मुद्दा नया नहीं है। करीब एक दशक पूर्व (वर्ष 2015-16 में) तत्कालीन नगर परिषद ने शहर को रोशन करने के लिए 5 करोड़ रुपये खर्च किए थे। उस दौरान लगभग 3600 एलईडी लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन समय पर रखरखाव (मेंटेनेंस) न होने के कारण वे धीरे-धीरे खराब होती गईं। आज आलम यह है कि करोड़ों की संपत्ति कबाड़ में तब्दील हो चुकी है और कस्टम कार्यालय गेट जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर भी लाइटें बंद पड़ी हैं। वर्तमानप्रशासन ने इस बार पिछली गलतियों से सबक लेते हुए पुरानी बंद पड़ी लाइटों की मरम्मत कराने का भी निर्णय लिया है। विस्तारित क्षेत्रों में जहां बुनियादी ढांचा कमजोर है, वहां समिति गठित कर प्राथमिकता के आधार पर खंभे और लाइटें लगाई जाएंगी।



इमेजिंग इलस्ट्रेशन फोटो

### मुख्य सड़कों पर 90 व गलियों में जलेंगी 70 वाट की लाइटें

नगर निगम ने रोशनी की गुणवत्ता और ऊर्जा बचत को ध्यान में रखते हुए विशेष मानक तय किए हैं। योजना के अनुसार, शहर के मुख्य मार्गों (मेन रोड) को रोशन करने के लिए 90 वाट की शक्तिशाली एलईडी लाइटें चुनी गई हैं, ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को पर्याप्त दृश्यता मिल सके। वहीं, मोहल्लों की तंग गलियों के लिए 70 वाट की एलईडी लाइटें निर्धारित की गई हैं। नगर निगम के सिटी मैनेजर अमरजीत कुमार के अनुसार, सशक्त स्थायी समिति से स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अगले दो-तीन दिनों में कागजी कार्रवाई पूरी होते ही धरातल पर काम शुरू हो जाएगा। प्रत्येक वार्ड में औसतन 50-50 लाइटें लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में, जल्द शुरू होगा काम

नगर निगम के उप नगर आयुक्त कुलदीप सिन्हा और सिटी मैनेजर ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड की मंजूरी के बाद अब क्रियान्वयन में देरी नहीं होगी। विभाग की ओर से मार्गदर्शिका जारी कर दी गई है और विस्तारित क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। नागरिकों की यह पुरानी शिकायत रही है कि वे नियमित रूप से टैक्स तो भरते हैं, लेकिन सुविधाएं नगण्य हैं। अब इस नई परियोजना से उम्मीद जगी है कि सीतामढ़ी के चौक-चौराहों और गलियों में व्याप्त अंधेरे का वातावरण समाप्त होगा। टेंडर फाइनल होते ही चयनित एजेंसी को समय सीमा के भीतर लाइटें लगाने और उनके नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि यह परियोजना पिछली बार की तरह विफल न हो।

समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में धान अधिप्राप्ति एवं आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# गैस एजेंसियों द्वारा किए जा रहे एलपीजी सिलेंडरों के वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाए : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में धान अधिप्राप्ति एवं आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति, वितरण व्यवस्था तथा धान अधिप्राप्ति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडलवार समीक्षा करते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गैस एजेंसियों द्वारा किए जा रहे एलपीजी सिलेंडरों के वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में एलपीजी सिलेंडर अथवा अन्य आवश्यक खाद्य सामग्रियों की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों का नियमित स्टॉक वेरिफिकेशन कराने तथा अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एचपीसीएल के प्रतिनिधि के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश भी दिया गया।

उन्होंने सभी एलपीजी गैस एजेंसियों को प्रतिदिन वितरित किए गए सिलेंडरों की संख्या तथा शेष उपलब्ध स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। घरेलू गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने छापेमारी दल के गठन का निर्देश दिया। इस टीम में सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है। निर्देश दिया गया कि सभी दंडाधिकारी प्रतिदिन भ्रमणशील रहकर अपने-अपने क्षेत्र के होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि वहां घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग न हो रहा हो। साथ ही गैस एजेंसियों द्वारा किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता की भी जांच की जाएगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आम जनों की शिकायत प्राप्त करने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय किया गया है, जो समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सीतामढ़ी में कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06226-250316 है। बैठक में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पैक्स गोदामों के निरीक्षण एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर धान खरीद में अनियमितता पाए जाने पर परसौनी, मेजरगंज एवं बोखड़ा प्रखंड के संबंधित पैक्स के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा तथा उपभोक्ताओं को आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में धान अधिप्राप्ति एवं आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक करते डीएम व उपस्थित अन्य अधिकारी।

सीतामढ़ी की बबीता देवी ने गो पालन को बनाया मुनाफे का सौदा

# दूध और बायोगैस से लाखों की कमाई और भारी बचत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के रुन्नीसैद्पुर की रहने वाली बबीता देवी आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की एक जीवंत मिसाल बन गई हैं। परंपरागत खेती और पशुपालन के दायरे से बाहर निकलकर उन्होंने गो पालन को एक आधुनिक और वैज्ञानिक व्यवसाय के रूप में अपनाया है। बबीता देवी ने न केवल उन्नत नस्ल की गायों का चयन किया, बल्कि उनके खान-पान और स्वास्थ्य प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया। उनकी इस वैज्ञानिक सोच का परिणाम यह है कि आज उनका पशुपालन व्यवसाय तेजी से फल-फूल रहा है, जिसने क्षेत्र के अन्य किसानों का ध्यान भी अपनी ओर आकर्षित किया है।

**दुग्ध उत्पादन से सालाना लाखों की आय :** बबीता देवी की सफलता का मुख्य स्तंभ दुग्ध उत्पादन है। वैज्ञानिक तरीके से पशुओं की देखभाल करने के कारण दूध की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्तमान में, वे दूध की बिक्री से सालाना 3 से 4 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त कर रही हैं। स्थानीय बाजारों और दुग्ध समितियों में उनके डेयरी उत्पादों की भारी मांग रहती है। उन्होंने साबित कर दिया है कि यदि सही प्रबंधन और लगन के साथ काम किया जाए, तो पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। बबीता देवी ने बताया कि 20 से 25 लीटर दूध बेचती है। जिससे अच्छा आय हो जाता है।

**बायोगैस से ईंधन की बचत :** इस व्यवसाय की सबसे खास बात यह है कि बबीता देवी ने गोबर को केवल अपशिष्ट नहीं माना, बल्कि उसे ऊर्जा के स्रोत में बदल दिया। उन्होंने अपने परिसर में बायोगैस प्लांट स्थापित किया है, जिससे मिलने वाली गैस का उपयोग वे अपनी रसोई में करती हैं। इस नवाचार के कारण उन्हें अब बाजार से महंगे एलपीजी सिलेंडर खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। बायोगैस के इस्तेमाल से वे हर साल 20 से 25 हजार रुपये की सीधी बचत कर रही हैं। साथ ही, बायोगैस प्लांट से निकलने वाली स्लरी (अवशेष) का उपयोग वे खेतों में जैविक खाद के रूप में कर रही हैं, जिससे फसल की लागत भी कम हुई है।

**क्षेत्र के किसानों के लिए बनीं रोल मॉडल :** बबीता देवी का यह कंबाइंड मॉडल है, जहाँ दूध से कमाई और बायोगैस से बचत हो रही है, आज पूरे जिले में चर्चा का विषय है। उनकी इस दोहरी सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गोपालन केवल दूध बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके उप-उत्पादों का सही उपयोग मुनाफे को कई गुना बढ़ा सकता है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग भी उनके इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। आज रुन्नीसैदपुर और आसपास के गांवों की महिलाएं बबीता देवी से प्रशिक्षण और प्रेरणा लेकर खुद के छोटे डेयरी फार्म शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।


गो पालन में जुटी बबीता देवी।

जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने को लेकर जिला प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

# एक रेस्टोरेंट पर घरेलू उपयोग के एलपीजी गैस सिलेंडर का उपयोग करने पर प्राथमिकी का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेर्शानुसार जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गठित धावा दल द्वारा आज दिनांक 12.03.2026 को संध्या समय अमघट्टा रोड, डुमरा स्थित राजीव गैस एजेंसी के गोदाम का अनुमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी सदर के नेतृत्व में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी के प्रतिष्ठान में कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। इस संबंध में गैस एजेंसी के संचालक श्री अर्जुन कुमार से अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

**अनुमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी सदर के नेतृत्व में धावा दल द्वारा गैस एजेंसी व रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण**

**एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में चला संयुक्त छापेमारी अभियान**

साथ ही, सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट में भी अनुमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कृष्णा स्वीट्स सहित कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के क्रम में साहू चौक स्थित संजीव स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट में घरेलू उपयोग के एलपीजी गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। इस पर संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट, 1955) एवं एलपीजी (विनियमन आपूर्ति एवं वितरण) आदेश, 2000 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू उपयोग के लिए दिए जाने वाले एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करना कानूनन दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित संचालकों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनों को गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी एवं दुरुपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में धावा दल का गठन किया गया है। यह दल समय-समय पर गैस एजेंसी के गोदामों, होटल एवं रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण करेगा। यदि किसी भी प्रतिष्ठान में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) रद्द करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि एलपीजी गैस से संबंधित किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।


रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य।


गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### पहाड़पुर में पुलिस की कार्रवाई, अलग-अलग मामलों में चार आरोपित गिरफ्तार

**पहाड़पुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों सहित एक शराब पीने के मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे सरेया जागरी टोला निवासी काशी नट के पुत्र इंद्रजीत नट को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा बलुआ बैरिया निवासी जंगली प्रसाद के पुत्र ध्रुव प्रसाद उर्फ ललन प्रसाद तथा लतिया गांव निवासी नागेंद्र मिश्रा के पुत्र प्रिंस मिश्रा को भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया।पहाड़पुर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फाइनल मुकाबले में पहुंचा झारखंड

**चकिया।** महात्मा गांधी अल इंडिया फुटबल टूर्नामेंट के पांचवे दिन गुरुवार को प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला स्थानीय गांधी मैदान में कोलहान सकर चाईबासा झारखंड व फुटबल क्लब बेंगलूर टीम के बीच हुआ। जिसमें झारखंड ने बेंगलूर को 3-2 से परास्त कर दिया।पहले हाफ में झारखंड व बेंगलूर टीम के बीच कांटे की टक्कर हुई। 25 वें मिनट पर झारखंड टीम के जर्सी नंबर 10 एलेक्स ने प्रथम गोल दागा जबकि बेंगलूर के जर्सी नंबर 24 गुरुनूर ने 31 वें मिनट पर गोल दाग टीम को 1-1 के समानांतर ला दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें 1-1की बराबरी पर रही। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों में कांटे की टक्कर हुई। बेंगलूर के जर्सी नंबर 14 अप्पा ने 64वें मिनट पर दूसरा गोल जबकि झारखंड के जर्सी नंबर 10 एलेक्स ने दूसरा गोल किया। दूसरे हाफ की समाप्ति पर दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही। जीत हार का फैसला नहीं होने पर रेफरी ने दोनों टीमों को 10-10 मिनट अतिरिक्तसमय दिया। पहले 10 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे 10 मिनट में झारखंड टीम के खिलाड़ी ने मौका पाकर गोल दाग बेंगलूर को 3-2 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। मैन अफ द मैच का पुरस्कार झारखंड टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 10 एलेक्स व बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार झारखंड टीम को आयोजन समिति के मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को मोहम्मडन एथलेटिक फुटबल क्लब कोलकाता व कंक्रीटो फुटबल क्लब कुशीनगर यूपी के बीच खेला जाएगा। कमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह स्कोरर सुकेश कुमार जबकि रेफरी मनीष कुमार,दिनेश कुमार गुप्ता,संतोष पांडेय,विशाल कुमार थे। मौके पर सभापति पवन सर्राफ,उप सभापति सुभाष कुमार, टूर्नामेंट अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू,जदयू जिला उपाध्यक्ष मुजफ्फरपुर चंद्रभूषण प्रसाद,अशोक यादव,दाऊद आलम, सुभाष सहनी व अन्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### चलती बाइक से गिरकर किशोर जख्मी

**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव के समीप चलती बाइक से गिरकर एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा खुर्द गांव निवासी मो़ रेयाज का 14 वर्षीय पुत्र मो़ रिजवान है। इधर, जख्मी किशोर के पिता मो़ रेयाज ने बताया कि वह गांव के ही एक लड़के के साथ बाइक द्वारा किसी काम से अपने गांव से जितौरा जा रहा था। उसी दौरान कुरमुरी गांव के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने से वह असंतुलित होकर चलती बाइक से गिर पड़ा।

### ट्रक ने अज्ञात बुजुर्ग को मारी टक्कर, जख्मी

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी गुमटी के समीप गुरुवार की शाम ट्रक ने सड़क किनारे जा रहे 60 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम अज्ञात बुजूर्ग अनाइठ की ओर से पूर्वी गुमटी के तरफ आ रहे थे। उसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में जख्मी बुजुर्ग का दोनों पैर लहूलुहान हो गया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक अज्ञात बुजुर्ग की पहचान नहीं हो पाई है।

# बैंक समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण के लिए है प्रतिबद्ध : मुख्य महाप्रबंधक

**मोतिहारी (एनएसबी)।** भारतीय स्टेट बैंक के पटना मंडल द्वारा गुरुवार को मोतिहारी में जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 1700 से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया। स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में महिलाओं को ऋण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने कहा कि बैंक समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। वहीं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बैंकिंग क्षेत्र के कार्यों में प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए बैंक की इस पहल की सराहना की। इस मेगा क्रेडिट कैंप को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैंक की विभिन्न शाखाओं से भी जोड़ा गया, जहां से कई स्वयं सहायता समूहों की



हरी झंडी दिखा एम्बुलेंस रवाना करते मुख्यातिथि व अन्य।

महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पूरे पटना मंडल की ओर से स्वयं सहायता समूहों को कुल 350 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया, जिसका सांकेतिक चेक लाभार्थी दीदियों को सौंपा गया। इसमें क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय मोतिहारी का योगदान 51 करोड़ रुपये रहास कैंप के दौरान जीविका समूहों के अतिरिक्त विभिन्न बैंकिंग करेस्पोंडेंट सेंटर (बीसीएस) के 10 सीएसपी द्वारा री-केवाईसी, केवाईसी तथा अन्य बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान की गईं। वहीं जीविका समूहों द्वारा 10 स्टल लगाकर हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसका मुख्य महाप्रबंधक और जिलाधिकारी ने अवलोकन किया।इस अवसर पर इंडियन रेड क्रस सोसाइटी मोतिहारी को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से एक एम्बुलेंस भी प्रदान की गई।एंबुलेंस की चाबी रेड क्रस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सह अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) शैलेंद्र कुमार भारती के द्वारा ग्रहण किया गयास इसका शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक और जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया, जिससे जिले के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिल सकेगी।

मौके पर उत्तर बिहार नेटवर्क के महाप्रबंधक आऱ नटराजन, करपोरेट कार्यालय मुंबई से महाप्रबंधक विमलेंदु विकास, उप महाप्रबंधक (बी एंड ओ) मुजफ्फरपुर प्रफुल्ल कुमार झा तथा क्षेत्रीय प्रबंधक मोतिहारी संजीव कुमार सिंह सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं जीविका (बिहार ग्रामीण आजीविका संवर्धन सोसाइटी) की ओर से राज्य परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र तिवारी सहित विभिन्न प्रखंड परियोजना प्रबंधक और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मोतिहारी में जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# प्रतिष्ठित व्यवसायियों के ठिकानों पर छापेमारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** वाणिज्य कर विभाग, बिहार की विशेष टीम ने टैक्स चोरी के आरोप में मोतिहारी के दो प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन), मुजफ्फरपुर के निर्देश पर की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने शहर के दो प्रतिष्ठानों आभा इंटरप्राइजेज और च्वूमत ॅवता ब्वददमबज च्अज़ स्जक़ पर छापेमारी कर विस्तृत जांच की। यह कार्रवाई कर चोरी, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावे तथा बोगस बिलिंग से संबंधित तथ्यों के आधार पर की गई।

छापेमारी के दौरान विभागीय अधिकारियों ने मौके से व्यापारिक लेखा-बहियां, कर बीजक, बैंक स्टेटमेंट तथा भौतिक स्टक की जांच की और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। छापेमारी की खबर मिलते ही शहर के


छापेमारी करते अधिकारी।

अन्य कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया। जांच के दौरान प्रारंभिक तौर पर करोड़ों रुपये की संभावित कर चोरी का मामला सामने आया है। फिलहाल विभागीय अधिकारियों द्वारा पूरे मामले की गहन जांच जारी है।इस संबंध में संतोष कुमार ने बताया कि संबंधित दोनों प्रतिष्ठानों द्वारा छड़ और सीमेंट की बोगस बिलिंग कर ठेकेदारों और कार्य-संवेदकों को फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ पहुंचाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान व्यवसायियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए तत्काल 60 लाख रुपये का जीएसटी जमा कर दिया हैस उन्होंने कहा कि छापेमारी के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों पर वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकार द्वारा कर, ब्याज और पेनल्टी की राशि निर्धारित कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

संतोष कुमार ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 202526 के अंतिम माह मार्च 2026 में सभी व्यवसायियों को समय पर जीएसटी विवरणी दाखिल करने और नियमानुसार कर भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर चोरी करने वालों के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दहेज हत्या के आरोपी को दस साल का कारावास व 20 हजार रुपये का अर्थदंड

**मोतिहारी ( एनएसबी)।** मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर न्यायालय एडीजे-2 ने दहेज हत्या के आरोपी को दस साल कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि नही जमा करने पर छह माह की अतिरिक्तसजा सुनाई है। न्यायालय ने उक्त सजा मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 644!23 के अभियुक्त थाना क्षेत्र के मठिया पतौरा गांव निवासी सुनील शुक्ला के पुत्र प्रिंस कुमार को सुनाई है।कांड के वादी छतौनी थाना क्षेत्र के बड़ा बरियारपुर निवासी चंद्रिका सिंह के पुत्र रामजी सिंह तथा अनुसंधानकर्ता पुअनि राकेश कुमार राय थे।

## श्रीरामनवमी पर जागरण व भंडारा का आयोजन

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में माता वैष्णो देवी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 27 मार्च, शुक्रवार को श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर ज्योति, जागरण एवं महाप्रसाद (भंडारा) का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर पुरानी पोखरा गली स्थित जगदीश कम्प्लेक्स में ट्रस्ट सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सेवा ट्रस्ट के संयोजक रमेश कुमार ने बताया कि माता वैष्णो देवी सेवा ट्रस्ट द्वारा आस्था,श्रद्धा एवं समर्पण के साथ यह धार्मिक आयोजन लगातार 37वें वर्ष भी संपन्न कराया जा रहा है, जो नगर की धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। वहीं ट्रस्ट के सह संयोजक सुबोध कुमार बताया कि श्रीरामनवमी के अवसर पर बाहर के सुप्रसिद्ध भजन गायकों की भजन मंडली द्वारा भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन एवं मनभावन झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी, जो श्रद्धालु भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसके साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) की भी विशेष व्यवस्था की गई है।वहीं सेवा ट्रस्ट के राजकुमार गुप्ता ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य भजन संध्या एवं जागरण कार्यक्रम में शामिल हों, भक्ति सागर में गोते लगाएं तथा पुण्य के भागी बनें।बैठक में नारायण प्रसाद, पन्नालाल प्रसाद, , जगदीश प्रसाद, रमेश कुमार, रजनीश प्रियदर्शी, भैरव गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुबोध कुमार , धीरज कुमार, चंद्रकिशोर प्रसाद , सन्नी पटेल, पंकज कुमार, नीरज कुमार सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भारत-नेपाल हिन्दू राष्ट्र बने इसके लिए प्रयास होगा : प्रवीण तोगड़िया

**रक्सौल(एनएसबी)।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और बजरंग दल के संस्थापक डा प्रवीण तोगड़िया के रक्सौल पहुंचते ही संगठन के कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।उसके बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हम हिन्दू है हिन्दू कौन है।जब सृष्टि बनी और जब सृष्टि नहीं थी तब भी हिन्दू थे। सृष्टि बनाने वाले भगवान ने सृष्टि के रचना के लिए उर्जा की आवश्यकता थी।तब भगवान परम ब्रम्ह ने अपने अन्दर से प्रचंड आवाज की वो आवाज क्या था उस आवाज को ऊंके रुप में जाना जाता है। ऊंभगवान शंकर का प्रतिरुप है। भगवान महादेव ने अपने शरीर से ऊं का आवाज देकर सृष्टि की रचना किया।वो हम हिन्दूओं के पुरखे थे। मोर्या,यादव कुशवाहा, पासवान,जाट,पंडीत इन सभी के पुरखे एक है।आप उन्हें समझाओ जो नहीं जानते कि सृष्टि रचना के दौरान भगवान महादेव ने अपने शरीर से प्रगट किया वहीं हम सभी हिन्दूओं के पुरखा थे। इस्लाम 14 सौ वर्ष पहले आया और क्रिश्चियन दो हजार वर्ष पूर्व आया। यहां तो पांच लाख वर्ष पूर्व भगवान श्रीष्ण थे।18 हजार वर्ष पूर्व भगवान राम थे। करोड़ों वर्ष पूर्व से हमारे पुरखे थे।भारत में भी हम थे युरोप में भी हम थे।सब का केंद्र भारत था। हिन्दू सुखी,सुरक्षित और पैसे वाला था। सिकंदर के शासनकाल तक किसी को तलवार लेकर उसके सामने आने का हिम्मत नहीं था।शुन्य नहीं होता और गणित नहीं होता तो साइंस टेक्नोलजी नहीं होती।

# पिपराकोठी-रक्सौल एनएच को चार लेन बनाने की मांग

**मोतिहारी(एनएसबी )।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण और उन्नयन को लेकर पत्र सौंपा। सांसद ने पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग 28। (नया राष्ट्रीय राजमार्ग 527क) के लगभग 70 किलोमीटर लंबे पिपराकोठीरक्सौल खंड को चार लेन में विकसित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह सड़क दो लेन की है और इसमें पक्की शोल्डर की सुविधा तो है, लेकिन डिवाइडर नहीं होने के कारण बढ़ते यातायात के लिए यह पर्याप्त नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह सड़क मोतिहारी के घनी आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती है और भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल को नेपाल के प्रमुख शहर बीरगंज से जोड़ती है। वहीं पिपराकोठी चार लेन वाले पूर्वपश्चिम राष्ट्रीय गलियारे पर स्थित है।


सांसद राधा मोहन सिंह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मांग पत्र सौंपा।

वर्तमान में इस सड़क का रखरखाव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जा रहा है। सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मोतिहारी शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सड़क की कम चौड़ाई और भारी स्थानीय यातायात के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। डिवाइडर के अभाव और अपर्याप्त चौड़ाई के कारण इस मार्ग पर कई सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। बड़े ट्रकों, स्थानीय वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।उन्होंने बताया कि इस राजमार्ग पर वर्तमान में 20 हजार पीसीयू से अधिक यातायात है, जो इसे चार लेन में विकसित करने के लिए उपयुक्त बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मार्ग की उपलब्ध मार्ग रेखा लगभग 60 मीटर है, जो सर्विस रोड सहित चार लेन निर्माण के लिए पर्याप्त है और इसके लिए अतिरिक्तभूमि अधिग्रहण की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि पिपराकोठीरक्सौल खंड को चार लेन में विकसित करने से मोतिहारी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा भारतनेपाल के बीच व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## हत्या कांड के आरोपी ने आत्मसर्पण किया पुलिस ने जेल भेजा

**अरेराज ( पू.च़)।** गुरुवार को अनुमंडल के मलाही थाना पुलिस द्वारा मलाही थाना कांड 93/26 , दिनांक 27.02.26 ,सेकंड 115(1), 109(1), 126(2), 117(2), 352,351(2), 103(1), 303(2), 3(5) इदे ाम प्राथमिकी अभियुक्त 1आनंद यादव ,पिता रामसागर यादव ,पाता माझा रिया द्वारा, थाना मलाही मे आकर आत्मसमर्पण कर दिया गया हैं स अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा बताया गया कि आप समर्पण करने वाले आनंद यादव से पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा जा है।

# मोतिहारी में ऋण वितरण शिविर का आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** डा. राधाकृष्णन सभा भवन में गुरुवार को जिला पदाधिकारी के निर्देश पर उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उद्यम स्थापित करने के लिए समीक्षा बैठक-सह-ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र पूर्वी चंपारण के महाप्रबंधक, लीड बैंक कार्यालय (एलडीएम) के प्रतिनिधि तथा जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न बैंकों को 76 ऋण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 93 ऋण आवेदन स्वीत किए जा चुके हैं तथा 28 लाभार्थियों को ऋण का भुगतान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के तहत 440 निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 284 ऋण आवेदन स्वीत किए गए हैं, जबकि 139 लाभार्थियों को ऋण राशि का भुगतान किया गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र मोतिहारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी बैंक शीघ्रता से अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। उन्होंने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जिले में जो भी लोग नया उद्यम स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें चिन्हित कर पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजनाओं के तहत आवेदन करवाकर जल्द से जल्द ऋण स्वीत एवं वितरित किया जाए। बैठक में उपस्थित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि अगले दस दिनों के भीतर पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजना के तहत शेष लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

इस ऋण वितरण शिविर के दौरान कुल 53 लाभार्थियों को 304.14 लाख रुपये का ऋण स्वीत किया गया, जबकि 35 लाभार्थियों के बीच 239.98 लाख रुपये की ऋण राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों को ऋण स्वीति एवं वितरण पत्र भी प्रदान किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### हाथीपांव से बचाव के लिए जेल अधीक्षक के साथ कैदियों को खिलाई गई सर्वजन दवा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के 27 प्रखंडो में इस समय मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) मप अप अभियान स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से तीव गति से चलाई जा रही है, इस दौरान केंद्रीय कारा मोतिहारी में जेलर सहित 2440 को फाइलेरिया (हाथी पाँव) से बचाव को सर्वजन दवा जिसमें डी ईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी गई। कारा अधीक्षक एवं कारा चिकित्सा पदाधिकारी ड नन्द किशोर कुमार की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के टीम द्वारा महिला व पुरुष कैदियों को उम्र अनुसार निर्धारित डोज के अनुसार दवा खिलाई गई।

फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए जरूरी है सर्वजन दवा का सेवन- मौके पर दवा सेवन करते हुए कारा अधीक्षक एवं कारा चिकित्सा पदाधिकारी ड नन्द किशोर कुमार ने कहा कि फाइलेरिया जैसे गम्भीर रोग से बचाव के लिए सर्वजन दवा का सेवन जरूरी है। उन्होंने बताया कि सर्वजन दवा का सेवन कर मंडल कारा मोतिहारी के कैदी अब सुरक्षित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी कैदीयों को दवा का सेवन कराया गया था, इसबार भी स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर दवा सेवन करने को यह टीम फाइलेरिया की दवाओं के साथ जिला कारागार में पहुंची।वही जिला यक्ष्मा अस्पताल के अनिल कुमार ने कहा की 15 फरवरी तक छूटे हुए लोगों का सर्वजन दवा का सेवन कराया जा रहा है।उन्होंने बताया की यह सरकार की बड़ी अच्छी पहल है। कैदियों को दवा खिलाने से पहले इस बात की पड़ताल की गई कि दवा खाने वालों में कोई खाली पेट या गंभीर रोग से पीडित न हो।

लगातार 5 वर्ष दवा सेवन करने पर होंगे सुरक्षित-पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि पप्पु कुमार ने कहा कि कैदियों को इस बात की भी जानकारी दी गई कि, लगातार पांच साल तक फाइलेरिया की दवा खाने के बाद किसी के शरीर में फाइलेरिया के मि होते भी हैं तो वह समाप्त हो जाते हैंस समय- समय पर कैदियों की होती है स्वास्थ्य की जांच -

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ड संजीव ने बताया कि समय- समय पर कैदियों टीबी, एचआईवी, बीपी,शुगर, वजन सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य की जांच की जाती है ताकि कैदी गंभीर रोग से सुरक्षित रहेंस मौके पर जेल अधीक्षक एवं कारा चिकित्सा पदाधिकारी ड नन्द किशोर कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी संचारी रोग,अनिल कुमार, गांधी फेलो, मेडिकल फेलो, करुणा फेलो,आशा , डी ए सुपरवाइजर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### रेल लाइन किनारे अज्ञात शव बरामद

**रक्सौल(एनएसबी)।** रक्सौल सुगौली रेलखंड के बीच मसीनाडीह के पास बुधवार को रेल लाइन किनारे लगभग 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के अनुसार दिन के समय स्थानीय लोगों ने रेल लाइन के किनारे खून से सना शव देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना तुरंत रक्सौल आरपीएफ को दिया। सूचना मिलते ही सबसे आरपीएफ व रेल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल का क्षेत्राधिकार स्थानीय थाना क्षेत्र में आने के कारण इसकी सूचना पालनवा थाना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पलनवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शाम कों शव बरामद कर लिया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार शव बरामी के बाद यूडी केस दर्ज करके शव कों पोस्टमार्टम के लिये भेजने की प्रक्रिया जारी है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ट्रेन से झटका लगने के कारण उक्त व्यक्ति रेल लाइन के किनारे गिर पड़ा होगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिक रक्तस्त्राव होने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के शरीर और सिर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं।इसकी पुष्टि आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि मौत रेल दुर्घटना के कारण हुई है या फिर अन्य कारण से। पुलिस गंभीरता से मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### अलविदा की नमाज में विश्व शांति के लिए विशेष दुआ करें : कामरेड इश्तेयाक

मेहसी (पूर्वी चम्पारण)। नगर परिषद चकिया के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा जनता इलेक्ट्रिक के व्यवस्थापक कामरेड इश्तेयाक आलम ने अलविदा की नमाज के अवसर पर लोगों से विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए विशेष दुआ करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान का महीना चल रहा है और देश के कोने-कोने में दावत-ए-इफ्तार तथा तरावीह की नमाज का आयोजन हो रहा है। यह इस्लाम का सबसे मुकद्दस महीना है, जिसमें की गई दुआएँ अल्लाह के यहाँ कबूल होती हैं। इसलिए सभी मुसलमान भाइयों से गुजारिश है कि वे देश में अमन-चौन और पूरी दुनिया में शांति के लिए विशेष दुआ करें। कामरेड इश्तेयाक आलम ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व में शांति स्थापित करना हम सबका परम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें शांति दूत बनकर समाज में भाईचारा और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ईरान और इजराइल के बीच चल रहे तनाव और युद्ध की स्थिति ने पूरी दुनिया में बेचौनी पैदा कर दी है। ऐसे में हम सभी को दुआ करनी चाहिए कि यह संघर्ष जल्द समाप्त हो और दुनिया में अमन कायम हो।

### सीसीटीएनएस व कांड अनुसंधान से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** आज गुरूवार को एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में पुलिस सभागार में सदर-1 व सदर-2 अनुमंडल के सभी सीसीटीएनएस आपरेटर,कर्मी, अनुसंधान कर्ता, थानाध्यक्षों, अंचल निरीक्षक व पर्यवेक्षी प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान ई-सक्ष्या एप के उपयोग,कांड डायरी को सीसीटीएनएस पर अपलोड करने,कांड के अनुसंधान को गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से करने के लिए जानकारी दी गयी। मौके पर सदर-1 के डीएसपी दिलीप कुमार,सदर-2 के डीएसपी जितेश पाण्डेय,नगर कोतवाल राजीव रंजन, मुफ्फसिल अंचल निरीक्षक अनिल कुमार सिन्हा, छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पासवान, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सह परिक्ष्यमान डीएसपी कुमारी प्रियंका सहित सभी थानों के थानाध्यक्ष, अनुसंधान कर्ता उपस्थित थे।

### वीक्षण कार्य से अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण

**पीरो (एसएनबी)।** सरकारी विद्यालयों में गुरुवार से शुरु 1-8 वीं तक के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए अलग-अलग जगहों पर प्रतिनियुक्त आठ शिक्षक पहले दिन ही ड्यूटी से गायब पाए गए। इसको लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारा मनोज सिंह ने अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का एक दिन का वेतन स्थगित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में बीईओ पीरो के कार्यालय से निर्गत पत्र में कहा गया है कि वार्षिक परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए विभागीय निर्देशानुसार काम्प्लेक्स रिसोर्स सेन्टर के संचालक व समन्वयक के माध्यम से शिक्षकों को अगल-बगल के विद्यालयों में प्रतिनियुक्त किया गया है। बावजूद इसके कुमारी बेबी, रेणु कुमारी,रविरंजन शर्मा (तीनों मध्य विद्यालय सुखरौली) सिकंदर सिंह व शीला (दोनों उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरांव-2) लीलावती कुमारी (ईआ प्राथमिक विद्यालय बरांव) प्यारेलाल कुमार (उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसर्रिहां टोला) व शहाबुद्दीन (मध्य विद्यालय अकरुआं) निरीक्षण के दौरान डयूटी से अनुपस्थित पाए गए। यदि इस संबंध में उक्त शिक्षकों का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकार को प्रतिवेदित किया जाएगा।

### छपरा निवासी युवक पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज

**आरा (एसएनबी)।** सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट के समीप बुधवार की शाम छपरा निवासी अभिषेक यादव पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जख्मी अभिषेक यादव के फर्दबयान पर सिन्हा थाना क्षेत्र के मरहा गांव निवासी उत्तम सिंह, ध्रुव सिंह एवं संजय सिंह को नामजद व तीन अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। दिए गए फर्दबयान में अभिषेक यादव द्वारा बताया गया है कि उनके दोस्त विवेक तिवारी का ससुराल सिन्हा गांव में है। बीते 18 फरवरी को उनके बेटे का छठ्ठी था। जिसमें उसके दोस्त विवेक तिवारी का उत्तम सिंह से विवाद हुआ था। उसने बताया कि उसके दोस्त विवेक तिवारी की पत्नी एवं ससुराल वालों द्वारा उसके खिलाफ दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए आरा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमृत भारत जंक्शन पर अवैध दुकानदारों पर आरपीएफ की कार्रवाई, 7 गिरफ्तार।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** रेल परिक्षेत्र में अवैध दुकानदारों पर रेल प्रशासन द्वारा गुरुवार को बड़ी कार्रवाई हुई। आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर गुरुवार को पूरे रेल परिक्षेत्र में स्पेशल अभियान चलाया गया।जिसके अंतर्गत अनाधिकृत रूप से अवैध दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चालते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट ,रेल परिसर, प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य व पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। कुल 07 व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत कार्यवाही किया गया अभी यह कार्रवाई आगे जारी रहेगी।ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट ,रेल परिसर,प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य, पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट की सुसंगत धरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया।



### एलएन कालेज बनगांव के प्राध्यापक प्रो गोपीकृष्ण मिश्रा ने सीनेट सदस्य के लिए किया नामांकन दाखिल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ग्रुप सी संबद्ध महाविद्यालय के सीनेट सदस्य के लिए लक्ष्मीनाथ महाविद्यालय बनगांव के वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक प्रो गोपीकृष्ण मिश्रा ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर प्रस्तावक प्रो अनिल कुमार ठाकुर, समर्थक प्रो प्रमोद कुमार झा, प्रो रविंद्र कुमार झा, प्रो ललित नारायण मिश्र, प्रो दिनेश लाल दास, प्रो रूद्रानंद झा, प्रो मनीष पाठक, प्रो आलोक कुमार सिन्हा, प्रो प्रकाश चंद्र मिश्र सहित अन्य मौजूद थे।नामांकन दाखिल करने के बाद श्री मिश्रा ने कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत सीनेट सदस्य बनने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।इस अवसर बडी संख्या मे उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर एवं अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामना व्यक्त की ।उन्होने कहा कि सीनेट सदस्य बनने पर शिक्षक एवं छात्रों की समस्या पर त्वरित कार्रवाई कर व्यवस्थित पठन-पाठन में सुधार उनकी प्राथमिकता मे शामिल है।



### हर हाल में 20 मार्च तक बकाया भू-लगान जमा करें: सीओ आशीष कुमार

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** अंचल क्षेत्र के सभी रैयतों को बकाया भू-लगान आगामी 20 मार्च तक हर हाल में जमा करने को लेकर अंचल प्रशासन के द्वारा आदेश जारी किया गया है। वहीं निर्धारित तिथि के अनुसार बकाया भू-लगान की राशि जमा नहीं करने वाले रैयतों की आगे परेशानी बढ़ सकती है। वैसे रैयतों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से अस्थायी रूप से वंचित होना पड़ सकता है। इसलिए रैयतों को निर्धारित तिथि तक में बकाया भू-लगान जमा करना होगा। इसके लिए अंचल प्रशासन ने आदेश जारी की है। अंचलाधिकारी आशीष कुमार ने जारी की गई आदेश में कहा है कि बनमा ईटहरी अंचल क्षेत्र में कुल लगभग 37 हजार जमाबंदी दर्ज है। बावजूद इसके अनुपात में लगान वसूली की स्थिति संतोषजनक नहीं है। जबकि लगान भुगतान राजस्व व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहती है। उन्होंने रैयतों से अपील करते हुए कहा है कि आगामी 20 मार्च तक हर हाल में अपने अपने जमीन के बकाया लगान की राशि को जमा कर दें। वहीं स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्धारित तिथि तक बकाया लगान की राशि जमा नहीं करने वाले रैयतों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से अस्थायी रूप से वंचित किया जा सकता है। साथ ही विभिन्न राजस्व अधिनियमों के अधिन बकाया वसूली करने हेतु रैयतों पर केस दर्ज किया जा सकता है। इतना ही नहीं भूमि कि निलामी भी की जा सकती है।

### ईआईपी गुप्ता का नागरिक अभिनंदन व स्वागत समारोह 18 मार्च को होगा आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्थानीय विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के सम्मान में 18 मार्च को डीबी रोड स्थित जिला परिषद प्रांगण में स्थित पूजा बैंकट हॉल में भव्य नागरिक अभिनंदन स्वागत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर धनोज कुमार बताया कि 18 मार्च को यह कार्यक्रम दिन के तीन बजे से संध्या रात्रि आठ बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विधायक श्री गुप्ता का नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह एवं इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम क्षेत्र की जनता सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों की ओर से भव्य अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा के नागरिकों द्वारा उनकी जन सेवा विकास कार्यों और जनहित के प्रति समर्पण के सम्मान में आयोजित किया गया है। इंजीनियर आईपी गुप्ता विधानसभा में विभिन्न समस्याओं को लेकर जो आवाज उठाई है ।वह एक प्रखर वक्ता एवं कुशल नेता का परिचायक है। जिन्होंने अध्ययन के पश्चात विधान सभा में विभिन्न मुद्दों को प्रखरता व प्रमुखता से उठाया है।

### विराट शिवगुरू महोत्सव 14 से 15 मार्च तक सुपर मार्केट में होगा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा व विश्वास के साथ दो दिवसीय विराट शिवगुरू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम के संयोजक रमण प्रकाश सिंह ने बताया कि सुपर बाजार में विराट शिव महोत्सव का आयोजन दिनांक 14 से 15 मार्च को सुपर मार्केट में आयोजित किया गया है।जिसमें बिहार के विभिन्न जिलें सहित नेपाल से भी बड़ी संख्या में शिव शिष्य भाग लेगें।उन्होंने कहा कि विगत 26 वर्षों से लगातार एक विशुद्ध आध्यत्मिक आयोजन करते आ रहे जो शिव गुरु शिव के नाम पर और शिव के लिए किया जाता है। जिसमें विद्वान विख्यात चिंतनशील संत प्रवचनकर्ता के रूप में पधारते हैं साथ ही राष्ट्रीय स्तर के भजन गायक भी पधारते आ रहे हैं। साथ ही इस कार्यक्रम में भक्तों के लिए अनवरत भंडारा चलते रहता है। कोशी सीमांचल क्षेत्र के साथ जिले के तमाम शिव शिष्य पधारते आ रहें हैं। शिव प्रेमियों द्वारा इस वर्ष भी उत्साह जबरदस्त दिखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम के संयोजक रमण प्रकाश सिंह एवं आर के सिंह पांडाल एवं भंडारा का देखरेख हरेंद्र सिंह मेजर करेंगे। जिसकी सभी आवश्यक तैयारी जोर शोर से चल रही है।

### 85 वर्षीय धर्म परायण महिला का निधन जताया शोक



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के नवहट्टा प्रखंड स्थित एकाढ भकुआ ग्राम निवासी मैथिली अभियानी साहित्यकार एवं प्रसिद्ध उद्घोषक किसनलय कृष्ण की 85 वर्षीय माता प्रभादेवी के निधन पर शोक की लहर व्याप्त है। उनका निधन बुधवार को हो गया। वे पिछ्ले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी जिनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर उनकी अंतिम संस्कार सिमरिया घाट में किया गया। स्वर्गीय प्रभा देवी पुराने जमाने में संस्कृत से पढ़ी हुई काफी पढी लिखि सुसभ्य धर्म परायण महिला थी। जिन्होंने जीवन भर धार्मिक क्रियाकलापों में अपना समय व्यतीत किया। साथ ही मैथिली गीत एवं संस्कृत के श्लोक के माध्यम से नित्य प्रतिदिन पूजा पाठ में घंटा तल्लीन रहती थी। उनके पति स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ ठाकुर पूर्व प्रधानाध्यापक थे जिनका निधन 2 वर्ष पूर्व हुआ था। वह अपने पीछे पूरा भरा पड़ा परिवार छोड़ कर गया है। जिसमें तीन पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। उनके निधन पर धीरेंद्र प्रेमर्षि, प्रवीण नारायण चैधरी, रमेश रंजन, राम कुमार सिंह, भास्कर ज्योति, महापौर बैंन प्रिया, कुमार विक्रमादित्य,संजय वशिष्ट, सुभाष चंद्र झा, डॉ रजनीश रंजन,पंडित तरुण झा, डीएन ठाकुर, राजन कुमार, विष्णु स्वरूप, विमल, सोहन झा, संदीप झा, सुमन समाज, पारस कुमार झा, अरविंद सिंह, मदन मोहन ठाकुर सहित अन्य ने शोक व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति प्रदान हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# डीआरएम नें यात्री सुविधा बढ़ाने को लेकर किया अमृत भारत जंक्शन का निरीक्षण

## प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के एंडिंग लेवल क्रॉसिंग के पास बड़ा यात्री जन सुविधा केंद्र: डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्र

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अमृत भारत स्टेशन सहरसा जंक्शन पर यात्री सुविधा बढ़ाने को लेकर रेलवे की बड़ी तैयारी तेज कर दी गई है।इसी क्रम में समस्तीपुर मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा यात्री सुविधा का जायजा लेने बुधवार देर रात सहरसा जंक्शन पहुंचे।जहां उन्होंने प्लेटफार्म, सकुर्लिटिंग एरिया, रिटायरिंग रूम, शौचालय, साफ सफाई, परिचालन व्यवस्था का जायजा लिया।वही करीब ढाई घंटे तक रात्रि में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन भवन का भी निरीक्षण किया।इस अवसर पर डीआरएम श्री मिश्र ने कहा कि सहरसा जंक्शन प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के एंडिंग के लेवल क्रॉसिंग के पास बड़ा यात्री जन सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि जल्द ही इस प्रस्ताव को पास कर इसका निर्माण कराया जाएगा। बुधवार देर रात डीआरएम ने जन सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।उन्होने कहा कि प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 के पास लेवल क्रॉसिंग जो की मार्केट एरिया से भी जुड़ा हुआ है। यहां काफी भीड़ लगी रहती है। यहां जो टॉयलेट है। भीड़ के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। यहां पर बड़ा सुविधा केंद्र बनेगा। इसमें टॉयलेट और शौचालय की सभी व्यवस्थाएं होंगी ताकि रेलवे क्रॉसिंग के आसपास कोई अन्य व्यक्ति गंदगी नहीं फैलाएं।यह जनसुविधा केंद्र पे एंड यूज होगा ताकि इसका बेहतर मेंटेनेंस हो सके।डीआरएम ने कहा कि अब सहरसा जंक्शन की 24 घंटे साफ सफाई होगी। बुधवार को डीआरएम ने साफ सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया हालांकि निरीक्षण में उन्होंने जंक्शन की सफाई व्यवस्था बेहतर बताया। इस दौरान सभी सफाई कर्मचारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहरसा जंक्शन अब मेजर स्टेशन हो चुका है।यहां 24 घंटे साफ सफाई व्यवस्था होनी चाहिए।डीआरएम ने बुधवार रात्रि अमृत भारत ने स्टेशन भवन का भी निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन भवन का कभी भी उद्घाटन हो सकता है हालांकि भवन पहले ही तैयार हो चुका है।वही नए भवन के बाहरी हिस्से में धूल की परत जम गई है। अब उद्घाटन का समय नजदीक आ गया है ऐसे में एक बार फिर से इसकी पूरी सफाई होनी चाहिए ताकि भवन का लुक नया लगे।ट्रेनों में एसी कोच में बेडरौल व्यवस्था पर डीआरएम ने नाराजगी व्यक्ति की। डीआरएम ने कहा कि बेडरौल की साफ सफाई और भी बेहतर होनी चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को इस व्यवस्था में तुरंत सुधार के लिए निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सहरसा जंक्शन पर जो रिटर्निंग रूम है। उसे पहले से बेहतर बनाया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि डिवीजन के अंतर्गत जिन स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम है।उसे आधुनिक सुविधा से लैस किया जाएगा।इस दौरान उन्होंने सहरसा जंक्शन पर रिटायरिंग रूम का भी निरीक्षण किया।साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया के पास कई सामाजिक संस्था यात्रियों के बीच खानपान की व्यवस्था करती है। डीआरएम ने कहा कि सामाजिक संस्थान द्वारा यह कार्य काफी सराहनीय है। लेकिन खान-पान के बाद गंदगी को वहीं रेल परिक्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से अपील किया कि खानपान की व्यवस्था के बाद रेल परिक्षेत्र को साफ सफाई भी रखें ।इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन भवन का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक सुभाष चंद्र झा आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव की कमर्शियल इंस्पेक्टर संजय कुमार सी एच आई चंदन चैहान सहित संबंधित विभाग के सभी अधिकारी मौजूद थे।


स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम व अन्य।

# दादी गुलजार जी का जीवन ज्ञान, गुणों और शक्तियों से गुलजार था: स्नेहा बहन

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन में संस्थान की पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मुख्य प्रशासिका दादी गुलजार जी की पांचवीं पुण्यतिथि दिव्यता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र प्रभारी स्नेहा बहन ने कहा कि दादी गुलजार जी का जीवन ज्ञान, गुणों और शक्तियों से गुलजार था। उनके मुखमंडल पर पवित्रता की आभा, नयनों में रूहानी नूर, होठों पर शांति से भरी मधुर मुस्कान, आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत विराट व्यक्तित्व उनसे मिलने वालों को उनके द्वारा एक दिव्यता संपन्न महान विभूति का दर्शन कराता था। इस महान विभूति ने बाल्यकाल में ही अपना संपूर्ण जीवन परमात्मा के निदेर्शानुसार विश्व कल्याण के कार्य में समर्पित कर दिया। आपने अल्पायु में ही परमात्मा को सत्य स्वरूप में पहचान कर उनके द्वारा शुरू किए गए स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन की मुहिम में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आपने अपने जीवन की उच्च धारणाओं-शांति, पवित्रता, प्रेम, सादगी, सरलता, सहनशीलता, उच्च कोटि की एकाग्रता, निःस्वार्थ सेवाभाव के द्वारा विश्व के अनेकानेक देशों की आत्माओं पर एक अमिट छाप छोड़ने की सेवा की। आपने अपने आदर्श और प्रेरणास्पद जीवन द्वारा लाखों आत्माओं को जीवन जीने की सही राह दिखाई। दादी जी के नेतृत्व में उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हजारों ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में आहूत कर दिया। दादी जी की अमृतवाणी सुनकर सभी का हृदय निर्मल हो जाता, मन को सच्ची शांति का स्पर्श मिलता और जीवन को सद्गुणों से सजाकर विश्व कल्याण के लिए कुछ करने की भावनाएँ हिलोरे लेने लगती। उनकी जीवन की पवित्रता ऐसी थी कि स्वयं भगवान भी उनका गुणगान किया करते। उनके विराट व्यक्तित्व के आगे बड़े-बड़े धमार्चार्य, राजनेता एवं बुद्धिजीवी स्वतः नतमस्तक हो जाते। उनके मुख से जो शब्द निकलते, उनकी धारणा पहले से ही उनके जीवन में होती थी। आज वो नहीं हैं लेकिन उनकी शिक्षायें संस्थान के लाखों भाई बहनों का मार्गदर्शन कर रही हैं। इस मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



पुण्यतिथि दिव्यता दिवस पर मुख्य अतिथि।

# एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कमी होने की आशंका के मद्देनजर सतर्कता बरतने हेतु की गई समीक्षा बैठक


जिला आपूर्ति पदाधिकारी व एजेंसी मालिक।

**सहरसा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी की निदेशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मध्यम पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कमी होने की आशंका के मद्देनजर सर्तकता बरतने हेतु समीक्षा बैठक आहुत की गई। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, जीविका, जेल, मिड-डे मिल, एससी-एसटी छात्रावास, बाल संरक्षण ईकाई, पुलिस लाईन इत्यादि को कमर्शियल के स्थान पर डोमेस्टिक सिलिंडर देने हेतु सभी संबंधितों को निदेशित किया गया। समीक्षा के क्रम में गैस एजेंसी के क्षेत्रीय प्रबंधक एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसीएल को कमर्शियल सिलिंडर की भी व्यवस्था कराने हेतु निदेशित की गई। बैठक में उपस्थित स्थानीय गैस एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इस विकट परिस्थिति में गैस वितरण करना कठिनाई हो रही है तथा हमलोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, इस हेतु जिला प्रशासन की ओर से गैस वितरण करवाने हेतु दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराई जाए, जिसके आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराने का भरोसा दी गई। बैठक में जिलान्तर्गत सभी क्षेत्रीय प्रबंधक, उनके प्रतिनिधि एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसीएल, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिलान्तर्गत सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य आपूर्ति कार्यालय के कर्मी उपस्थित हुए।

# लगमा गांव निवासी धर्मवीर झा ने परिवारिक कलह में अपना जीवनलीला किया समाप्त, पति-पत्नी में विवाद की बात बताया जा रहा

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लगमा गांव में बुधवार की देर रात परिवारिक कलह में एक 45 वर्षीय धर्मवीर झा ने पलंग के सहारे गले में गमछे का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी परिजनों को गुरुवार की सुबह लगी जब पुत्र सत्यम कुमार अपने पिता के लिए चाय देने उसके कमरे में गया।पलंग में मच्छर दानी लगाने वाले पट्टी के सहारे गमछे से झूल रहे पिता को देखने के बाद लोगों को घटना की जानकारी मिली। उसके बाद परिजनों द्वारा गमछे को खोलकर मृतक के शव को उतारा पुलिस को इसकी सुचना दी गई। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार मृतक को अपने पत्नी शिल्पी देवी के साथ बराबर बहस और मारपीट होता रहता था।इस वजह से उसकी पत्नी करीब 9 माह से पति और तीन बच्चों को लगमा में छोड़ अपने मायके चैनपुर रहने लगी थी।घटना की रात भी धर्मवीर झा की अपनी पत्नी से मोबाइल पर काफी देर तक बहस हुआ था। उसके बाद बुधवार रात खाना खाकर सोने गए धर्मवीर ने अपने गमछे के सहारे गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षा थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने दलबल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया है। इस दौरान फोरेंसिक टीम द्वारा भी जांच शुरू कर दिया गया है। घटना के बाद परिजन सहित उसके बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया था। मृतक अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र के साथ वृद्ध माता पिता को छोड़ गया। घटना के बाद मृतक पिता के आवेदन पर युडी दर्ज कर दिया गया है। उक्त बाबत थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने कहा की प्रथम दृष्टि से तो आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह जान पडता है वैसे पुलिस अन्य सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



# बिहार के 101 बुनियादी केंद्रों पर कॉमन सर्विस सेंटर सेवाओं की शुरुआत

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहरसा में भी हुआ उद्घाटन

**सहरसा (एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी तथा समाज कल्याण विभाग के अपर सचिव सह सीईओ सक्षम योगेश सागर की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार के 101 बुनियादी केंद्रों पर कॉमन सर्विस सेंटर सेवाओं की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों के बुनियादी केंद्रों से अधिकारीगण कार्यक्रम से जुड़े। सहरसा जिला के कहरा बुनियाद केंद्र पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां समाज कल्याण विभाग के राजीव रंजन, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहरसा उपस्थित रहे। उनके साथ राहुल रौशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बुनियाद केंद्र सहरसा, सीएससी के जिला प्रबंधक रूपेश रंजन तथा रूपक कुमार के साथ-साथ बुनियाद केंद्र के सभी कर्मी उपस्थित रहे। और नारायण कुमार झा कहरा जावेद इस पहल के माध्यम से अब राज्य के सभी 101 बुनियादी केंद्रों पर समाज कल्याण विभाग की विभिन्न सेवाओं के साथ जीवन प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं समाज कल्याण विभाग की सेवाएँ फ्री शून्य शुल्क है। जिसमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बुजुर्ग लोगों को पेंशन दिलाने के लिए आवेदन किया जाता है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का जीवन प्रमाणन, जिन लोगों को पेंशन मिलती है, उन्हें हर साल जीवित होने का प्रमाण देना होता है। बैटरी चालित ट्राइसाइकिल के लिए ऑनलाइन आवेदन दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राइसाइकिल दिलाने के लिए आवेदन। सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग के लिए आवेदन, दिव्यांग लोगों को सहायक उपकरण दिलाने के लिए। सिविल सेवा में सफल महिलाओं को प्रोत्साहन राशि सहित अन्य सेवाएँ षामिल है। इसके अलावे आधार से संबंधित सेवाएँ भी षामिल है। महत्वपूर्ण बातः इन समाज कल्याण विभाग की सेवाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। और डिजिटल सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। साथ ही बिहार के सभी बुनियादी केंद्रों पर आधार सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इन केंद्रों के माध्यम से आधार पंजीयन तथा आधार सुधार की सुविधा आम नागरिकों को एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेगी। इससे आम जनता, विशेषकर वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके नजदीकी केंद्रों पर आसानी से मिल सकेगा।


उद्घाटन करते अतिथि।

# डीएम सावन कुमार ने एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूटर एवं तेल कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार, की अध्यक्षता में एलपीजी गैस के सुचारू वितरण की समीक्षा के लिए जिले के एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूटर और तेल कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ बैठक हुई । उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, सुपौल, श्री सच्चिदानंद सुमन एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सुपौल उपस्थित रहें स समीक्षा के दौरान पाया गया कि वर्तमान समय में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है।

गैस सिलेंडरों की कमी की अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं में एलपीजी गैस सिलेंडर की मांग में असामान्य तेजी देखी जा रही है, जिस कारण कुछ वितरकों के पास अस्थायी रूप से स्टक खत्म हो जा रहा है जिसकी पूर्ति कुछ समय बाद ही हो जा रही है


बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

तत्काल आपूर्ति संकट की संभावना नहीं है।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसी को पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित नियम के अनुसार घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया ।

जिला पदाधिकारी द्वारा गैस एजेंसियों को हर हाल में कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने का निर्देश दिया गया और उन्हें आगाह किया गया कि अगर किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाएगी तो एजेंसी के अनुज्ञप्ति रद्दीकरण सहित अन्य सभी विधिक कार्रवाई की जाएगी । जिला पदाधिकारी द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई कि जिले में एलपीजी सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है।

**कहा एलपीजी गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं, काला बाजारी व जमाखोरी को लेकर डीएम सख्त, कहा-पकड़े जाने पर सबंधित एजेंसी का लाइसेंस होगा रद्द**

सभी लोगों को नियमानुसार एलपीजी गैस की आपूर्ति की जाएगी इसके लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है ।

## भपटियाही पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप में बंद 5120 बोतल कोरेक्स के साथ कारोबारी को किया गिरफ्तार

**सुपौल (एनएसबी)** । नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में भपटियाही थाना क्षेत्र से- 5120 बोतल कोरेक्स सिरप,एक चार चक्का पिकअप गाड़ी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । पूरे जिले में नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान भपटियाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसी पुल के पास एनएच- 27 पर, पिकअप वाहन में लदे 5120 बोतल करीब 512 लीटर कोरेक्स सिरप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में भपटियाही थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। बरामद कोरेक्स सिरप कहां से आ रहा था और कहां ले जाया जा रहा था, लिंकेज का पता पुलिस लगा रही है । गिरफ्तार हुए व्यक्ति में मनोरंजन राय पिता अमरेंद्र राय साकिन राजा पाकड़ दलालपुर, वार्ड नंबर-15, थाना राजापाकर जिला वैशाली है । मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार गर्भवती महिला की मौत, एनएच जाम

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** सिमराही बाजार स्थित एनएच-27 पर गुरुवार को एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 8 माह की गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला के पेट में पल रहा गर्भस्थ शिशु भी बाहर निकल गया और उसकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

मृतका की पहचान ललित ग्राम थाना क्षेत्र के डेगरी वार्ड संख्या-5 निवासी भुनेश्वर प्रसाद सिंह की बहू संगीता कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संगीता कुमारी आठ माह की गर्भवती थी। गुरुवार को उसके ससुर भुनेश्वर प्रसाद सिंह उसे और उसकी बहन को बाइक से राघोपुर स्थित केएन डिग्री कलेज में बीए की परीक्षा दिलाने ले जा रहे थे। इसी दौरान सिमराही बाजार के पास एनएच-27 पर पुराने सिनेमा हल के समीप यह हादसा हो गया।


घटना के बाद सड़क जाम करते स्थानीय लोग।

स्थानीय लोगों के अनुसार, घटनास्थल के पास पहले से एक माल लदा ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। बाइक चालक भुनेश्वर प्रसाद सिंह अपनी बाइक को साइड से निकालने का प्रयास कर रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अन्य ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गर्भवती महिला ट्रक की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के समय बाइक चला रहे मृतका के ससुर भुनेश्वर प्रसाद सिंह और साथ में बैठी उसकी बहन बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे ट्रक को पकड़ लिया और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राघोपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है ।

घटना से आक्रोशित लोगों ने लगभग एक घंटे तक एनएच-27 को जाम कर दिया। बाद में पुलिस के काफी समझाने-बुझाने के बाद लोगों ने जाम हटाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और दोनों ट्रकों को कब्जे में लेकर यातायात बहाल कराया गया। इस दर्दनाक हादसे से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

मामले में राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि घटनास्थल से दो ट्रक व शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# सुपौल जिला स्थापना, बिहार दिवस, ईद व रामनवमी को लेकर जिला शांति समिति की बैठक आयोजित

**सुपौल (एनएसबी)** । सावन कुमार जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जिला स्थापना दिवस, बिहार दिवस, ईद-उल-जोहा (ईद) एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर जिला शांति समिति की बैठक समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिला स्थापना दिवस, बिहार दिवस, ईद-उल-जोहा (ईद) एवं रामनवमी पर्व को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। जिसमे सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सुपौल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् एवं नगर पंचायत भीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे। साथ ही जिला शांति समिति के सम्मानित सभी सदस्यगण भी बैठक में मौजूद थे। उनके द्वारा पुलिस प्रशासन से चौकस रहने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष जिला स्थापना दिवस दिनांक 14-03-2026, बिहार दिवस दिनांक 22-03-2026, ईद-उल-जोहा (ईद) दिनांक 21-03-2026 एवं रामनवमी पर्व दिनांक 27-03-2026 को मनाया जायेगा। जिला स्थापना दिवस, बिहार दिवस, ईद-उल-जोहा (ईद) एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। इस हेतु जिलाधिकारी, सुपौल एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा पुलिस प्रशासन एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी को चौकसी बरतने का निदेश दिया । साथ ही ईद एवं रामनवमी पर्व को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया गया। कहा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सभी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संम्पन्न होगें जिसकी तैयारी कर ली गई है ।


शांति समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी ।


शांति समिति की बैठक में शामिल समिति सदस्य।

## खबरें : एक नजर में

### ग्रामीणों ने दो नाबालिग प्रेमी युगल की कराई शादी, परिजनों ने लगाया अपहरण का आरोप, कार्रवाई में जुटी पुलिस

**घटना स्थल पर लड़की पक्ष के परिजनों ने पुलिस के कार्रवाई में दी दखल, किया हाथा-पाई**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । अनुमंडल के राजेश्वरी थाना क्षेत्र में बुधवार की देर संध्या शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। लोगों के द्वारा तालिबानी फरमान के तहत खुलेआम कानून का उल्लंघन करते हुए एक नाबालिग लड़के की बेरहमी से पिटाई कर उसकी जबरन शादी एक नाबालिग लड़की से करा दी । जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा रहा है कि एक लड़के को भीड़ के द्वारा बड़ी बेरहमी से पिटाई की जा रही है और भीड़ द्वारा उसे जान से मारने की कोशिश भी की गई। लड़का बार बार कहता रहा कि हमलोगों का अभी पढ़ने की उम्र है अभी शादी नहीं करेंगे। पहले हमलोग अपना केरियर बनाएंगे। लेकिन उस भीड़ में नाबालिग की आवाज को कोई सुनने वाला नहीं था, लोग बस अपना हाथ चला रहे थे, नाबालिक लड़का की आवाज जब कोई वहां सुनने को तैयार नहीं हो रहा था तो लड़का के द्वारा खुद से आत्महत्या करने का भी प्रयास किया गया। लड़का अपने गला को बार बार दबाने की कोशिश कर रहा था। मामला राजेश्वरी थाना क्षेत्र के तमुआ पंचायत के गोचर भतनी टोला का बताया जा रहा है। जब लड़का के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उनके द्वारा घटना की सूचना डायल 112 व स्थानीय पुलिस के साथ साथ वरीय अधिकारी को भी दिया गया। लेकिन पुलिस द्वारा कोई रिस्पन्स नहीं लिया गया। परिजनों ने बताया कि लड़का अभी भी लड़की पक्ष के लोगों के कब्जे में है। कुछ देर बाद स्थानीय पुलिस वहां पहुंची लेकिन वहां से पुलिस बेरंग लोट गई । ग्रामीणों के सामने पुलिस की एक न चली, पुलिस के साथ भी हाथापाई की गई । जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अगले दिन 18 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस नाबालिग लड़का को बरामद नहीं कर पाई। वायरल वीडियो कई तरह का प्रश्न खड़ा कर रहा है ।

दरअसल राजेश्वरी थाना क्षेत्र के चरने तमुआ निवासी सुधीर यादव के पुत्र प्रिंस कुमार की दोस्ती इंस्टाग्राम से पास के गांव की एक लड़की से करीब 8 महीना पहले हुई थी, बुधवार 11 मार्च की शाम गोचर भतनी टोला स्थित एक मंदिर पर लड़की ने कल कर लड़के को बुलाया मंदिर पर दोनों को गाँव के कुछ युवकों ने देख लिया और पकड़ कर बेरहमी से लड़के की कुटाई कर दी । पूरी घटना का कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर किसी ने शेयर कर दिया जो अब वायरल हो रहा है।

इधर घटना को लेकर प्रिंस के पिता सुधीर यादव ने पुलिस से शिकायत की है और 4 नमाजद और अज्ञात लोगों पर प्रिंस को जबरन अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया है। वही लड़के के परिजन डर के साए में जी रहे है उसे अंदेशा है कि कही उनके बेटे का हत्या न कर दी जाय । वही परिजन का रो रो कर बुरा हाल है। हालांकि इतनी बड़ी घटना के बावजूद पुलिस की सुस्त रवैए की चर्चा क्षेत्र में जोरो पर है। इस बाबत एसडीपीओ विभाष कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### सुपौल जिला विधिज्ञ संघ में पुरानी तदर्थ कमिटी के खिलाफ 177 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर कर दिया असंवेधानिक करार, समांतर संघ की बैठक आज

**सुपौल (एनएसबी)** । जिला विधिज्ञ संघ में लंबे समय से लंबित चुनाव को लेकर तीखा विवाद खड़ा हो गया है। वर्तमान तदर्थ कमिटी का कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का था, लेकिन 1 वर्ष 10 महीने बीत जाने के बावजूद चुनाव कराने का कोई इरादा नहीं दिख रहा है। इस कारण संघ की सारी गतिविधियाँ और विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। इस स्थिति से नाराज 177 अधिवक्ताओं ने संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन जारी कर वर्तमान तदर्थ कमिटी को असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने समांतर जिला स्तरीय विधिज्ञ संघ का गठन कर तुरंत चुनाव करवाने की मांग रखी है। अधिवक्ताओं ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान तदर्थ कमिटी के विरुद्ध समांतर जिला विधिज्ञ संघ के गठन के लिए 13 मार्च 2026 दोपहर 2 बजे रंजीत रंजन भवन, सुपौल में विशेष बैठक आयोजित की जाएगी । जिसमे सभी विद्वान अधिवक्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। आवेदन पर कुल 177 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर किए गए हैं, जो जिले के अधिवक्ता वर्ग में व्यापक असंतोष को दर्शाता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि लंबे समय से संघ की कोई गतिविधि नहीं हो रही है, जिससे युवा वकीलों से लेकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं तक सभी प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में समांतर संघ के गठन, चुनाव प्रक्रिया और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है।

### रसोई गैस की किल्लत को दूर करें सरकार : मनोज चंद्रवंशी

**पटना (एनएसबी)।** सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा की राजधानी का जिला पटना सहित पुरे जिलों में रसोई गैस की किल्लत से आमलोग परेशान है। 25 दिन पर गैस बुकिंग का शर्त भी फेल साबित हो रहा है । सरकार और इंडियन अइल द्वारा जारी गैस बुकिंग का मोबाइल नम्बर भी आमलोगों को नहीं लग रहा है। गैस एजेंसी आमलोगों को राहत देने के बजाय कालाबाजारी पर ज्यादा जोर दे रही है। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन आम जनता की जिम्मेवारी से पीछे नहीं हट सकती। एक तरफ रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी और उसपर रसोई गैस नहीं मिलना दोनों तरफ से आमजनता पर सरकार अत्याचार कर रही है। आमलोग ज्यादा कीमतों में रसोई गैस लेने पर मजबूर हो रहे है, लोगो के जीवन यापन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। पार्टी मांग करती है की रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाए, गैस बुकिंग की प्रक्रिया को सरल बनाये, मोबाइल नम्बर नहीं लगने की स्थिति में डीलर अपने उपभोक्ताओं को रसोई गैस बुकिंग को दर्ज कराये तथा बुकिंग दर्ज होने के दो दिन के अंदर उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की गारंटी की जाए।

# एसएसबी ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से दो खच्चरों पर लदे शराब सहित तस्कर को किया गिरफ्तार

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । 12 मार्च के प्रातः 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल , बीरपुर की सीमा चौकी कुनौली द्वारा नाका ड्यूटी के दौरान भारतनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के कोसी क्षेत्र, पलार वाले मार्ग से एक व्यक्ति को 108 लीटर नेपाली शराब तथा दो मादा खच्चरों के साथ गिरफ्तार किया गया।

जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी की सूचना मिली थी । पुष्टि के उपरांत सीमा चौकी कुनौली द्वारा तत्काल एक नाका दल का गठन कर चिन्हित स्थान पर तैनाती की गई।

नाका ड्यूटी के दौरान देखा गया कि एक व्यक्ति नेपाल की ओर से कोसी नदी के पलार वाले मार्ग से दो खच्चरों पर सामान लादकर भारतीय क्षेत्र की ओर आ रहा है। जैसे ही वह नाका दल के पास पहुंचा, उसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम लक्ष्मण मुखिया, निवासी ग्राम ढलवा, जिला सप्तरी (नेपाल) बताया।


एसएसबी के गिरफ्त में शराब तस्कर।

खच्चरों पर लदे सामान की तलाशी लेने पर उसमें से नेपाली शराब षदिलवालेष कुल 108 लीटर बरामद की गई। तत्पश्चात बरामद नेपाली शराब, दोनों खच्चरों तथा आरोपी व्यक्ति को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण की गई और आगे की कार्रवाई हेतु थाना कुनौली, जिला सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक नीरज सिंह, सहायक उपनिरीक्षक राजीव कुमार तथा अन्य बलकर्मी उपस्थित थे।

45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी, मादक पदार्थो की अवैध गतिविधियों एवं अन्य गैरकानूनी त्यों की रोकथाम हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# राघोपुर में भीषण अगलगी, सामान सहित दो घर जले

**राघोपुर / सिमराही (सुपौल) (एनएसबी)** । थाना क्षेत्र के हरिपुर पंचायत अंतर्गत हनुमाननगर वार्ड संख्या 6 में गुरुवार देर रात करीब 1 बजे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

अगलगी की इस घटना में दो घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जबकि घर में रखा फर्नीचर, अनाज, कपड़े सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से एक बकरी की जलकर मौत हो गई, वहीं एक मवेशी और एक अन्य बकरी झुलसकर घायल हो गया।

जानकारी अनुसार गृहस्वामी शिवशंकर मंडल के घर में देर रात अचानक आग लग गई। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते, आग तेजी से फैलते हुए विकराल रूप ले लिया । किसी तरह परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे, लेकिन घर में रखा लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित शिवशंकर मंडल ने बताया कि अब उनके परिवार के पास तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गया और बाल्टी तथा अन्य बर्तनों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की तत्परता और


जले हुए घर का जायजा लेते लोग।

सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास के कई अन्य घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे। स्थानीय जनप्रतिनिधि मो. जमील अनवर उर्फ टुन्ना ने बताया कि ग्रामीणों की सूझबूझ और सहयोग से बस्ती को बड़ी क्षति से बचा लिया गया, हालांकि शिवशंकर मंडल के दोनों घर पूरी तरह जलकर राख हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सतीशनगर में दंपति की बेरहमी से पिटाई



**पसराहा।** सतीशनगर गांव के वार्ड नंबर 02 में बुधवार की देर रात पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल मृत्युंजय कुमार ने बताया कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अनिकेत कुमार, भूपेश कुमार, बुलबुल सहनी, गुलाबचंद सहनी और चार अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें अकेला पाकर लोहे की रड तथा थ्री-नॉट-थ्री के बट से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। जब मृत्युंजय की पत्नी शोभा देवी उन्हें बचाने पहुंचीं, तो हमलावरों ने उन पर भी रहम नहीं किया और उनकी इतनी बेरहमी से पिटाई की कि उनकी जांघ की हड्डी टूट गई। मृत्युंजय कुमार का आरोप है कि अनिकेत कुमार ने घर में घुसकर जमकर तोड़-फोड़ की और बक्से में रखे लगभग 15,000 रुपये भी लूट लिए। वर्तमान में दोनों घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज खगड़िया के अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने पसराहा थाने में लिखित आवेदन देकर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### चौढ़ली में महिला के साथ मारपीट

**बेलदौर।** चौढ़ली पंचायत अंतर्गत मिन्नत नगर गांव निवासी जाहिद की 25 वर्षीया पत्नी खतिजा खातून ने बेलदौर थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन के अनुसार उसका छोटा लड़का दरवाजे पर खेल रहा था। इस दौरान पड़ोस के लड़के ने मारपीट कर दी। विरोध करने पर 60 वर्षीय इब्राहिम, 58 वर्षीय जेरुन खातून, 20 वर्षीय अरमान और 27 वर्षीय आमिर लाठी डंडे से मेरे साथ मारपीट कर घर में ताला लगा दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को, तैयारी अंतिम चरण में

**खगड़िया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है। उन्होने कहा कि लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायालय में लंबित बिजली विभाग से संबंधित अधिक से अधिक वादों के निष्पादन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में वैसे वादों को चिन्हित करें, जिसमें पक्षकार न्यायालय में फाइन जमा कर चुका है। बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु लगभग 8000 वाद, पूर्व वाद तथा लगभग 5000 न्यायालय में लंबित वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जा चुका है। साथ ही जिले की समस्त जनता से अपील की गयी है कि वे आपसी मतभेद और वैमनस्य भुला कर अपने विवादों का प्रेम और सौहार्द से लोक अदालत में सुलह के आधार पर त्वरित निपटारा कराएं तथा अपना कीमती समय और पैसे बचाएं।

### जन औषधि केंद्र खुलने से लोगों को मिल रही सस्ती दवा

**पसराहा।** महद्दीपुर हरिवंशराय नारायण उच्च विद्यालय के समीप प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुलने से लोगों को सस्ती दबा मिलने लगी है। औषधि केंद्र से लोगों को सामान्य बीमारियों से लेकर गंभीर रोगों तक की दवाइयां बाजार मूल्य से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। यह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली जेनेरिक दवाएं प्रमाणित होती हैं, जो उनकी प्रभावशीलता और सुरक्षा की गारंटी देती हैं। इससे लोगों में जेनेरिक दवाओं के प्रति विश्वास बढ़ेगा। हरिवंशराय नारायण उच्च विद्यालय के पास स्थित होने के कारण, यहां छात्रों, शिक्षकों और दूर-दराज से आने वाले अभिभावकों को भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता और दवाएं मिल सकेंगी। महद्दीपुर में इस केंद्र की स्थापना से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, बल्कि यह सस्ती दवा, अच्छी दवा के संकल्प को धरातल पर उतारेगा। यह केंद्र स्थानीय गरीब जनता के लिए दवाओं पर होने वाले अतिरिक्त वित्तीय बोझ को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा आज, तैयारी पूरी

**खगड़िया (एनएसबी)।** शहर से सटे संसारपुर मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाली जनसभा स्थल का मुआयना जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत, लोजपा रामविलास पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, रालोमो जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह तथा जदयू प्रदेश सचिव सुमित सिंह महतों ने संयुक्त रूप किया।

मौके पर नेताओं ने पत्रकारों को बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनसभा ऐतिहासिक होगी। उनका स्वागत भी ऐतिहासिक तरीके से किया जाएगा। खगड़िया में उनकी समृद्धि यात्रा बिल्कुल शांति, सौहार्द पूर्वक और सुखद होगी। साथ ही खगड़िया वासियों के लिए यह समृद्धि यात्रा दूरगामी जनोद्देश्य की पूर्ति हेतु मंगल यात्रा होगी।

मौके पर युवा जदयू जिला अध्यक्ष सावन कुमार बंटी, जिला महासचिव राजीव रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतेन्द्र यादव, भाजपा मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी मनीष कुमार राय, भाजपा नेत्री वन्दना कुमारी, नीतीश कुमार, जदयू नेता हर्षवर्द्धन कुशवाहा, राजवर्द्धन कुशवाहा, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सुजीत कुमार तथा भाजपा नेता अक्षय सूरी आदि मौजूद थे।

**संसारपुर मैदान में ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री की सभा : अनुराधा**



संसारपुर मैदान में जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी एनडीए के घटक दलों के नेताओं के साथ।

### जीविका दीदियों से भी सीएम करेंगे संवाद

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा को लेकर जीविका की तरफ से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जीविका की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जिसमें उनकी बनाई विभिन्न चीजें प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत रोजगार प्राप्त करने वाली कुछ दीदियों के भी स्टॉल यहां लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, जनसंवाद के लिए भी जीविका दीदियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें लगभग पांच हजार दीदियां उपस्थित होंगी। बताते चलें कि जीविका से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विशेष लगाव रहा है।

## सीएम आज खगड़िया में करेंगे कई योजनाओं का शिलान्यास

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान खगड़िया जिले में कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास और निरीक्षण करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री 43 करोड़ की 35 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे जबकि 261 करोड़ की लगत वाली 284 योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री खगड़िया शहर में नगर सुरक्षा तटबंध के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर फ्लड लाइट गेट के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से शहर की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जिले में बूढ़ी गंडक नदी पर खगड़िया और बख्तियारपुर बाइपास पथ के बीच निर्माणाधीन आरओबी का भी निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा राजेंद्र चौक से बखरी रेलवे क्रसिंग तक बनने वाले पथ निर्माण की भी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड में बागमती नदी पर निर्माणाधीन पुल कार्य की समीक्षा करेंगे। साथ ही मानसी प्रखंड के अगुवानी घाट से सुल्तानगंज घाट तक बनने वाले बाइपास पथ निर्माण की भी समीक्षा की जाएगी। सदर विधायक मंडल ने कहा कि इन परियोजनाओं से जिले में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।



विधायक बबलू मंडल।

**प्रगति यात्रा के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे मुख्मंत्री : बबलू मंडल**

## विकास कार्यों को लेकर गंभीर है नगर परिषद : ज्योतिश मिश्रा

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो को गति देने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा लगातार कार्यो का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, आरसीसी नालों, पीसीसी पथ एवं सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा निर्माण की प्रगति देखकर स्थानीय लोगों से सीधे संवाद करते हुए समस्याओं को सुना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नगर सभापति प्रतिनिधि की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा, प्रतिनिधि हो तो ऐसा, जो एक कल पर 10 मिनट में उपलब्ध हो जाता है। लोगों ने कहा कि वर्षो बाद ऐसा प्रतिनिधित्व देखने को मिल रहा है, जहां योजनाओं की निगरानी केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में सड़क, नाला, आरसीसी, पीसीसी, शौचालय निर्माण, जलनिकासी एवं अन्य विकास से जुड़ी सैकड़ों योजनाएं विभिन्न वार्डो में प्रगति पर हैं। निरीक्षण के दौरान ज्योतिष मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कहीं मानक के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद खगड़िया का लक्ष्य केवल विकास योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना है। नगर परिषद क्षेत्र में लगातार हो रहे निरीक्षण, जनसंवाद और त्वरित कार्रवाई की पहल को सक्रिय और जवाबदेह प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उन्होने कहा कि नगर परिषद विकास कार्यो को लेकर गंभीर है और प्रत्येक वार्ड में समान रूप से प्रगति सुनिश्चित करना चाहती है।

## सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा शुरू

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में गुरुवार से वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हो गयी। यह परीक्षा 19 मार्च तक दो पालियों में होगी। कक्षा 1 और कक्षा 2 के छात्र और छात्राओं का मौखिक मूल्यांकन किया जाएगा।

**19 मार्च तक दोनों पालियों में होगी परीक्षा, कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों की होगी मौखिक परीक्षा**

मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड के प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह कदाचार मुक्त और अनुशासित बनाने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है। उन्होने बताया कि यह वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा आयोजित की गयी है। शिक्षक सिद्धार्थ ने यह भी बताया कि कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर परबत्ता बीईओ प्रदीप कुमार ने पहले से ही सभी प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया था। वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान, शिक्षक रामविनोद साह, मंजरी कुमारी, हयात परवेज को लगाया गया है।

इधर, परबत्ता प्रतिनिधि के अनुसार, प्रखंड के 69 मध्य एवं 66 प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की शुरुआत हो गई है। परीक्षा को लेकर विद्यालयों में आवश्यक तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थीं। निर्धारित समय के अनुसार छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दे रहे हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा शुरू होने के साथ ही छात्रों में उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने भी बच्चों को समय पर विद्यालय भेजकर उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन करने के लिए आयोजित की जा रही है। कक्षा 1 से लेकर 8 तक लगभग 40 हजार छात्र-छात्रा नामांकित है।



## केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ सीपीआई का धरना

**बेलदौर (एनएसबी)।** गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट बिहार राज्य परिषद द्वारा राज्य व्यापी धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचल मंत्री सुरेश ने किया। मालूम हो कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा अनुमति नहीं देने के कारण पार्टी कार्यालय में सभा कि गई।

**मनरेगा योजना को पुनः बहाल करने समेत 15 सूत्री मांगो को लेकर किया प्रदर्शन**

**बोले-डबल इंजन सरकार में कोई सुरक्षित नहीं, महंगाई चरम पर**

मालूम हो कि 15 सूत्री मांगों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। बताते चलें कि बढ़ती महंगाई एवं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। मालूम हो कि मनरेगा योजना को समाप्त करने वाले बीभीजी राम जी कानून को रद्द करें नहीं तो जमकर आंदोलन होगी। उक्त मामले को लेकर दर्जनों वक्ताओं ने जमकर बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार के ऊपर बरसे, जबकि डबल इंजन के सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है, हर रोज महंगाई की मार झेल रहे हैं, घूसखोरी चरम सीमा पर है, खाद के किल्लत एवं कालाबाजारी पर रोक लगाना अनिवार्य है। वहीं किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुक्त किया जाए। जिससे किसान अपने खेतों मे सही रूप से उपजाऊ कर सके।मौके पर जिला मंत्री पुनीत मुखिया, पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रविंद्र यादव, खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष नारायण शाह, दिनेश शर्मा, अविनाश यादव, अंचल मंत्री योगेंद्र सिंह, अंचल परिषद सदस्य गणेश्वर सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।




15 सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते सीपीआई के नेता और कार्यकर्ता।

### दो को पटना में होगा हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

**पटना (एनएसबी)।** हिंदू सेवा ट्रस्ट, बिहार के तत्वाधान में दो अप्रैल को कंकड़बाग टेंपो स्टैंड चौराहे पर पंचम हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी हेतु आयोजन समिति की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष व मुख्य संस्थापक दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजन करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष आयोजन हेतु राजधानी पटना में विभिन्न इलाकों में विशेष कर मंदिरों में संपर्क किया जा रहा है जिसमें दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना करने का आग्रह किया जा रहा है। इस वर्ष देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी वहीं विभिन्न इलाकों से शोभायात्रा भी निकल जाएगी जो कंकड़बाग टेंपो स्टैंड जाकर समाप्त होगी। इस वर्ष विशेष रूप से सजावट हेतु कोलकाता के कलाकारों को लाइट एवं सजावट हेतु बुलाया गया है तथा दक्षिण पटना को इस वर्ष हनुमानमय करने का निर्णय लिया गया है।

## अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मियों की हड़ताल का काम काज पर बुरा असर



अंचल कार्यालय में पसरा सन्नाटा।

**बेलदौर (एनएसबी)।** अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण सन्नाटा पसरा हुआ है। बताते चलें कि बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे बिहार के राजस्व कर्मचारी बीते 4 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस वजह से अंचल कार्यालय सहित पंचायत में राजस्व का काम कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है।

मालूम हो कि कर्मचारी संघ ने 17 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है। राजस्व कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में ग्रेड पे में 19 सौ से 28 सौ तक की वृद्धि और अपने गृह जिले में पदस्थापना की मांग शामिल है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते न केवल अंचल कार्यालय बल्कि पंचायत में भी आम जनता का कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल की वजह से भूमि संबंधित कार्य नामांतरण, परिमार्जन, आधार सीडिंग, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, वंशावली, कृषि गणना का कार्य बाधित हो गया है। हड़ताल के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न कार्य रुकने से लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इस हड़ताल से केवल सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्यो की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों उचित है और सरकार को इन पर शीघ्र विचार करना चाहिए। राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने के कारण बीते 12 मार्च को बेलदौर अंचला अधिकारी अमित कुमार भी अपने संघ के आह्वान पर हड़ताल पर चले गए। जिस कारण अंचल कार्यालय परिसर सुना लग रहा है। बताते चलें कि छात्र-छात्राओं को भी जाति, आय और आवासीय बनाने में काफी चक्कर लगाना पड़ रहा है। हलांकि राज्य सरकार के निर्देश पर अंचलाधिकारी का प्रभार दूसरे अधिकारियों को दिया गया है।

**ग्रेड पे समेत 17 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं कर्मचारी**

### हड़ताल के कारण आमलोगों को हो रही है परेशानी

**चौथम (एनएसबी)।** राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के बाद अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी के भी हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में कामकाज ठप हो गया है। आमलोग कार्यालय आते हैं और अधिकारियों एवं कर्मियों के नही होने कारण पुनः लौट जाते हैं। बताते चले कि राजस्व कर्मचारी विगत एक माह से हड़ताल पर हैं, वही सीओ भी हड़ताल पर चले गये हैं। राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने से जहां किसी तरह पंचायत सचिव को राजस्व कर्मचारी का प्रभार देकर अंचल से संबंधित आम लोगों के जरूरी कामकाज का निपटारा किया जा रहा था, अब इसमें भी विगत दिनों से कामकाज पूर्ण रूप से बाधित है। हालांकि अंचल कार्यालय में पूछे जाने पर बताया गया कि अंचल का प्रभार तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है। बहरहाल अंचल कार्यालय से जाति,आय, आवासीय, पारिवारिक सूची आदि से ही संबंधित कामकाज आम लोगों को परेशानी का सामना करना पर रहा है।

## राज्य स्तरीय टीएलएम में अविनाश कुमार को गणित में चौथा स्थान

**खगड़िया (एनएसबी)।** पटना स्थित एससीईआरटी में आयोजित राज्य स्तरीय टीएलएम मेला में खगड़िया जिले के प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार ने गणित विषय में चौथा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अविनाश कुमार गोगरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जंयती ग्राम औता में प्रधान शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

अविनाश कुमार लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर गणित विषय में जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किया गया मौलिक टीचिंग लर्निंग मटेरियल संक्रिया सीढ़ी जजों को काफी प्रभावित करने में सफल रहा। इस नवाचारी टीएलएम की विशेषता यह है कि इसकी मदद से गणित की 20 से अधिक अवधारणाओं को सरल और रोचक तरीके से बच्चों को समझाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान इस टीएलएम की सराहना निर्णायकों के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर तथा एससीईआरटी के उप निदेशक संजय कुमार ने भी की और इसे नवाचारी शिक्षण का उत्‍ष्ट उदाहरण बताया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गोंड, डीपीओ शिवम् सिंह, डायट के प्राचार्य मनोज यादव, ले रर विक्रांत भास्कर तथा शिक्षक ब्रजेश कुमार सहित कई शिक्षकों ने अविनाश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**मध्य विद्यालय पीरनगरा में पदस्थापित हैं शिक्षक पुत्र अविनाश**

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष खगड़िया जिले से दो टीएलएम का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ और दोनों ही गोगरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जंयती ग्राम औता से थे। इनमें प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार और शिक्षिका मधु कुमारी का टीएलएम शामिल है। अविनाश कुमार ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता जवाहर यादव को दिया, जो स्वयं एक शिक्षक हैं और मध्य विद्यालय पीरनगरा में पदस्थापित हैं। उन्होंने कहा कि पिता से ही उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और बेहतर करने की प्रेरणा मिली है।

## बारात में हर्ष फायरिंग, युवक जख्मी



आरा में हर्ष फाइरिंग में जख्मी बाइक सवार धर्मेंद्र कुमार।।

**आरा में दरवाजा लगने के दौरान बुधवार की देर रात हुई वारदात, पुलिस जुटी जांच में**

**आरा (एनएसबी)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरौली गांव के समीप बुधवार की रात दरवाजा बारात लगने के दौरान हर्ष फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के दौरान वहां से गुजर रहे बाइक सवार युवक को गोली लग गई। जख्मी युवक को बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए आरा शहर के महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव वार्ड नंबर दो निवासी जीतन सिंह का 25 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उसके छोटे भाई को बुखार लगा था। जिसको लेकर वह अपने दोस्त के साथ बाइक द्वारा उसका दवा लाने के लिए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव गया था। दवा लेकर जब अब वापस अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में जैसे ही वह बरौली गांव के समीप पहुंचा, तो वहां पर बारात लग रहा था। उड़ी दौरान किसी के द्वारा हर्ष फायरिंग कर दी गई। इस दौरान उसे गोली लग गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं दूसरी तरफ जख्मी युवक ने अपने किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की दुश्मनी एवं विवाद की बातों से साफ इंकार किया है। साथ ही उसने बताया कि फायरिंग किसने की यह पता नहीं चल सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# राजस्व कार्यों में लाएं पारदर्शिता और तेजी, समय सीमा के भीतर निपटाएं दाखिल-खारिज के मामले : जिलाधिकारी

**लखीसराय (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में गुरुवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव एवं संबंधित कर्मियों को राजस्व प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाने के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना और भूमि संबंधी जटिलताओं को दूर करना था।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने दाखिल-खारिज, दखल कब्जा, म्यूटेशन, चौहद्दी, डीड नंबर और शांतिपूर्ण दखलकर्ता के कब्जे जैसे विषयों पर विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। साथ ही भूमि अभिलेखों में सुधार, खाता, खेसरा, रकबा और जमाबंदी संख्या से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि


बैठक करते डीएम ।

राजस्व मामले सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े होते हैं, इसलिए इनके निष्पादन में पूरी पारदर्शिता, तत्परता और जवाबदेही अनिवार्य है। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि दाखिल-खारिज और म्यूटेशन के मामलों का निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए और अभिलेखों के संधारण में किसी भी स्तर पर त्रुटि न रहे।जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि भूमि विवादों के समाधान में प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कर्मियों से अपेक्षा की कि वे नियमों और प्रावधानों की गहरी समझ रखें ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण में डिजिटल अभिलेखों के संधारण, लैंड रिकर्ड के अद्यतन और अनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में भी बारीकी से बताया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता नीरज कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता राहुल कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पम्मी रानी सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद एवं रुपए लेनदेन में हुई मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

### दोनों पक्ष की ओर से थाने में किया गया प्राथमिकी दर्ज

### एक पक्ष से तीन नामजद को पुलिस ने भेजा जेल

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** जमीन विवाद एवं रुपए लेनदेन को लेकर लकड़ी गोला रोड केशोपुर में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट मामले को लेकर पुलिस ने एक पक्ष की ओर से नामजद तीन अभियुक्त पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की बात कही है। मारपीट मामले को लेकर थाने में दोनों पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। जबकि एक पक्ष की ओर से गंभीर रूप से घायल सूरज कुमार एवं स्वीटी मंडल के आवेदन पर करवाई करते हुए सूरज पंडित सागर पंडित एवं फूलों देवी के खिलाफ दर्ज प्राथमिक की के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की बात थाना अध्यक्ष ने कही है। इधर जमीनी एवं रुपए लेनदेन के पूर्व के मामले को लेकर हुई मारपीट भले ही पुलिस की तुरत कार्रवाई के बाद मामला शांत हो गया पर यह मामला निश्चित रूप से एक बड़े विवाद की ओर इशारा कर रहा है। हालांकि विवाद बड़े नहीं इसको लेकर कई सामाजिक कार्यकर्ता पहल कर रहे हैं।


गिरफ्तार नामजद अभियुक्त।

## लखीसराय के जिला पदाधिकारी ने जल, स्वच्छता और गंगा समिति की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में बुधवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति तथा जिला गंगा समिति की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए डीएम ने अधिकारियों को कार्यो में तेजी लाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सात निश्चय-2 और सात निश्चय-3 के तहत चल रही योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पोर्ट्स क्लब निर्माण, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, पंचायत सरकार भवन, दाखिल-खारिज, धान अधिप्राप्ति और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की स्थिति को देखा। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, घर-घर कचरा संग्रहण, और सूखा एवं गीला कचरा पृथक्करण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता सुविधा शुल्क का संग्रहण सुढ़ किया जाए और ओडीएफ प्लस मडल को धरातल पर सफलतापूर्वक लागू किया जाए। जिला गंगा समिति की चर्चा करते हुए डीएम ने गंगा तटवर्ती क्षेत्रों में मोक्ष धाम के निर्माण के लिए स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आगामी 16 मार्च से 31 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले गंगा स्वच्छता पखवाड़ा और जल महोत्सव पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों में प्रगति लाने और सभी विभागों को समन्वय के साथ गंगा संरक्षण के लिए कार्य करने को कहा। बैठक का एक मुख्य हिस्सा नीलाम पत्रवाद की समीक्षा रहा। लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक गुरुवार को विशेष कोर्ट का आयोजन किया जाए ताकि पुराने मामलों का त्वरित निष्पादन हो सके। उन्होंने धारा-7 के तहत कार्रवाई, गिरफ्तारी वारंट और तामिल प्रतिवेदन की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सक्रियता बरतने का निर्देश दिया।इस उच्चस्तरीय बैठक में अपर समाहर्ता नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पम्मी रानी, स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।


समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम ।

## पैक्स अध्यक्षों व प्रबंधकों के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**लखीसराय (एनएसबी)।** गुरुवार को जिला संग्रहालय सभागार में जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के निर्देशन में पैक्स अध्यक्षों, पैक्स प्रबंधकों एवं व्यापार मंडल अध्यक्षों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी सुमन कुमारी एवं अन्य मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों को सहकारिता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन, लेखा संधारण, कंप्यूटरीकरण तथा किसानों को दी जाने वाली सेवाओं के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषयों पर विस्तार से जानकारी दी, ताकि सभी प्रतिभागी अपने क्षेत्रों में कार्यकुशलता बढ़ा सकें।

सत्र में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने पैक्स के व्यवसायिक विकास, प्रशासनिक उत्तरदायित्वों और उद्यमशीलता के विकास पर विशेष प्रकाश डाला।

साथ ही, पैक्सों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लेखा संधारण एवं अंकेक्षण की बारीकियों को समझाया गया।कार्यशाला में श्पैक्स कंप्यूटरीकरणश पर विशेष जोर दिया गया, जिससे कार्यो को डिजिटल प्लेटफर्म से जोड़कर आधुनिक बनाया जा सके। इसके अलावा, पैक्सों को डिपजिट मोबिलाइजेशन एजेंट के रूप में विकसित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुढ़ किया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान गोदाम निर्माण, फसल सहायता योजना, और मुख्यमंत्री हरित षि संयंत्र योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया और उन्हें सेवा भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के कई पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में पैक्स व व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते लोग।

### विवादित होर्डिंग लगाने के मामले में जमीन कारोबारी गिरफ्तार, लखीसराय प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**लखीसराय (एनएसबी)।** लखीसराय के मुख्य मार्ग पर मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध आपत्तिजनक बातें लिखा विवादित होर्डिंग लगाने के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आज दिनांक 12 मार्च 2026 को सूचना मिली थी कि लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर कवैया थाना और बाजार समिति के बीच एक विवादित होर्डिंग लगाया गया है। इस होर्डिंग में माननीय भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री, अपर समाहर्ता लखीसराय तथा अंचलाधिकारी के विरुद्ध अवांछित और अमर्यादित टिप्पणियां की गई थीं। मामले की जांच और मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क करने पर यह स्पष्ट हुआ कि उक्त होर्डिंग नया बाजार, कवैया रोड निवासी श्री रामोतार साह के पुत्र सरोज कुमार द्वारा लगाया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी सरोज कुमार ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने सुबह यह होर्डिंग लगाया था। आरोपी ने इसका कारण अंचल कार्यालय और अपर समाहर्ता न्यायालय में चल रहे एक भूमि विवाद के केस को बताया, जिसमें उसने अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आरोपी ने खुद को जमीन का कारोबारी बताते हुए कहा कि वह बिहार शरीफ, देवघर और अन्य जगहों पर जमीन का व्यापार करता है। प्रशासनिक जांच और मोबाइल कल विवरण से यह खुलासा हुआ है कि आरोपी राजनीतिक दुराग्रह से प्रभावित है और उसने जानबूझकर माननीय उपमुख्यमंत्री-सह-मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा सरकार और जिला प्रशासन की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। साथ ही यह भी पाया गया कि अपर समाहर्ता न्यायालय में विचाराधीन एक मामले में दबाव बनाने के लिए विपक्षियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया गया। इन तथ्यों के आधार पर सरोज कुमार, संबंधित प्रिंटिंग प्रेस और टेंट मालिक के विरुद्ध कवैया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सरोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और मामले के अन्य तथ्यों की गहराई से जांच की जा रही है।

### मॉडल स्टेशन पर महिला प्रतीक्षालय बना शोभा, प्रतीक्षालय रहता है हमेशा बंद, महिला प्रतीक्षालय बंद होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** यात्री सुविधा को लेकर रेलवे की ओर से स्टेशन हो या प्लेटफार्म या फिर ट्रेन में नई-नई सुविधा को बहाल किया जा रहा है। जिसका लाभ रेलयात्री को मिल रहा है। लेकिन मडल स्टेशन जमालपुर की बात करें तो यहां महिला यात्री अपने आप को सुरक्षित नहीं बता रही है। स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर महिला यात्रियों के लिए बने प्रतीक्षालय में बराबर बंद रहता है जिसके कारण महिला यात्रियों को प्लेटफार्म पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिला प्रतीक्षालय बंद होने से प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रही निशा सिंह, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, पूनम देवी आदि ने बताई की खाने को तो महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय बनाया गया पर यहां किसी प्रकार की सुविधा हम महिलाओं को नहीं मिल रही है। प्रतीक्षालय हमेशा बंद रहने के कारण हम लोगों को पुरुष प्रतीक्षालय या प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। यहां तक की शौच लगने पर पुरुष शौचालय का मजबूरी बस इस्तेमाल करना पढ़ रहा है। हम लोगों के द्वारा कई बार स्टेशन प्रबंधक के पास शिकायत किया गया इसके बावजूद इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि प्रतीक्षालय अगर बंद है तो उसको खुलवाने की दिशा में पहला किया जाएगा।


प्लेटफार्म एक पर बंद पर महिला प्रतीक्षालय।

## डीएम ने युवाओं को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपते हुए स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

### लखीसराय के संग्रहालय में विशेष शिविर का आयोजन

**लखीसराय (एनएसबी)।** उद्योग विभाग, बिहार, पटना के निर्देश पर गुरुवार को संग्रहालय, लखीसराय में ऋण स्वीकृति एवं वितरण हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी द्वारा की गई, जबकि इसका सफल आयोजन जिला उद्योग केंद्र, लखीसराय ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं के तहत लाभुकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत चयनित दर्जनों लाभुकों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र बांटे गए और कई मामलों में ऋण राशि का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर लाभुकों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी मिथलेश मिश्र ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की इन योजनाओं का प्राथमिक लक्ष्य युवाओं को नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन से ही जिले का आर्थिक विकास संभव है। उन्होंने युवाओं से पूरी निष्ठा के साथ अपने उद्यम को सफल बनाने का आह्वान किया ताकि वे अन्य लोगों को भी काम दे सकें। कार्यक्रम में जिला प्रशासन और उद्योग विभाग के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। इनमें जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री रुपेश कुमार झा, अग्रणी जिला प्रबंधक संजीत कुमार, और उद्योग विभाग, पटना से आए आशीष कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे। इनके अलावा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधक, विभागीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जिले के उद्यमी व लाभुक उपस्थित रहे।


चेक वितरण करते डीएम।

## खबरें : एक नजर में

### पूर्व फुटबॉलर छोटेलाल के निधन पर खेल प्रेमियों में शोक की लहर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर नयागांव के पूर्व फुटबलर शहर रेल कर्मी छोटेलाल (चोटी दा)का आकस्मिक निधन होने की खबर से जमालपुर ही नहीं जिले भर के खेल प्रेमियों में अशोक की लहर देखी जा रही है। मैकेनिकल रिग्रेशन क्लब के कोषाध्यक्ष शिवलाल रजक एवं खेल प्रवक्ता मोहम्मद आलम ने बताया कि पिछले 5 साल पूर्व कारखाना से सेवानिवृत होने के बाद जमालपुर ही नहीं जिले में फुटबल खेल को बढ़ावा देने में हमेशा से बढ़ चढ़कर योगदान देते थे। उनके आकस्मिक निधन से हम खेल प्रेमियों को बड़ा ही दुख पहुंचा है क्योंकि दिवंगत छोटेलाल यदुपति नाथ उर्फ उस्ताद जी के परम शिष्य थे। उस्ताद के गुजर जाने के बाद जमालपुर में यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट को सफल बनाने में भी उनकी भूमिका अहम होता था। स्वर्गीय छोटेलाल (चोटी दा) अपने समय के बेहतरीन डिफेंस पोजीशन के खिलाड़ी थे। एसएम मोइनुल हक कप बिहार राज्य फुटबल प्रतियोगिता में भी खेलने का गौरव प्राप्त किया था। अपने बेहतरीन खेल के आधार पर स्पोर्ट्स कोटा से जमालपुर रेल कारखाना में योगदान किया था। दिवंगत फुटबलर को श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में एमएलसी लालमोहन गुप्ता, अशोक सिंह चौहान, उमेश सिंह, अजय कुमार, मनोज कुमार, राजकुमार चौधरी, जैनुल आबदीन, लटोरी मंडल, सुधीर विद्यार्थी,पवन सिंह, ष्णानंद, मोहम्मद सलाम,संजय कुमार सिंह,सुदीप कुमार गुप्ता, प्रवीण शंकर सिंह, मिथुन कुमार, मृत्युंजय,रामगोपाल शर्मा, अमरजीत, अशोक सहित शामिल थे।


फाइल फोटो दिवंगत पूर्व फुटबालर छोटेलाल।

### आंध्र प्रदेश से श्री सत्य सांई बाबा का रथ पहुंच जमालपुर

#### दौलतपुर जमालपुर के धर्म प्रेमियों ने महा आरती कर रथ का किया स्वागत

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** श्री सत्य साइ बाबा के 100 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष पर देश में एकता प्रेम और आध्यात्मिक चिंतन को बढ़ावा देने को लेकर आंध्र प्रदेश स्थित बाबा के आश्रम से निकल गई शोभा रथ यात्रा गुरुवार को दौलतपुर जमालपुर पहुंची। दौलतपुर चौक पर रथ पहुंचते ही धर्म प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखा गया। रंग-बिरंगे परिधानों से सज कर महिला पुरुष बच्चे श्री सत्य साइन बाबा के जयकारे लगाए। वही धर्म प्रेमियों की ओर से रथ का स्वागत महा आरती के साथ किया गया। आंध्र प्रदेश से चलकर भारत भ्रमण पर निकले श्री सत्य साइन बाबा के रथ के बारे में संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि श्री सत्य साइन प्रेम प्रवाहिनी रथ 24 अप्रैल 2025 को आंध्र प्रदेश आश्रम से निकल गई थी जो भारत भ्रमण करते हुए मुंगेर होते हुए जमालपुर दौलतपुर पहुंचा। उन्होंने यह भी बताया कि यह रथ देश के 600 से अधिक जिला का भ्रमण करते हुए जमालपुर पहुंची है इसलिए महा आरती का आयोजन रथ का स्वागत किया जा रहा है। महा आरती एवं स्वागत होने के बाद यह रथ घोरघाट होते हुए भागलपुर जिले के लिए रवाना होगी। रथ के साथ साइ बाबा का भव्य तस्वीर एवं उनके साथ चलने वाले भक्तगण भजन कीर्तन प्रवचन के माध्यम से जनमानस के बीच शांति प्रेम का संदेश दे रहे हैं। मौके पर सुबोध गुप्ता, संजय कुमार उपाध्याय,संदीप वर्मा,अशोक कुमार रजक,शीला रजक,प्रीति कुमारी,गौतम कुमार,राजेश कुमार सहित दर्जनों धर्म प्रेमी मौजूद थे।


श्री सत्य साई बाबा के रथ समीप खड़े भक्तगण।

### मुबारकचक मुंगेर के आकर्षक गोल से 11 स्टार जमालपुर टूर्नामेंट से हुए बाहर, सेमी फाइनल मैच में 1 - 0 से पराजित हुआ 11 स्टार जमालपुर


विजेता टीम के साथ खड़े अतिथि।


खिलाड़ी एवं रेफरी।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** युगल रंजीत मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट दूसरे सेमीफाइनल मैच में इलेवन स्टार जमालपुर बनाम इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर के बीच फुल्का मैदान में खेला गया। खेले गए रोमांचक मैच में इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर ने इलेवन स्टार जमालपुर को 1 - 0 से पराजित फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमी फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले इलेवन स्टार जमालपुर के गोल कीपर ष्णा का चयन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जेआरएस कलेज के प्राचार्य देवराज सुमन एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया। मैच में निर्णायक मंडली के रूप में रामरक्षा यादव, शिवब्रत गौतम, अजय कुमार और देवब्रत राणा मौजूद थे।कमेटी के द्वारा बताया गया कि फाइनल मैच 14 तारीख को फाइनल रोमांचक मैच आशीर्वाद क्लब शीतलपुर बनाम मुबारकचक के बीच 3रू30 खेला जाएगा। गणमान्य व्यक्तियों में मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार विनय कुमार, प्रताप कुमार,कन्हैया तांती, प्रवीण शंकर सिंह ,संजय कुमार , शंभू सिंह, सुमित राज आदि मौजूद थे।

### शराब के साथ धंधेबाज और पियक्कड़ गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब तस्कर और पियक्कड़ अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी क्रम में मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा 11 मार्च 2026 को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई और कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान रजौना मुसहरी क्षेत्र से कारू मांझी को 10 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, किउल थाना क्षेत्र के विच्छवे से अमित कुमार को 6.750 लीटर विदेशी शराब और 4 लीटर बीयर के साथ दबोचा गया। ये दोनों शराब बेचने का धंधा कर रहे थे। इसके अलावा, पुलिस ने शराब पीने के आरोप में अलग-अलग स्थानों से सात अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। चानन थाना क्षेत्र के वसुआचक से निशांत कुमार और राजेश कुमार को पीने के आरोप में पकड़ा गया। वहीं, बड़हिया उत्पाद थाना के समीप से विनोद कुमार, जयजय राम कुमार, नायक कुमार, मनोज मांझी और राकेश राम को शराब का सेवन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में लखीसराय के स्थानीय निवासियों के अलावा पटना, शेखपुरा और बेगुसराय जिले के लोग भी शामिल हैं। पुलिस सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मद्यनिषेध कानून के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।


शराब के साथ धंधेबाज और पियक्कड़ गिरफ्तार।

## संक्षिप्त खबरें

### हैदराबाद (तेलंगाना) से आए दत्तक अभिभावकों को सौंपी गई आवासित बालिका, प्री-एडप्शन फोस्टर केयर के अंतर्गत हैदराबाद से आए संभावित दत्तक अभिभावकों को दिया गया

**आरा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित बालिका को प्री-एडप्शन फोस्टर केयर के अंतर्गत हैदराबाद (तेलंगाना) से आए संभावित दत्तक अभिभावकों को दिया गया। यह प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक



हैदराबाद (तेलंगाना) से आए दत्तक अभिभावकों को सौंपी गई आवासित बालिका।

ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण की गई। अवसर पर जिलाधिकारी ने दत्तक अभिभावकों से बालिका की समुचित देखभाल, संरक्षण एवं पालन-पोषण करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को बालिका के कल्याण एवं समग्र विकास की नियमित फलो-अप एवं निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जो भी अभिभावक दत्तक ग्रहण करना चाहते हैं, वे केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट बंतूबक़हवअ़पद के माध्यम से आवेदन एवं पंजीकरण कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी, कर्डिनेटर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान उपस्थित थे।

### भोजपुरी मुखिया सघ ने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन हेतु प्रखंडों में किया दौरा

**आरा (एनएसबी)।** जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा आगामी 16 मार्च को मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय जी का भोजपुर दौरा को सफल बनाने के लिए भोजपुर जिला अध्यक्ष मुखिया संघ के अध्यक्ष में आज प्रखण्ड गड़हनी, सहार और संदेश प्रखंडों में दौरा किया। जिसमें जिला अध्यक्ष ने तीनों प्रखंडों में चर्चा के दौरान परिसीमन शस्त्र लाइसेंस, मनरेगा एवं अन्य कई विषयों पर चर्चा किए साथ ही 16/03/2026 को बैठक को सफल बनाने के लिए सभी को शामिल होने का आहान किया और सभी प्रखंडों में अंगवस्त्र और माला से सम्मानित किया गया। बैठकों में शामिल सहार प्रखण्ड से प्रखण्ड अध्यक्ष रामसुभक सिंह, महेंद्र प्रसाद मुखिया पेराप, विजय सिंह मुखिया प्रतिनिधी आनारी, आशा देवी मुखिया वरुई, बाला जी मुखिया प्रतिनिधि धनछुआ, नागेंद्र सिंह मुखिया एकबरी, शामिल हुए। और संदेश प्रखण्ड से प्रखंड से प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, आफताब शहाबादी मुखिया प्रतिनिधि संदेश, धर्मेंद्र साह मुखिया डिहरा, मितरंजन कुमार मुखिया प्रतिनिधि रामसाढ़, प्रदीप कुमार मुखिया प्रतिनिधि आहपुरा, भरत सिंह मुखिया खण्डोल शामिल हुए। गड़हनी प्रखण्ड से प्रखण्ड अध्यक्ष चंदेश्वर सिंह, सुनील कुमार मुखिया बालीगांव, महेंद्र प्रसाद सिंह मुखिया प्रतिनिधी कुरकुरी, हरिद्वार सिंह मुखिया प्रतिनिधि ईचरी, कमोद कुमार मुखिया प्रतिनिधि बगवा, संजय चौधरी मुखिया प्रतिनिधि बड़ौरा, मनीषा देवी मुखिया काऊएवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### परीक्षा से पहले ही वर्ग 6 के विज्ञान का प्रश्न पत्र वायरल

**पीरो(एनएसबी)।** राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद द्वारा सरकारी विद्यालयों में आयोजित की जा रही वर्ग 1-8 वीं की वार्षिक परीक्षा 2026 के पहले दिन ही बड़ी गडबड़ी सामने आई है। परिषद द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को पहले दिन प्रथम पाली में वर्ग 3 से 8 वीं तक के छात्र-छात्राओं की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होनी थी। इसके लिए प्रधानाध्यापक द्वारा ईशिक्षा कोष पोर्टल से विद्यालय लॉगिन से प्रश्न पत्र डाउनलोड किया जाना था। तय समय पर जब ईशिक्षा कोष पोर्टल से प्रश्न पत्र डाउनलोड किया गया तो वर्ग 6 के लिए सामाजिक विज्ञान की जगह विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र डाउनलोड हो गया। इससे असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 मार्च को निर्धारित है, लेकिन इसके पहले ही विज्ञान का प्रश्न पत्र वायरल हो गया। इधर काफी मशक्कत के बाद लगभग आधा घंटा विलंब से वर्ग 6 का सामाजिक विज्ञान का प्रश्न पत्र डाउनलोड हो सका। तब जाकर वर्ग 6 की परीक्षा शुरु हो पाई। पहले दिन दूसरी पाली में वर्ग 1 व 2 की भाषा की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई।

### बीडी कालेज में एड्स जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन

**बिहिया (एनएसबी)।** बिन्देश्वरीदुबे महाविद्यालय बिहिया कटेया में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एसएस) के तत्वावधान में एड्स जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता प्राचार्य डा रामजी चौधरी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी डा अंजनी सिह ने कहा कि एचआईवी वायरस से सक्रमित रोग एड्स के बारे में विस्तार से बताई। छात्रा हा कुमारी, प्रिया कुमारी एवं प्रियंका कुमारी की मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो उपेन्द्र जी त्रिपाठी प्रो मुकेश कुमार प्रसाद प्रो जितेंद्र कुमार तिवारी डा शिवानन्द पाठक डा बबीता पाण्डेय प्रो राकेश कुमार तिवारी डा सुरेंद्र सिंह, डा सुनीता कुमारी प्रो रेणु कुमारी प्रो विश्वनाथ प्रसाद प्रो राजकुमार पाण्डेय प्रो सतेन्द्र नारायण सिंह राजेश राय संजय सिंह सतीश सानू नर्वेश्वर उपाध्याय राजर्वधन ओझा रामजी राय, डा अंजनी सिंह, आदि थे। प्रो अरविन्द कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# डीएम के निर्देश पर गैस एजेंसियों की सघन जांच, कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई

**दैनिक नव संदेश ब्यूरो**

**आरा।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग तथा गैस सिलेंडर की प्राप्ति को लेकर लाभुकों को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही कुछ स्थानों पर रसोई गैस की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में भ्रामक प्रचार-प्रसार किए जाने तथा कालाबाजारी की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने मामले की जांच कराने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले में एलपीजी गैस की बिक्री एवं वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य वसूली अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए गैस एजेंसियों की जांच हेतु प्रखंडवार पदाधिकारियों की



जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

प्रतिनियुक्ति की गई है।

सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 12 मार्च 2026 से अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में संबंधित गैस एजेंसियों की संयुक्त रूप से सघन जांच करेंगे तथा वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा है कि यदि किसी गैस वितरक अथवा व्यक्ति द्वारा एलपीजी गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, जमाखोरी या अनियमित बिक्री करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट 1955 की धारा 3, 6 ए एवं 7 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही संबंधित पदाधिकारी जांच के बाद की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। इसके अतिरिक्त सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्र में गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है।

## डीसीएलआर सदर ने कई एजेंसियों का किया निरीक्षण कालाबाजारी और अधिक मूल्य वसूली पर चेतावनी

**कोईलवर (एनएसबी)।** एलपीजी गैस की बिक्री व वितरण में कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य वसूली तथा अन्य अनियमितताओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जांच अभियान तेज कर दिया है।

जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर गुरुवार को कोईलवर में डीसीएलआर सदर आरा आयुष अनंत ने गैस एजेंसियों की औचक जांच की। इस दौरान जानकी इंडेन गैस एजेंसी सहित क्षेत्र की कई एजेंसियों का निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया।

जांच के दौरान डीसीएलआर ने गैस सिलेंडर के स्टक रजिस्टर, उपभोक्ता रजिस्टर, वितरण प्रणाली और गोदाम की स्थिति की बारीकी से पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह भी देखा कि गैस सिलेंडर का वितरण



जिला प्रशासन ने जांच अभियान तेज कर दिया।

### डीएम के निर्देश पर गैस एजेंसियों की जांच, अनियमितता पर सख्ती के संकेत

पारदर्शी तरीके से हो रहा है या नहीं तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति मिल रही है या नहीं। डीसीएलआर ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर आपूर्ति विभाग के कर्मियों ने भी गैस सिलेंडरों के भंडारण, सुरक्षा मानकों और रिकर्ड का मिलान किया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे उपभोक्ताओं को सही दर पर गैस उपलब्ध हो सकेगी।

## सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर फायरिंग व पत्थरबाजी मामले में दो आरोपित गिरतार

**आरा (एनएसबी)।** मुफसिल थाना पुलिस द्वारा सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर फायरिंग व पत्थरबाजी मामले में दो आरोपितों को गिरतार किया गया। उनकी गिरतारी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के महतवनिया एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव से हुई। गिरतार आरोपितों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के महतवनिया गांव निवासी राजेश यादव का पुत्र नीरज कुमार एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी हरेंद्र राय का पुत्र विकास कुमार शामिल है। बता दें कि बीते वर्ष 21 दिसंबर की मध्य रात्रि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा हाल्ट एवं चालिसवापुल के बीच सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन का ब्रेक डाउन कर दिया गया था। ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ पुलिस ने जब टर्च जला कर देखा तो वहां मौजूद अज्ञात लोगों द्वारा ट्रेन पर पत्थरबाजी व फायरिंग की गई थी। तब पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा भी बरामद किया था। इस मामले में आरपीएफ जवान संजीव कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर 10-12 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### बेटी के ससुराल से घर लौट रहे बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर घटी घटना

**आरा (एनएसबी)।** आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर मोपेड एवं बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जबकि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार मृतक धनगाई थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी स्व लाल मोहर सिंह के 56 वर्ष से पुत्र हीरालाल सिंह है। वह पेशे से किसान थे।

जबकि जख्मी बाइक सवार में पीरो थाना क्षेत्र के बसावन टोला गांव निवासी हंसलाल राम का 18 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार एवं संतोष बैठा 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार शामिल है। इधर, मृतक के छोटे दामाद नीतीश कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम वह मोपेड द्वारा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देव टोला गांव अपनी बड़ी बेटी तेतरी देवी के ससुराल घूमने आए थे। तब हाईवे एंबुलेंस 1033 द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। जहां हीरालाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं जख्मी दूसरे बाइक सवार मोनू कुमार एवं अमित कुमार का सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

## आर्थिक हल, युवाओं को बल कार्यक्रम आयोजित

**चरपोखरी (एनएसबी)।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका प्लस 2 विद्यालय चरपोखरी के कला प्रेक्षागृह में, विकसित बिहार के 7 निश्चय "आर्थिक हल, युवाओं को बल" कार्यक्रम आयोजित हुआ। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई।

प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने योजनान्तर्गत अच्छादित पाठ्यक्रमों की सूची के साथ साथ सभी योजनाओं के बारे में जानकारियां दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडब्ल्यूओ राजीव कुमार ने मुख्यमंत्री सात निश्चय व स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के बारे जानकारी दी।



चरपोखरी प्रोजेक्ट बालिका प्लस 2 विद्यालय चरपोखरी के कला प्रेक्षागृह में विकसित बिहार के 7 निश्चय "आर्थिक हल, युवाओं को बल" कार्यक्रम आयोजित हुआ।

वहीं गृह विज्ञान शिक्षिका पिंकी कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका अर्पिता यादव व अंग्रेजी शिक्षिका रविनंदनी ने बारी-बारी से अपने वैचारिक व जवाब से छात्राओं को संबोधित किया। छात्राओं के कौशल प्रशिक्षण व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां भी दी।

शिक्षिका रिंकी कुमारी, शिक्षिका सुश्री अंशिका कुमारी, शिक्षिका रेणु कुमारी, हिन्दी शिक्षिका इन्दू कुमारी ने भी अपने विचारों को रखा। वहीं संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार, रिंकल कुमारी, प्रीति कुमारी ने भी छात्राओं को संबोधित कर जीवन सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया।

संचालन चित्रकार कला शिक्षक रौशन राय ने किया। मौके पर अनामिका कुमारी, साक्षी राज, निशा कुमारी, रौशनी खातून, मुस्कान कुमारी, किरण कुमारी, पुनम कुमारी, काजल कुमारी, सुरूचि कुमारी, आयूषी राज, सुमन कुमारी, रोजी खातून, अनुष्का कुमारी, रौशनी कुमारी, काजल कुमारी आदि थे।

# एमबीआरआरवीपीडी सिंह कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** एमबीआरआरवीपीडी सिंह कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूया वूमेन एम्पावरमेंट क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय समाज और इतिहास के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था।

इसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. कनकलता कुमारी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें ओपन जि प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस और रोल प्ले प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल थीं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों प्रो संजय कुमार, प्रो रागिनी कुमारी, प्रो नेयाज हुसैन, प्रो विकास चन्द्र, डा मंजू कुमारी व डा विभा वर्मा अपने विचार व्यक्त करते हुए



एमबीआरआरवीपीडी सिंह कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। फैंसी ड्रेस और रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय इतिहास की महान महिलाओं के रूप में प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गणित विभाग की कृति कोमल ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान राजनीति विज्ञान विभाग की हर्षिता सिंह को मिला, जबकि तृतीय स्थान वनस्पति विज्ञान विभाग की साक्षी ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का संचालन डा द्वीपिका शेखर सिंह ने किया, जबकि डा अरुण राय और डा रविकांत रंजन ने स्कोरकीपर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम ए ने प्राप्त किया, जिसमें साक्षी तिवारी, श्वेता पांडेय तथा नेहा गिरी शामिल थीं। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूया वूमेन एम्पावरमेंट क्लब की अध्यक्ष डा प्रज्ञा राय, सचिव डा द्वीपिका शेखर सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डा अंकिता ओझा के संयुक्त प्रयासों से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा शुचि स्नेहा द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डा प्रज्ञा राय ने किया।

## खबरें : एक नजर में

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं बाल मेला का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** महिला कला केन्द्र, आरा के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह एवं बाल मेला का आयोजन बड़े ही उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना तथा बच्चों की रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए, जो मुख्य रूप से दलित एवं महादलित समुदाय से जुड़े थे। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित सह संस्थान की सचिव श्रीमती अनिता गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट आर्ट एंड कल्चर अफिसर अनुप्रिया, आरा नगर निगम की मेयर श्रीमती इंदु देवी,जीविका के तरफ से आई सोशल डेवलपमेंट हर्षिता कुमारी, संस्थान की कोषाध्यक्ष श्रीमती गीता देवी एवं संस्थान की अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान की



महिला कला केन्द्र, आरा के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह एवं बाल मेला का आयोजन।

सचिव श्रीमती अनिता गुप्ता ने उपस्थित सभी अतिथियों, महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए विस्तार से बताया कि भोजपुर महिला कला केन्द्र वर्ष 1993 से समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गो, विशेषकर दलित एवं महादलित समुदाय की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। प्रदर्शनी में महिलाओं ने अपने हाथों से बनाए हुए विभिन्न प्रकार की चूड़ियाँ, सुजनी से बने उत्पाद, भोजपुरी पेंटिंग एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी का प्रदर्शन किया। विशेष बात यह रही कि जिन महिलाओं ने इन उत्पादों का निर्माण किया था, उन्हीं महिलाओं ने स्वयं प्रदर्शनी लगाकर अपने उत्पादों के बारे में लोगों को जानकारी दी। वहीं आरा नगर निगम की मेयर श्रीमती इंदु देवी ने भी अपने संबोधन में भोजपुर महिला कला केन्द्र द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की और कहा कि संस्था लंबे समय से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। डिस्ट्रिक्ट आर्ट एंड कल्चर ऑफिसर अनुप्रिया जी ने अपने संबोधन में कहा कि भोजपुर महिला कला केन्द्र द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने का एक उत्कृष्ट मंच है।

### तृतीय स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**आरा (एनएसबी)।** महाराज कालेज के खेल मैदान पर आयोजित तृतीय स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन महाराज कालेज की प्राचार्या डा कनक लता कुमारी, दिवंगत रमेश के पिता अशोक कुमार गोप, बडे भाई शत्रुघ,मनोज पांडेय पूर्व अध्यक्ष भोजपुर जिला क्रिकेट संघ, विनित कुमार राय सचिव भोजपुर जिला क्रिकेट संघ, अरुण कुमार राय, डा रवि कांत, डा विजेंद्र कुमार, शैलेंद्र शाही, यशवंत सिंह पी टी आई, महाराज कालेज ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। महाराज कालेज



तृतीय स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में अतिथि।

की प्राचार्या डा कनक लता कुमारी संग सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने दिवंगत रमेश को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखने के बाद उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित करें श्रद्धांजलि अर्पित किया। रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बिहिया क्रिकेट अकादमी बनाम आरा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। बिहिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर के मैच में 177 रन बनाए। बिहिया क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टिपू और हिद्यानंद ने 20-20 रन बनाए। विक्ट ने 53 रनों कि सनदार परी खेला, सत्यम ने 17 और आशिष ने नाबाद 22 रनों का योगदान दिया। आरा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुमन और आर्यन ने तीन तीन विकेट चटकाए वहीं रौशन को दो विकेट प्राप्त हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरा क्रिकेट अकादमी मात्र 94 रनों पर सिमट गई। आरा क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आर्यन ने 18 रन, स्वराज ने 17 रन, आकाश ने 13 रन, तेजस्वी ने 12 रनों का योगदान दिया। इस प्रकार बिहिया क्रिकेट अकादमी ने 84 रनों से इस मैच को जीतकर कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर अशिष कुमार,रवि कुमार, संजय कुमार, अजित कुमार, आशिष रौशन, सोनू, चन्दन, अमन, आयुष, पंकज, रोचक, प्रिंश, प्रत्युष अभय, आकाश आदि उपस्थित थे।

### वालीबॉल कोर्ट का डीईओ ने किया उद्घाटन

**बिहिया (एनएसबी)।** बिहिया स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार को आईसीआईसीआई बैंक फोडेशन की ओर वालीबॉल कोर्ट बनाने जाने के बाद डीईओ मानवेंद्र कुमार, प्राचार्य प्रभाष कुमार राय, आईसीआईसीआई के अधिकारी सुनील कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार की ओर से संयुक्त उद्धघाटन किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने डीईओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि आगे और संस्थाओं को ऐसा ही कार्य करना चाहिए ताकि सार्वजनिक लोगों को फायदा मिले। मौके पर डीईओ मानवेंद्र कुमार, प्राचार्य प्रभाष



वालीबाल कोर्ट का डीईओ ने किया उद्घाटन

कुमार राय, आईसीआईसीआई के अधिकारी सुनील कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार, शिक्षक तसनीम अली,अजय प्रसाद, हेमलता, छात्र पवन कुमार, प्रिया कुमारी, सपना कुमारी, अंजली कुमारी, सुशांत कुमार, अनिल कुमार और मनीष कुमार सहित कई थे।

### ईद की नमाज के समय भारी वाहनों का परिचालन रहेगा ठप

**पीरो (एनएसबी)।** ईद के दिन नमाज के वक्त पीरो में आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर भारी वाहनों का परिचालन एक घंटे के लिए ठप्प रहेगा। इस आशय का निर्णय गुरुवार को पीरो अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित शांति समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में तय हुआ कि नमाज में कोई व्यवधान उत्पन्न नही हो, इसलिए उक्त अवधि में छोटे वाहनों का परिचालन गांधी चौक के रास्ते पुराने स्टेशन रोड से किया जाए। सभी मस्जिदों के आसपास ईद से पहले नगर परिषद व ग्राम पंचायत की स्वच्छता टीम साफ-सफाई सुनिश्चित करेगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को निदेश दिया गया कि नमाज के समय भीड़ भाड वाले मस्जिदों के पास मेडिकल टीम तैनात करें। शांति व विधि व्यवस्था को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने तथा ईद से पहले स्थानीय शांति समिति की बैठक कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पीरो, चरपोखरी व तरारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, स्वच्छता अभियान के पदाधिकारी के अलावे मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुशवाहा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, अयूब आलम सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पांच लीटर अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरतार

**आरा(एनएसबी)।** पुलिस द्वारा अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरतार किया गया। उसकी गिरतारी थाना क्षेत्र के पुराना पोस्ट अफिस पकड़ी के पास से की। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पांच लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। गिरतार आरोपी नवादा थाना क्षेत्र के पुराना पोस्ट अफिस पकड़ी निवासी स्व इंडिया प्रसाद का पुत्र संजय प्रसाद है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पुराना पोस्ट अफिस पकड़ी के पास एक व्यक्ति द्वारा छिपाकर अंग्रेजी शराब रखा गया है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरतार कर लिया। इसके पश्चात नवादा थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।